Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश


## पिछले कुछ सप्ताह किसी सपन से कम नहीं थे : सूर्यकुमार यादव

## अरूणाचल के करीब विशाल बांध बना रहा चीन भाजपा विधायक बोले, कोई भरोसा नहीं


मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, उत्तराषाढ़ा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • रविवार • 21 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 221 • पृष्ठ 12


### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73,970 | ₹91,500 |



### आज का इतिहास

- 1883 : कोलकाता में भारत के पहले सार्वजनिक थियेटर 'हॉल स्टार थियेटर' की शुरुआत हुई।
- 1947 : भारत की संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज को मंजूरी दी।

### न्यूज बाइट्स

#### हर बूथ पर हिंदुओं के 40-50 वोट काटे गए : गिरिराज सिंह

पटना (नि.सं.)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा चुनाव में वोट जिहाद का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में साजिश कर हर बूथ प हिंदुओं के 40 से 50 वोट काटे गए, जबकि मुस्लिम बाहुल्य बूथों पर मुसलमानों की संख्या दोगुनी हो गई। गिरिराज ने इसके पीछे टुकड़े-टुकड़े गैं की साजिश बताते हुए चुनाव आयोग से पिछले तीन लोकसभा चुनावों के वोटर लिस्ट की जांच की मांग भी कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार के साथ ही पश्चिम बंगाल, झारखंड और यूपी में साजिश की गई।

#### विवि से महिलाओं के निःशुल्क नामांकन की क्षतिपूर्ति रिपोर्ट मांगी

पटना (नि.सं.)। शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा महिलाओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा में नामांकन के समय किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेने के कारण हुई आर्थिक क्षति के विरुद्ध मांगी गयी प्रतिपूर्ति राशि की रिपोर्ट मांगी है। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 और 2023-24 में प्रतिपूर्ति मांगी गयी राशि को चाटर्ड एकाउंटेंट से सत्यापित कराकर रिपोर्ट देने को कहा है। विभाग की उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. रेखा कुमारी ने इसको लेकर सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों और वित्त पदाधिकारियों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि उक्त रिपोर्ट कुलसचिव और वित्त पदाधिकारी के हस्ताक्षर के साथ भेजना है। वहीं, विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों से 31 मार्च 2024 तक उनके पीएल खाते में अवशेष राशि की विवरणी भी मांगी है।

#### जम्मू-कश्मीर में कांपी धरती, भूकंप के तेज झटके

जम्मू-कश्मीर (ए.)। जम्मू-कश्मीर में शनिवार को धरती कांपी है। किश्तवाड़ में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप आज शाम करीब साढ़े पांच बजे आया। रिक्टर स्केल पर 3.5 तीव्रता मापी गई है। भूकंप के झटके के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। लोगों में हड़कंप मच गया।

#### अनुसूचित जाति की सूची में तांती को डालना असंवैधानिक

पटना (नि.सं.)। राष्ट्रीय अतिपिछड़ा संघर्ष मोर्चा जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान में शनिवार को सम्मेलन का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि अतिपिछड़ा समाज के साथ जुल्म, अत्याचार और हकमारी हो रही है। इनके हक-अधिकार को लगातार छीना जा रहा है।

### यूनेस्को की 46वीं विश्व धरोहर समिति सत्र की मेजबानी के लिए नई दिल्ली तैयार

# आज विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री

- भारत पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी कर रहा है
- इस बैठक में 150 से अधिक देशों के 2000 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे



एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सायं 7 बजे विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। इस उद्घाटन समारोह में यूनेस्को की महानिदेशक सुश्री ऑड्रे अज़ोले भी भाग लेंगी। भारत पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेज़बानी कर रहा है। यह बैठक 21 से 31 जुलाई, 2024 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित की जाएगी। विश्व धरोहर समिति की बैठक साल में एक बार होती है और यह विश्व धरोहर से संबंधित सभी मामलों के प्रबंधन और विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने वाले स्थलों पर निर्णय लेने के लिए उत्तरदायी होती है। इस बैठक में विश्व धरोहर सूची में नए स्थलों को नामांकित करने के प्रस्तावों, विद्यमान 124 विश्व धरोहर संपत्तियों की संरक्षण रिपोर्ट की स्थिति, अंतर्राष्ट्रीय सहायता और विश्व धरोहर निधियों के उपयोग आदि पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में 150 से अधिक देशों के 2000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। विश्व धरोहर समिति की बैठक के साथ-साथ विश्व धरोहर युवा पेशेवरों का मंच और विश्व धरोहर स्थल प्रबंधकों का मंच भी आयोजित किया जा रहा है।

#### विश्व धरोहर समिति के मुख्य कार्य

समिति उन दो संस्थानों में से एक है जिसे विश्व सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण से संबंधित 1972 कन्वेंशन के कार्यान्वयन का काम सौंपा गया है। यह उन देशों के विरासत स्थलों के प्रस्तावों की जांच करता है जिन्हें विश्व विरासत सूची में शामिल किया जाना है। यह यूनेस्को के सलाहकार निकायों और सचिवालय द्वारा किए गए विश्लेषणों के आधार पर यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में पहले से ही शामिल स्थलों के संरक्षण की स्थिति का भी आकलन करता है।

#### भारत में प्राकृतिक विश्व विरासत स्थलों से लेंगी प्रेरणा

विश्व हिंदू कांग्रेस सत्र से पहले, सरकार ने हाल ही में भारत की सांस्कृतिक विरासत और देश के यूनेस्को विरासत स्थलों पर आधारित कार्यों के साथ एक सार्वजनिक कला परियोजना शुरू की है। अधिकारियों ने कहा कि बैठक के अनुरूप, कुछ कलाकृतियां और मूर्तियां बिम्बेटका जैसे विश्व विरासत स्थलों और भारत में प्राकृतिक विश्व विरासत स्थलों से प्रेरणा लेंगी।

इसके अतिरिक्त, भारत मंडपम में भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। रिटर्न ऑफ ट्रेजर्स प्रदर्शनी देश में वापस लाई गई कुछ कलाकृतियों को प्रदर्शित करेगी। अब तक 350 से अधिक कलाकृतियां वापस लाई जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, भारत के 3 विश्व धरोहर स्थलों- रानी की वाव, पाटन, गुजरात; कैलासा मंदिर, एलोरा गुफाएं, महाराष्ट्र; और होयसला मंदिर, हलेबिड, कर्नाटक के लिए नवीनतम एआर और वीआर तकनीकों का उपयोग करके एक भावपूर्ण अनुभव प्रदान किया जाएगा। साथ ही, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सदियों पुरानी सभ्यता, भौगोलिक विविधता, पर्यटन स्थलों के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आधुनिक विकास को रेखांकित करने के लिए एक 'अतुल्य भारत' प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए पंजीकरण शुल्क माफ : जेपी नड्डा

एजेंसी | नई दिल्ली



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए पंजीकरण शुल्क माफ करने का निर्देश दिया। नड्डा ने यहां एफएसएसएआई के 1,000 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एफएसएसएआई को स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए 100 रुपए का पंजीकरण शुल्क माफ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विक्रेताओं को प्रोत्साहित करने और अधिक से अधिक पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए, एफएसएसएआई स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए 100 रुपए का पंजीकरण शुल्क माफ करेगा।

इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद थीं। नड्डा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा और प्रमाणन प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी विक्रेताओं को 'स्ट्रीट सेफ' रैपिड टेस्टिंग किट प्रदान की जानी चाहिए। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण हर व्यक्ति को सशक्त बनाना है। सशक्तिकरण का मतलब है अप्रशिक्षित व्यक्तियों को अच्छे तरीके से प्रशिक्षित करना, उसे कुशल बनाना। जब हम प्रशिक्षित होते हैं, तो हम अपने व्यवसाय को बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ा सकते हैं और इसका लाभ मिलता है। इससे सभी स्ट्रीट फूड वेंडर को प्रमाण पत्र मिलेगा और वह प्रमाणन उनकी दुकान के लिए एक प्रभावी प्रमाण पत्र भी बन जाएगा। उन्होंने कहा कि देश भर में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को अपने खाने को सुरक्षित और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा और प्रमाणन प्रशिक्षण लेना चाहिए और उन्हें अभिनव 'स्ट्रीट सेफ' रैपिड टेस्टिंग किट प्रदान की जानी चाहिए।

स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि स्ट्रीट फूड हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। स्ट्रीट फूड सिर्फ कोई भोजन नहीं बल्कि भारतीय लोगों के लिए एक परंपरा है। फिर चाहे लखनऊ की बास्केट चाट हो या वाराणसी में कुल्हड़ चाय, स्ट्रीट फूड भारतीय शहरों की पहचान से जुड़ा है। ऐसे में स्ट्रीट फूड बनाने और परोसने में स्वच्छता और साफ-सफाई के मानकों को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही, स्ट्रीट फूड का नियमित परीक्षण सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है, ताकि भारत में एक सुरक्षित और स्वच्छ स्ट्रीट फूड पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए एक समर्पित पोर्टल उन्हें खाद्य सुरक्षा पर सफलता की कहानियां साझा करने और संसाधनों तक पहुंचने की अनुमति देगा। एफएसएसएआई अगले एक साल में एक लाख स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षित करेगा।

### बिहार के 40 हजार निजी स्कूलों के बंद होने का खतरा

# शिक्षा विभाग का 15 अगस्त तक का अल्टीमेटम

निज संवाददाता | पटना

बिहार के लगभग 40 हजार निजी स्कूलों के बंद होने का खतरा मंडरा गया है। शिक्षा विभाग ने राज्य सरकार की अनुमति के बिना संचालित हो रहे निजी स्कूलों को चेतावनी देते हुए 15 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है। अगर स्वतंत्रता दिवस तक संचालकों ने अपने स्कूलों की राज्य सरकार से मंजूरी नहीं ली तो उन्हें बंद करवा दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने ऐसे स्कूलों को आखिरी मौका दिया है। बता दें कि राज्य में सिर्फ 12 हजार निजी स्कूल ही राज्य सरकार से मान्यता लेकर संचालित किए जा रहे हैं।

प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने शनिवार को पटना स्थित अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार में बगैर सरकार से मंजूरी लिए चल रहे सभी निजी विद्यालय बंद होंगे। निजी स्कूलों को हर हाल में राज्य सरकार से प्रस्वीकृति लेनी ही होगी। इसके लिए उन्हें 15 अगस्त का समय दिया गया है। इसके बाद उन्हें कोई मौका नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों को मंजूरी लेने के साथ ही शिक्षा के अधिकार कानून के तहत कमजोर एवं अलाभकारी समूह के बच्चों का अपने यहां नामांकन भी कराना होगा। दरअसल, मंजूरी के बाद इस समय 12 हजार निजी विद्यालय ही बिहार सरकार के संज्ञान में हैं। वहीं, 40 हजार से अधिक ऐसे विद्यालय पूरे राज्य में संचालित हो रहे हैं, जिन्होंने सरकार से मंजूरी नहीं ली है। ऐसे में इन विद्यालयों में कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सरकार ने सारे निजी विद्यालयों को चेतावनी दी है।

# श्रावणी मेले को लेकर बिहार सरकार की तैयारियां पूरी

### श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाई गई है, प्लास्टिक पर बैन : पर्यटन मंत्री

निज संवाददाता | पटना

सोमवार से प्रसिद्ध श्रावणी मेले की शुरुआत हो रही है। बिहार सरकार की ओर से मेले को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। मेले को टोबैको फ्री घोषित किया गया है। प्लास्टिक पर भी बैन रहेगा। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया है कि सुल्तानगंज से बाबा नगरी देवघर तक श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाई गई है। पर्यटन विभाग की ओर से 1200 लोगों के लिए ठहरने की सुविधा दी गई है। सुल्तानगंज में पहली बार 200 लोगों के रुकने के लिए व्यवस्था की गई है। इसके लिए टेंट सिटी बनाए गए हैं। इसके अलावा अबरखा में 600 और धुबई में 200 लोगों के लिए विश्राम करने की व्यवस्था दी गई है। टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है। इस पर फोन कर जानकारी जुटाई और दी जा सकती है। मोबाइल एप के सहारे भी जानकारी ले सकते हैं। सुल्तानगंज से जल उठाने वाले श्रद्धालुओं की गिनती की जाएगी। जिसके लिए इंट्रेस पर दो कैमरे लगाए जाएंगे। बिहार के एक्जिट प्वाइंट पर भी कैमरे की मदद से भक्तों की गिनती होगी। पिछले साल सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर 75 लाख श्रद्धालु देवघर गए थे। सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी।



#### 200 नए कांवरिया स्टैंड का निर्माण

मंत्री नीतीश मिश्रा ने आगे कहा कि जिला स्तर पर डीएम ने तैयारी की है। विभाग से एक टीम को कांवड़िया पथ पर असल समस्याओं को जानने के लिए भेजा गया था। टीम ने बताया था कि कांवड़ रखने का स्पेश छोटा है, जिसे ठीक करा दिया गया है। 200 नए कांवरिया स्टैंड का निर्माण कराया गया है।

# आवासीय विद्यालयों में एनसीसी स्काउट और एनएसएस अनिवार्य



निज संवाददाता | पटना

सभी आवासीय विद्यालय में एनसीसी, स्काउट एंड गाइड और एनएसएस को अनिवार्य कर दिया गया है। इसकी सूचना कला, संस्कृति और युवा विभाग ने शिक्षा विभाग को 18 जुलाई को पत्र जारी कर दी है।

आवासीय विद्यालयों में नवोदय विद्यालय के साथ सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सैनिक स्कूल और कस्तूरबा विद्यालय शामिल है। इन सभी विद्यालयों में इसी सत्र से इन्हें लागू कर दिया जाएगा। बता दें कि अब तक इन स्कूलों में इसकी वैकल्पिक व्यवस्था थी। लेकिन अब अनिवार्य कर दिया गया है। हाल में इसको लेकर कला, संस्कृति और युवा विभाग ने समीक्षा बैठक की थी।

#### इसी सत्र से होगा पंजीयन

सभी आवासीय विद्यालयों को इसी सत्र से पंजीयन करवाना होगा। इसके लिए एनसीसी, स्काउट एंड गाइड और एनएसएस के पास पंजीयन करवाना होगा। इसके बाद सभी स्कूलों में इसके प्रतिनिधि जाकर छात्रों को प्रशिक्षित करेंगे। कक्षा एक से ही स्काउट एंड गाइड का रजिस्ट्रेशन तो एनसीसी के लिए छठी से शुरू होगा।

# जमीन के अदान-प्रदान के लिए रेलवे और पथ निर्माण में समझौता अगले माह

निज संवाददाता | पटना

पथ निर्माण विभाग और रेलवे के बीच जमीनों के आदान-प्रदान के लिए अगले माह मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) होगा। वहीं पथ निर्माण विभाग ने राशि की मंजूरी देते हुए रेलवे को पत्र भेज दिया है। राज्य सरकार द्वारा हार्डिंग पार्क की जमीन पर सब अर्बन स्टेशन बनाने के लिए रेलवे को जमीन दिया जाएगा। वहीं रेलवे द्वारा बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण और जेपी गंगा पथ स्थित पटना घाट से पटना साहिब स्टेशन को जोड़ने के लिए पथ निर्माण विभाग को जमीन दी जानी है। इसके लिए बिहार सरकार ने 12 जुलाई को कैबिनेट से मंजूरी दे दी है। जिसका पत्र पथ निर्माण विभाग द्वारा रेलवे को भेज दिया गया है। रेलवे बोर्ड से मंजूरी मिलते ही राज्य सरकार और रेलवे के बीच एमओयू होगा। रेलवे और राज्य सरकार के बीच मूल्यांकन के आधार पर जमीन का आदान-प्रदान होना है। रेलवे को हार्डिंग पार्क का 4.8009 एकड़ जमीन दिया जाएगा। वहीं पथ निर्माण विभाग को बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण के लिए रेलवे संरचनाओं सहित दानापुर रेलवे स्टेशन के समीप 14.383 एकड़ और पटना घाट से पटना साहिब स्टेशन को फोरलेन सड़क से जोड़ने के लिए 18.5495 एकड़ जमीन मिलना है। रेलवे की जमीन का मूल्यांकन के आधार पर परस्पर आदान-प्रदान करने को लेकर 98 करोड़ 24 लाख 13 हजार रुपये के अनुमानित व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति बिहार कैबिनेट से मिली है। यह राशि राज्य सरकार द्वारा रेलवे को दी जानी है। एमओयू होते ही पहले चरण में तीन-चार माह के दौरान लिंक रोड़ से पटना घाट और अशोक राजपथ को जोड़ दिया जाएगा। इसके बाद पटना सिटी के लोग आसानी से जेपी गंगा पथ पर आवागमन कर सकेंगे। हालांकि नक्शा के आधार पर फोरलेन से पटना घाट से माल सलामी होते हुए पटना साहिब स्टेशन और एनएच-30 को जोड़ने में लगभग 10 माह का समय लगेगा। इसके लिए एक पुल का निर्माण होना है। इन सभी के निर्माण के लिए बीएसआरडीसीएल द्वारा संवेदक का

इसी कारण रेलवे से जमीन हस्तांतरित होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। हार्डिंग पार्क की जमीन पर रेलवे द्वारा सब अर्बन स्टेशन का निर्माण किया जाना है। जिसके बन जाने के बाद यहीं से डीडीयू और गया के बीच चलने वाली पैसेंजर व मेमू ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

### नीट पेपर लीक : 'मास्टरमाइंड' को दबोचा, दो सॉल्वर भी अरेस्ट

नई दिल्ली (ए.)। सीबीआई ने पटना पीट यूजी पेपर लीक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक मास्टरमाइंड आरोपियों में शामिल है। बाकी दो भरतपुर मेडिकल कॉलेज के दो छात्र बताए जाते हैं। इन मेडिकल छात्रों की पहचान कुमार मंगलम बिश्नोई और दीपेंद्र कुमार के रूप में हुई है। आरोप है कि ये सॉल्वर की भूमिका निभा रहे थे। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, टेक्निकल सर्विलॉन्स में परीक्षा के दिन आरोपियों के हजारीबाग में मौजूद होने की पुष्टि हुई है। गिरफ्तार तीसरा शख्स शशि कुमार पासवान कथित तौर पर मास्टरमाइंड आरोपियों में से एक है। सूत्रों का कहना है कि शशि कुमार पासवान सरगना को हर तरह की मदद मुहैया करा रहा था।

# नीट यूजी-2024 परीक्षा परिणाम केंद्र और शहर स्तर पर ऑनलाइन हुआ घोषित

एजेंसी | नयी दिल्ली



उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी-2024 की परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थियों के परिणाम शहर और परीक्षा केंद्र स्तर पर शनिवार को अपनी बेवसाइट पर जारी कर दिये। स्नातक स्तर के मेडिकल और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2024 की परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थियों के परिणाम शहर और परीक्षा केंद्र स्तर पर विद्यार्थियों की पहचान उजागर किए बिना बेवसाइट पर डाल (अपलोड) दिये गये हैं।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बड़े पैमाने पर कथित कदाचार और अन्य अनियमितताओं के कारण नीट-यूजी 2024 रद्द कर दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग और अन्य याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की घंटों दलीलें सुनने के बाद 18 जुलाई को यह निर्देश दिया था।

नीट यूजी परीक्षा दोबारा आयोजित कराने की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से सभी परिणाम परीक्षा शहर और परीक्षा केंद्र के आधार पर अलग-अलग घोषित करने की गुहार लगाई गई थी।

पीठ ने तब कहा था कि वह इस मामले में अगली सुनवाई सोमवार को जारी रखेगी। उस दिन केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और पटना पुलिस द्वारा इस मामले में दर्ज आपराधिक मुकदमों से संबंधित जांच की प्रगति और अन्य पहलुओं पर गौर करेगी और इस मामले को भोजनावकाश से पहले निपटने की कोशिश की जाएगी। माना जा रहा है कि 24 जुलाई से नीट यूजी परीक्षा से संबंधित काउंसलिंग शुरू होने से पहले शीर्ष अदालत कोई बड़ा फैसला सुना सकती है।

### सोलर के क्षेत्र में बिहार में असीम संभावनाएं

# बिहार में रोजाना 16 हजार मेगावाट गैर परंपरागत बिजली का हो सकता है उत्पादन

निज संवाददाता | पटना



बिहार में गैर परम्परागत बिजली का भरपूर उत्पादन हो सकता है। खासकर सोलर के क्षेत्र में बिहार में असीम संभावनाएं हैं। केंद्र सरकार की ओर से किए गए हालिया सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार बिहार में प्रतिदिन 16 हजार मेगावाट गैर परम्परागत बिजली का उत्पादन हो सकता है। अभी राज्य में हर रोज औसतन सात हजार मेगावाट बिजली की खपत हो रही है।

रिपोर्ट के अनुसार बिहार में सबसे अधिक सोलर बिजली के उत्पादन की संभावना है। केंद्र सरकार ने बिहार में 11 हजार 200 मेगावाट सोलर बिजली का उत्पादन बिहार में होने की संभावना जताई है। वहीं देश के अन्य राज्यों मसलन राजस्थान की तर्ज पर बिहार में पवन ऊर्जा का भी उत्पादन हो सकता है। राज्य में 3650 मेगावाट पवन ऊर्जा का उत्पादन हो सकता है। राज्य में नदी-नहर की भरमार है। बड़ी जलविद्युत परियोजना को छोड़ भी दें तो छोटी-छोटी इकाई लगाकर पनबिजली उत्पादित की जा सकती है। छोटी इकाइयों से 527 मेगावाट पनबिजली का उत्पादन हो सकता है। बिहार में बायोमास की भी संभावना है और इससे 619 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो सकता है। सहायक इकाइयों से बिहार में 300 मेगावाट बिजली उत्पादित की जा सकती है। जबकि वेस्ट (बेकार) पदार्थ से राज्य में 73 मेगावाट बिजली उत्पादित हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार देश भर में 14 लाख 90 हजार मेगावाट से अधिक गैर परम्परागत बिजली का उत्पादन हो सकता है। इसमें सबसे अधिक गुजरात में गैर परम्परागत बिजली उत्पादन होने की गुंजाईश है। आकलन के अनुसार गुजरात में एक लाख 80 हजार मेगावाट बिजली उत्पादित हो सकती है जो कुल उत्पादन का 12 फीसदी है। जबकि महाराष्ट्र में एक लाख 66 हजार मेगावाट तो कर्नाटक में एक लाख 54 हजार मेगावाट गैर परम्परागत बिजली का उत्पादन हो सकता है।

#### बिहार में गैर परम्परागत बिजली पर चल रहा है काम

राज्य सरकार भी गैर परम्परागत बिजली को बढ़ावा दे रही है। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत अब तक 35 सौ से अधिक सरकारी भवनों पर सोलर पावर प्लांट लगाए जा चुके हैं। आगामी दो वर्षों में नौ हजार सरकारी भवनों में सोलर प्लेट लगाने की योजना की मंजूरी दी गई है। प्राथमिक विद्यालय से लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। इसके अलावा चौर क्षेत्रों, जलाशयों व नहरों व नदियों के किनारे भी सोलर प्लांट लगाने की योजना बनाई गई है। लखीसराय के कजरा में 1810 करोड़ की लागत से 185 मेगावाट की इकाई लगाई जा रही है। बीते दिनों बिजली कंपनी ने एजेंसी के साथ करार किया है।

# अनाथ बच्चों की चिंता होगी दूर, सरकार की परवरिश योजना बनेगी सहारा



निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार के द्वारा अनाथ बच्चों की सहायता के लिए परवरिश योजना लाई है। इस योजना असहाय बच्चों के जीवन यापन के लिए काफी मददगार होगी। योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा सहायता अनुदान एक हजार रुपये प्रति माह देने का प्रविधान है। इस योजना को साकार करने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा अनाथ बच्चों की खोज कर सरकार के द्वारा जारी निर्देश के अनुरूप योजनाओं के लाभ के लिए अनाथ बच्चों को मदद करने की जरूरत है। उक्त जानकारी बीडीओ राकेश कुमार ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल में पेंट करने के दौरान मजदूर को लगा करंट, मौत

**बोधगया।** बोधगया थाना क्षेत्र के सुजाता बाइपास के पास स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पेंट करने के दौरान एक मजदूर बिजली के तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। बाद में उसकी मौत हो गई। करंट लगते ही विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मजदूर की पहचान सहदेव खाप के रहने वाले 40 वर्षीय राजेश साव के रूप में की गई है। इस संबंध में विकास साव ने बताया कि राजेश बोधगया स्थित लक्षद्वीप वर्ल्ड स्कूल में शुक्रवार को पेंटिंग का काम करने गया था। पेंटिंग के कार्य करने के दौरान राजेश बिजली के करंट की चपेट में आ गया और वो मुर्क्षित होकर गिर गया। परिजनों को जब राजेश की करंट लगने की खबर मिली तो परिजन स्कूल पहुच कर आनन फानन में उसे मगध मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने इस संबंध में मगध मेडिकल पुलिस से संपर्क किया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में बोधगया थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह से बात करने पर उनके द्वारा घटना की जानकारी नहीं होने की बात कही गई।

### मकरौता के लोगों को मिलेगी निर्बाध बिजली

**करायपरसुराय।** बिजली की कटौती से परेशान मकरौता के ग्रामीणों ने गुरुवार की शाम को विद्युत उपकेंद्र मकरौता के कार्यालय में बिजली कर्मियों को बाहर कर कार्यालय में ताला जड़ दिया था और जमकर नारे लगाए गए थे। ये लोग गांव में 16 से 18 घंटा बिजली आपूर्ति की मांग कर रहे थे। रात 3 बजे बिजली विभाग के एसडीओ, विभाग के जेई संदीप कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से बात की। जेई संदीप कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इसके पहले गांव का सर्वे किया जायेगा कि गांव में कितने ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। जितने भी ट्रांसफार्मर लगे हैं सभी का कनेक्शन चेक किया जायेगा। इसके बाद उपकेंद्र मकरौता कार्यालय से जोड़ दिया जायेगा। जितना देर कार्यालय में बिजली रहेगी उतनी गांव वालों को बिजली आपूर्ति की जायेगी। बता दें कि पिछले वर्ष भी ग्रामीणों ने हंगामा किया गया था। जिसमें बिजली विभाग के एसडीओ ने दो-तीन माह में मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया था। किन 7 - 8 महीना बीतने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा मांगों को पूरा नहीं किया गया।

### आधी रात को मोबारकपुर में खंधे से सबमर्सिबल चोरी

**हरनौत।** थाना क्षेत्र के मोबारकपुर में चमरुचक खंधा से अज्ञात चोरों ने सबमर्सिबल की चोरी कर ली। घटना गुरुवार रात की है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। गांव के रंजीत कुमार ने बताया कि उन्होंने खेत पटवन के लिए सबमर्सिबल लगवाकर रखा था। क्योंकि कम गहराई वाली बोरिंग अक्सर फेल हो जाती थी। शुक्रवार की सुबह खंधे में जाने पर सबमर्सिबल पाइप सहित गायब था। घटनास्थल से लोहा काटने वाली टूटी आरी मिली है। गांव के किसान त्रिवेणी कुमार व अन्य ने बताया कि वर्षों से यहां चोरी की घटनाएं अंजाम दी जा रही हैं। चोर डीजल ईंजन, मोटरपंप, ट्रैक्टर की बैटरी के साथ ट्रैक्टर का डाला तक ले भागे हैं। घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी जाती रही है। पर अब तक कार्रवाई शुन्य है। इससे चोरों का हौसला बढ़ गया है।

### बहादूरपुर गांव में आदेश के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण

**हरनौत।** हरनौत सरथा पंचायत के बहादूरपुर गांव में जलजमाव की समस्या बनी हुई है। निकास के अभाव में यहां के गली-मोहल्लों व संपर्क पथों पर बारहो महीने गंदा पानी जमा रहता है। जल जमाव की वजह से यहां रहने व आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। समाजसेवी सह शिक्षाविद सुरेश सिंह, राहुल कुमार, अमलेश, मोहित, शिवदानी, नीतीश, गुड़िया, रीना, कौशल्या, उषा ने बताया कि वर्षों से गांव की बड़ी आबादी जलजमाव की समस्या से जूझ रही है। जनप्रतिनिधि कहते हैं कि अतिक्रमण है। कैसे काम होगा ! पर जब अतिक्रमण किया जा रहा था। उस वक्त जानकारी के बाद भी कोई इसकी सुध लेने नहीं पहुंचे। मुखिया निर्मला देवी ने बताया कि गैरमजरूआ जमीन पर अतिक्रमण मामले को लेकर शिकायत की गई थी। फिर भी प्रशासन का बुलडोजर नहीं चला।

### जिला जज ने किया बाल सुधार गृह का निरीक्षण



**गया।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक ने शुक्रवार को बाल सुधार गृह सीडबल्यूसी का औचक निरीक्षण किया । मौके पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशीष कुमार अग्निहोत्री वरीय उप समाहर्ता टोनी कुमारी, सिविल सर्जन, एडिशनल डायरेक्टर, बाल सुरक्षा इकाई के डीएसपी साक्षी राय भी मौजूद थीं। निरीक्षण के दौरान वहां के बच्चों का रहन-सहन, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी सभी तरह के व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा उचित दिशा निर्देश दिए। बाल सुधार गृह में बच्चों के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग कराने की व्यवस्था के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। बच्चों के पुनर्वास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाने तथा चिकित्सा और शिक्षकों की उचित व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए जिससे बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें ना आने पाए । उनके सर्वांगीण विकास के लिए किसी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े ।

### बीडीओ अंजन दत्ता को दी विदाई, मनीष को पदभार



**बिहारशरीफ।** पदोन्नति के बाद प्रखंड मुख्यालय के बीडीओ अंजन दत्ता का जिले से तबादला हो गया है। नए प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में मनीष कुमार ने पदभार संभाला। शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि निवर्तमान पदाधिकारीं कर्तव्यनिष्ठा की लंबी लकीर खींच जिले से विदा हो रहे हैं। विदाई वेला में श्री दत्ता ने बताया कि नालंदा उनकी कर्मभूमि रही है। यहां से बहुत कुछ सीखने को मिला। यहां मिला सम्मान उम्मीद से ज्यादा है।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय में बाल संसद का गठन

**नीमचक।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय, खिजरसराय में शुक्रवार को प्रधानाध्यापक परमाणु कुमार के नेतृत्व में बाल संसद का गठन किया गया। मत विभाजन के आधार पर गठित बाल संसद में छात्राओं ने बाजी मारी। चुनाव प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे शिक्षक सुधांशु रजक और रंजन कुमार की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया। चुनाव परिणाम के अनुसार गठित बाल संसद में प्रधानमंत्री के रूप में नवम वर्ग की चाहत कुमारी एवं उप प्रधान मंत्री के रूप में नवम वर्ग के देवराज कुमार चुने गए।

# विधायक के भाई समेत 14 अपराधियों पर इनाम घोषित, लंबे समय से फरार चल रहे

निज संवाददाता। गया



♦ गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापेमारी की तेज

गया के 14 कुख्यातों के सिर पर 50-50 हजार रुपए के इनाम की घोषणा सरकार ने की है। 14 में अतरी के विधायक रंजीत यादव के छोटे भाई विवेक यादव उर्फ विवेकानंद यादव भी शामिल है। सभी 14 कुख्यातों के विरुद्ध एसएसपी आशीष भारती की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने 50-50 हजार रुपए के इनाम घोषित किया है। 14 अपराधियों की खोजबीन में तेजी आ गई है।

**इनके अपराधियों पर इनाम की घोषणा:** शुक्रवार की देर रात एसएसपी ने बताया कि सरकार ने नीमचक बथानी थाने के माधो बिगहा गांव निवासी विवेक यादव उर्फ विवेकानंद यादव, बथानी थाना क्षेत्र के गणपत नगर गांव के रहने वाले रघु चौहान व उनके भाई गुड्डु चौहान, बथानी थाना क्षेत्र के तेलारी गांव की रहने वाली खुशबू कुमारी, विष्णुपद थाना क्षेत्र के रहने वाले ब्रजेश पासवान, परैया थाना क्षेत्र के कमलदह गांव के रहने वाले बिजली पासवान, टिकारी थाना क्षेत्र के कुसापी गांव के रहने वाले गुड्डू उर्फ पंकज पासवान, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ननौक गांव निवासी मुकेश कुमार सिंह, भदवर थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी चंदन कुमार महतो, रोशनगंज थाना क्षेत्र के गजराडीह गांव निवासी भोलू ठाकुर उर्फ रंजीत ठाकुर, चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव निवासी अजय पासवान उर्फ बहरा, परैया थाना क्षेत्र के पहरा गांव निवासी नीरज उर्फ सत्येंद्र दास, इमामगंज थाना क्षेत्र के बहेरा गांव निवासी सोनू कुमार और चतरा जिले के सूरही गांव निवासी उत्तम कुमार यादव के विरुद्ध 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

**अक्सर क्षेत्र में देखे जाने की सूचना:** बथानी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया है कि फरार कुख्यातों की सूची में शामिल बथानी थाने के माधोबिगहा गांव के रहने वाले विवेक यादव के बड़े भाई अतरी विधायक रंजीत यादव हैं। वह लम्बे समय से फरार चल रहा है। फरार विवेक यादव की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि वह अक्सर क्षेत्र में ही देखा जाता रहा है।

# गया में घर के सामने से बाइक चोरी, CCTV में कैद चोर

निज संवाददाता। गया



गया में विष्णुपद थाना क्षेत्र के गोदावरी के सामने से बाइक चोरों ने गाड़ी चुरा ली। बाइक चोरी कर ले जा रहे चोरों की हरकत पड़ोस के मकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बाइक के मालिक मुकेश शर्मा का कहना है कि उन्होंने यामहा एसजेड घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह उठा तो घर के बाहर निकला तो देखा कि बाइक जहां खड़ी की थी। वहां नहीं है। काफी छानबीन की लेकिन कहीं कुछ भी पता नहीं चल सका। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, पर कहीं से कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद वार्ड के काउंसलर विनोद यादव से सम्पर्क कर सीसीटीवी देखने का आग्रह किया। उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी में दो युवक बाइक को धक्का देकर ले जाते हुए नजर आ रहे हैं। चोरों ने बाइक को गली में स्टार्ट नहीं किया। ताकि लोगों तक बाइक की आवाज नहीं पहुंच सके। इससे स्पष्ट हो गया कि हमारी बाइक को बाइक चोरों ने चुरा लिया है। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना की लिखित शिकायत विष्णुपद थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि बीते साल ही उन्होंने बड़े शौक से बाइक खरीदी थी। उसे भी चोर चुरा ले गए। इससे हमें आर्थिक रूप से बड़ा नुकसान पहुंचा है।

# बिहार शरीफ में सात दिवसीय लंगोट मेला कल से शुरू

निज संवाददाता। नालंदा



♦ बाबा की समाधि पर लंगोट चढ़ाकर मन्नतें मांगी जाती, प्रसाद का भी किया जाता वितरण

बिहार के प्रसिद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन 'लंगोट मेला' की तैयारियां हो रही है। सात दिवसीय मेला, जो बाबा मणिराम की समाधि पर आयोजित होता है, इस वर्ष 21 जुलाई से शुरू होगा और 28 जुलाई को समाप्त होगा। बिहार शरीफ के दक्षिण-पूर्वी कोने में स्थित बाबा मणिराम का अखाड़ा, हर वर्ष आषाढ़ गुरु पूर्णिमा से लेकर सात दिनों तक लाखों श्रद्धालुओं का केंद्र बन जाता है। इस अवसर पर भक्त बाबा की समाधि पर लंगोट चढ़ाकर अपनी मन्नतें मांगते हैं। मेले में आध्यात्मिकता के साथ-साथ मनोरंजन का भी पूरा इंतजाम है। विभिन्न प्रकार के झूले, श्रृंगार की दुकानें और स्थानीय व्यंजनों की दुकानें मेले की रौनक बढ़ाती है। विशेष रूप से, नारायणी भोजन की परंपरा, जिसमें खिचड़ी, पापड़, चोखा और अचार का प्रसाद बांटा जाता है, मेले की एक विशिष्ट विशेषता है।

**लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद:** इस वर्ष के मेले में लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। बिहार शरीफ का लंगोट मेला, परंपरा और आधुनिकता के बीच एक सुंदर संतुलन प्रस्तुत करता है, जो इसे भारत के सबसे विशिष्ट त्योहारों में से एक बनाता है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। भीड़ प्रबंधन के लिए सीसीटीवी कैमरों का उपयोग किया जाएगा।

# नालंदा के आशुतोष कश्यप को मिलेगा यूथ लीडरशिप अवॉर्ड, कोलकाता में होगा अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन



निज संवाददाता। नालंदा

❐ 27-28 जुलाई तक चलेगा आयोजन

भारत के पूर्व राष्ट्रपति और 'मिसाइल मैन' के नाम से विख्यात डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर ख्वाब फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। यह भव्य समारोह 27-28 जुलाई को कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 25 देशों के 300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस साल के यूथ लीडरशिप अवॉर्ड के लिए बिहार के नालंदा जिले से आशुतोष कश्यप का चयन किया गया है। आशुतोष बिहार शरीफ के रहने वाले हैं और हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के संस्थापक हैं, जो पिछले 6 सालों से निरंतर सामाजिक कार्य कर रहे हैं। वंचित बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। आशुतोष ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरी पूरी टीम का सम्मान है। उन्होंने कहा कि मैं अपने साथी जया शाह, विवेक चौरसिया, अभिषेक कुमार, भारती कुमारी और अमन राज का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्हें भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। ख्वाब फाउंडेशन के संयोजक मुन्ना कुमार ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। पिछले वर्ष यह कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। इस वर्ष के समारोह में भारत के 28 राज्यों और बिहार के सभी 38 जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। साथ ही, मलेशिया, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश सहित विश्व के 25 देशों से प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन न केवल युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने का एक मंच है। बल्कि यह विभिन्न देशों और संस्कृतियों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान का भी एक अवसर प्रदान करता है। इस तरह के आयोजन युवाओं को वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने और अपने विचारों को साझा करने का अवसर देते हैं। यह कार्यक्रम डॉ. कलाम के सपनों और आदर्शों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जो हमेशा युवाओं को देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करते थे। आशा की जाती है कि इस तरह के प्रयास भविष्य में और अधिक युवाओं को सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

# रात में खुला सरकारी ऑफिस...JE को हो रहा था पेमेंट, लाखों का हो रहा था ट्रांजैक्शन

निज संवाददाता। गया



● जिला परिषद अध्यक्ष और पार्षद ने काटा बवाल

गया में रात के अंधेरे में ऑफिस खोल कर लाखों रुपए के लेनदेन किए जाने का भंडाफोड किया गया है। जिला परिषद अध्यक्ष और पार्षद ने शुक्रवार की देर रात किया है। जिला पार्षद के अधिकारी किसी विशेष को 20 लाख रुपए से अधिक का पेमेंट करने जा रहे थे। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई थी। खास बात यह है कि जिसे पेमेंट किया जाना था, उसकी पेमेंट पर हाईकोर्ट की रोक लगी है। ऐसा जिला परिषद अध्यक्ष नैना देवी का कहना है। नैना देवी का कहना है कि आफिस का समय दिन में होता है न की रात में। रात के समय आफिस खोलकर पेमेंट निर्गत किया जाना गलत किए जाने की ओर इशारा कर रहा है। ऐसी कौन सी जरूरत आन पड़ी की अधिकारियों को रात में ही पेमेंट करना आवश्यक हो गया था। उन्होंने कहा कि यहां जब हमलोग पहुंचे तो पेमेंट किये जाने की कार्रवाई को रोक दिया गया। पूछताछ में पता चला कि 20 लाख रुपए का पेमेंट किया जाना था। पेमेंट जेई सुबोध कुमार को किया जाना था। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश हाईकोर्ट का आ चुका है। बावजूद इसके जेई को पेमेंट किया जा रहा था। यह पूरी तरह से गलत है। ऐसे अधिकारियों को यहां रहने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं, पार्षद स्वेता यादव ने कहा कि यहां दुनिया का हर सरकारी आफिस दिन में खुलता है और सारे काम उसी समय होते हैं। लेकिन यहां उलटी गंगा बह रही थी। रात में ऑफिस खोलकर जिला पार्षद के अधिकारी लाखों रुपए के वारे न्यारे करने में जुटे थे। हमलोगों के पहुंचने से मामला रुक गया। उन्होंने कहा कि पार्षद के लिए विभाग के पास धन नहीं है और रात में चोरी से पेमेंट किए जाने के लिए विभाग के पैसे हैं। यही नहीं पेमेंट उसे किया जा रहा है जिसके खिलाफ हाईकोर्ट का आदेश है। वहीं डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर दुष्यंत सिंह का कहना है कि पेमेंट किया नहीं गया है। अभी तो कागजी कार्रवाई ही कि जा रही थी। जांच पड़ताल के बाद ही पेमेंट की कार्रवाई की जाती है।

# गया में वृद्ध की हत्या, बहू ने दर्ज कराया केस

निज संवाददाता। गया



गया के गुरपा थाना क्षेत्र के पुनरीबथान गांव में जमीनी विवाद में दो भाइयों ने मिल कर एक वृद्ध की हत्या कर दी। हत्या लाठी डंडे से पीट-पीट कर की गई है। मारे गए वृद्ध का लड़का सेना में जवान है। वह गांव में नहीं था। मृतक की बहू की शिकायत पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ जांच में जुटी है। हत्या करने वाले दोनों आरोपी गांव से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। थाने में मृतक की बहू सुमित्रा देवी की ओर से दी गई शिकायत में कहा गया है कि उसके ससुर कैलाश यादव(70) खेत पर जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए ताड़ बाड़ कर रहे थे। उसी दौरान पाटीदार कलमलेश यादव व सुभाष यादव के साथ ताड़बाड़ को लेकर बहस होने लगी। बहस के दौरान ही कमलेश यादव और सुभाष यादव ने कैलाश यादव पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। यही नहीं उन्हें खेत में ही पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। इससे कैलाश यादव मौके पर अचेत होकर गिर पड़ा। कमलेश यादव, सुभाष यादव मौके से भाग गए। घटना की सूचना मिली तो मौके पर पहुंची तो देखा कि ससुर बुरी तरह से जख्मी पड़े हैं। गांव के कुछ लोगों की मदद से ससुर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुरपा थानाध्यक्ष राजेश पासवान ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जलजमाव से जूझ रहा नालंदा का बहादुर गांव, पूरे साल जमा रहता है नाले का पानी

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के हरनौत प्रखंड के सरथा पंचायत में स्थित बहादुर गांव के निवासी सालों से जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। यह समस्या न केवल स्थानीय लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि राहगीरों के लिए भी परेशानी का सबब बन गई है। सरकार द्वारा गांवों के विकास के दावों के बावजूद, यहां की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

**पूरे साल जमा रहता है पानी:** स्थानीय निवासियों के अनुसार, नाली के अभाव में घरों और सड़कों पर साल भर गंदा पानी जमा रहता है। समाजसेवी और शिक्षाविद सुरेश सिंह सहित कई ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में विकास कार्य सही ढंग से नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जब वे मुखिया के पास जाते हैं, तो उन्हें अतिक्रमण का हवाला देकर टाल दिया जाता है।

**अतिक्रमण बताई जा रही वजह:** इस मुद्दे पर सरथा की मुखिया निर्मला देवी ने गैर मजरूआ जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। राजस्व कर्मचारी मृत्युंजय कुमार के अनुसार, दो साल पहले 86 घरों को नोटिस भेजा गया था। 23 नवंबर 2023 को एसडीएम द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए आदेश जारी किए गए थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**गैर-मजरुआ जमीन पर बने हैं घर:** पंचायत सचिव श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि गैर-मजरूआ जमीन पर लगभग 20-25 घर अवैध रूप से बनाए गए हैं। अतिक्रमण न हटने के कारण नाला निर्माण बाधित है, जिससे जलजमाव की समस्या और गंभीर हो गई है।

**जल्द होगा समस्या का समाधान:** इस संबंध में जब अंचलाधिकारी सोनू कुमार से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि अतिक्रमण का मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही स्थल का निरीक्षण करेंगे और मामले को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

# जेल से थाना चला रहे थे पूर्व विधायक, फोन पर थानाध्यक्ष से होती थी लंबी बातचीत

निज संवाददाता। गया



गया सेंट्रल जेल में बंद एक अपराधी ने 10 जुलाई को टिकारी एसडीएम को जान से मारने की धमकी दी थी। अब इसी जेल में बीते एक दशक से बंद अतरी के पूर्व विधायक राजेंद्र यादव और नीमचक बथानी थाना के थानाध्यक्ष जितेंद्र यादव के बीच फोन पर बातचीत का मामला उजागर हुआ है। दरअसल, कुछ दिन पहले एक शख्स ने मेल के जरिए बिहार पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग को ये जानकारी दी थी कि पूर्व विधायक और थानाध्यक्ष के बीच काफी लंबे समय से बातचीत हो रही है और पूर्व विधायक जैसा कहते हैं, थानाध्यक्ष वैसा ही करते हैं। शख्स का आरोप था कि राजेंद्र यादव के इशारों पर ही जितेंद्र यादव थाना का काम निपटाते हैं। जानकारी मिलने पर पुलिस मुख्यालय की ओर से मामले की जांच के आदेश दिए गए। एसएसपी ने इस मामले की जांच कराई तो पता चला कि हर दिन दोनों के बीच बातचीत होती है। दोनों की बीच बातचीत का सीडीआर भी निकाला गया है। सीडीआर में ये बातें स्पष्ट हुई हैं कि पूर्व विधायक फोन पर जैसा कहते हैं, उसी अनुसार थानाध्यक्ष थाने का काम निपटाते हैं। एक तरह से पूर्व विधायक जेल में बैठकर थाना चला रहे। अब इस मामले में थानाध्यक्ष जीतेंद्र यादव से स्पष्टीकरण मांगा गया है। हैरानी की बात है कि जेल में छापेमारी के दौरान न तो एसडीएस को धमकी देने वाला मोबाइल बरामद हुआ और न ही पूर्व विधायक का मोबाइल बरामद हुआ है। हर माह जेल में किसी न किसी के आदेश पर छापा मारा जाता है। इधर 14 जुलाई को भी छापेमारी हुई थी। नीमचक बथानी थाना अतरी विधानसभा क्षेत्र के तहत आता है।

**पुलिस मुख्यालय ने एसएसपी को जांच के आदेश दिए थे:** एसएसपी आशीष भारती ने कहा कि शख्स ने मेल के जरिए बताया था कि जिस तरह से दोनों के बीच बातचीत होती थी, उससे ऐसा लगता है कि बिहार में एक बार फिर से 1990 वाली जंगलराज की स्थिति बन सकती है। पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद इसकी जांच कराई गई है। रिपोर्ट में शख्स की बातें सही पाई गई। पूर्व विधायक और थानाध्यक्ष के बीच जनवरी से ही बातचीत हो रही थी। रिपोर्ट के आधार पर ही एसडीपीओ को थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगने को कहा गया है। एसएसपी ने कहा कि इस मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है। वर्तमान में संबंधित केस से जुड़े अपडेट की विस्तृत जानकारी केस की फाइल देखने के बाद बताई जा सकेगी।

**गोलीबारी और एक बच्ची की हत्या मामले में उम्र कैद की सजा:** बाहुबली राजेंद्र यादव गया जिले के अतरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रह चुके हैं। लालू राज में इलाके में तूती बोलती थी। आम आवाम तो दूर इस इलाके में राजद के अलावा किसी दूसरी राजनीतिक पार्टी को अपना दफ्तर तक खोलने की हिम्मत नहीं थी। राजद का यह इलाका राजेंद्र यादव की वजह से गढ़ माना जाता था। अतरी विधानसभा के दरियापुर में गोलीबारी और एक बच्ची की हत्या जैसे संगीन अपराध में राजेंद्र यादव जेल गए थे। उसी मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई गई।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने स्थानीय सांसद, पर्यटन मंत्री, प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपा

निज संवाददाता




**रजौली (नवादा)।** भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि रजौली के प्रमुख तीन जनहित समस्या फुलवरिया जलाशय के सौंदर्यीकरण, राज शिवाला के पास धर्नाजय नदी पर पुल निर्माण एवं 75 शैय्या रजौली अनुमंडलीय अस्पताल को सुदृढ़ करने की दिशा में एक गिलहरी जैसा प्रयास निरंतर कर रहा हूं। इसी क्रम में उन्होंने स्थानीय कर्तव्य निष्ठ, लोकप्रिय सांसद विवेक ठाकुर जो विकसित नवादा, विकसित रजौली के संकल्प के साथ निरंतर तत्परता पूर्वक कार्य कर रहे है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि उन्हें पत्र के माध्यम से लिखित रूप से अवगत कराया। उक्त सभी तीन प्रमुख मांगों पर यशस्वी सांसद ने पहल करना शुरू कर दिया है।साथ ही विभाग संबंधित मंत्री को पत्राचार भी किया। सांसद ने धर्नाजय नदी पर पुल के संदर्भ में प्राथमिकता के आधार पर काम करना शुरू कर दिया है। सांसद ने ये भी बताया कि उक्त सभी जनहित समस्याओं के निराकरण के लिए समय-समय पर फॉलो-अप कर जल्द ही अंतिम रूप देने का काम करेंगे। ताकि भविष्य में सुखद परिणाम भी आमलोगों को मिलेगा। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि इसी क्रम में फुलवरिया जलाशय के सौंदर्यीकरण करने के विषय में इस कार्य से संबंधित ऐसे कर्तव्य निष्ठ विभागीय पर्यटन मंत्री बिहार सरकार नीतीश मिश्रा को पत्र के माध्यम से लिखित रूप से बारिकियों से अवगत कराया। मंत्री ने मुझसे इससे संबंधित और भी कुछ विषयों पर जानकारी लिया। साथ ही मंत्री ने मेरे उपस्थिति में ही विभागीय अधिकारियों को एक-एक बिंदुओं पर जानकारी ले रिपोर्ट तैयार करने को निर्देशित किया। मंडल अध्यक्ष ने पर्यटन मंत्री से फुलवरिया जलाशय का स्थल निरीक्षण करने का विनम्रतापूर्वक निवेदन किया। उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए बताया कि विभागीय अधिकारी को रिपोर्ट तैयार करने का आपके समक्ष निर्देश दिया हूं और मैं जल्द ही रजौली आकर इस जलाशय का निरीक्षण भी करूंगा और जो भी इसके सौंदर्यता के विषय में कार्य करने की आवश्यकता है वो अवश्य किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि उक्त तीनों मांगों के संबंध में नवादा जिला प्रभारी, बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया। मंत्री ने एक-एक विषयों पर मुझसे जानकारी लिया। साथ ही मेरे सामने ही अपने अधिकारियों को जिन भी विभाग से संबंधित विषय है उन विभाग के मंत्री को पत्राचार करने का निर्देश दिया। और बताया कि इसका फॉलो-अप लेकर इन समस्याओं का जल्द निराकरण करने का हर संभव प्रयास करूंगा। मंडल अध्यक्ष गगन ने रजौली के विकास से संबंधित इन सभी विषयों पर संज्ञान लेने हेतु एवं अपना कीमती समय देने हेतु नवादा के यशस्वी सांसद विवेक ठाकुर, प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा के प्रति दिल से रजौली के आम-जनमानस की ओर से आभार व्यक्त किया है। ये भी बताया कि इन सभी अपने नेताओं के कुशल प्रयास से जल्द ही सुखद परिणाम भी हम सबों को मिलेगा। मंडल अध्यक्ष गगन ने ये भी बताया कि मेरा ये प्रयास निरंतर यूहीं जारी रहेगा जब तक ये अंतिम रूप ना ले ले।

## जनता दरबार में दो मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि तीन मामलों में नोटिस किया गया। इस मौके पर एसआई सिद्धेश्वर सिंह, अंचल लिपिक शिवशंकर कुमार एवं राजस्व कर्मचारी चन्दन कुमार मौजूद रहे। अंचलाधिकारी ने बताया कि अंचल क्षेत्र से जमीन से संबंधित विवाद के कुल 5 मामले जनता दरबार में पहुंचे थे। जिसमें अमावां पूर्वी एवं डीह रजौली से आये दो मामलों में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी के कारण ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। वहीं दोपटा गांव निवासी शिवशंकर प्रसाद का जमीनी विवाद अर्जुन सिंह, जोगियामारन निवासी रामचन्द्र प्रसाद यादव का जमीनी विवाद करमी देवी एवं अमावां पूर्वी निवासी राजकुमार चौधरी का जमीनी विवाद जितेन्द्र चौधरी के साथ था। उक्त तीनों नए मामलों में द्वितीय पक्ष के लोगों की उपस्थिति नहीं रहने के कारण नोटिस जारी किया गया है। उन्हें अगले शनिवार को लगने वाली जनता दरबार में हाजिर होने को कहा गया है। बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है। प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया। जिसमें रैयती भूमि से सम्बंधित विवादों को निराकरण किया गया।

## सेवानिवृत्त बीईओ को सम्मान पूर्वक दी गई विदाई



- कार्यक्रम में आये लोगों ने सेवानिवृत्त बीईओ के कार्यों को काफी सराहना की।

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नि.सं.)।** प्रखंड में स्थित इंटर विद्यालय नारदीगंज में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर नारदीगंज प्रखंड में कार्यरत बीईओ महेश्वर रविदास को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। वे 30 जून 2024 को सेवानिवृत्त हो गये। आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख शोभा भारती, उप प्रमुख अमित कुमार, बीपीआरओ सानिया परवीन, बीआरपी सह समावेशी शिक्षक आंनद कुमार, शिक्षक मनोज कुमार, प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी राजकुमार सिंह, उपेंद्र प्रसाद सिंह, प्राचार्य मनोज कुमार झा, प्रधानाध्यापक रामजी प्रसाद, दीपू यादव, डा. कारु रजक समेत अन्य शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्क्रमित मध्य विद्यालय रजौर के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने की। इस मौके पर छात्रा ऋचा कुमारी व प्रज्ञा कुमारी ने गणेश वंदना कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सेवानिवृत्त बीईओ महेश्वर रविदास को पुष्पमाला, अंग वस्त्र समेत अन्य सामग्री को देकर सम्मानित करते हुए अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी। कार्यक्रम में आये लोगों ने सेवानिवृत्त बीईओ के कार्यों को काफी सराहना की। इस दौरान सेवानिवृत्त बीईओ महेश्वर रविदास ने कहा आपसभी का काफी स्नेह, प्यार व सहयोग मिला है, जो जीवन में सदा अविस्मरणीय रहेगा। मौके पर प्रधानाध्यापक विपिन कुमार विमल, नवीन कुमार, सुबोध कुमार, सुधांशु कुमार चौहान, श्रीनिवास, शिक्षक एस0 रहमान, मो0 समीर खान, रंजना कुमारी, गीता कुमारी, राकेश कुमार, विशाल चंद, डा0 सुधा कुमारी समेत अन्य लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## बर्खास्त आवास सहायक का मानदेय का किया भुगतान

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार किस कदर हावी है इसका एक दिलचस्प उदाहरण सामने आया है। पहले सेवा से बर्खास्त किये गये आवास सहायकों को मानदेय का भुगतान जारी रखा, अब बीडीओ को दे रहे हैं वसूली की प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश। मामला उप विकास आयुक्त कार्यालय से जुड़ा है। अब सबसे बड़ा सवाल दोषी कौन? मामले का पर्दाफाश आरटीआई के तहत हुआ है। क्या है मामलाः- जिले के बहुचर्चित आरटीआई कार्यकर्ता प्रणव कुमार चर्चील ने अकबरपुर व नरहट के आवास सहायक शक्तिनाथ वर्मा व मुकेश कुमार की बर्खास्तगी के बावजूद मानदेय भुगतान से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की थी। दस्तावेज उपलब्ध कराने के बजाय आदतन पदाधिकारियों ने गोल मटोल जबाब दिया था। ऐसे में वे भला चुप रहने वाले कहां थे सो द्वितीय अपील दाखिल किया। वहां भी संतोष जनक जबाब नहीं मिला तो उच्च अधिकारियों के पास याचिका दाखिल कर दी। ऐसे में अपने आपको बचाने के लिए उप विकास आयुक्त ने अपना फरमान जारी कर दिया। क्या दिया आदेशः- डीडीसी ने अपने पत्रांक 1057 दिनांक 18/7/24 व 1058 दिनांक 18/7/24 को क्रमशः नरहट व अकबरपुर बीडीओ को बर्खास्त आवास सहायक मुकेश कुमार द्वारा 5,89,994 व शक्ति नाथ वर्मा द्वारा 98,252 रुपये की वसूली के लिये दो दिनों के अंदर प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश निर्गत कर दिया। मामला हास्यास्पदः- इसके पूर्व अकबरपुर बीडीओ द्वारा आरटीआई के जबाब में कहा था शक्ति नाथ वर्मा के स्थानांतरण के पश्चात 16/8/18 से 30 जून 2021 तक कौआकोल व 01/7/21 से बर्खास्तगी तक का उपस्थिति विवरण न तो यहां से दिया गया न ही मानदेय का भुगतान किया गया।

## 22 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक राजस्व कैम्प का होगा आयोजन

- **कैम्प में निर्धारित तिथि को प्रखंडवार हल्का/पंचायत में चिन्हित स्थलों (पंचायत भवन/हल्का में अवस्थित अन्य सरकारी सार्वजनिक भवन) पर कर्मचारी एवं सहयोग के लिए अन्य कर्मी यथा-पंचायत सचिव/ग्रामीण आवास सहायक/पंचायत रोजगार सेवक और विकास मित्र की प्रतिनियुक्ति की गयी है।**

निज संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा के आदेश के आलोक में दिनांक 22 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक नवादा जिलान्तर्गत सभी अंचलों के राजस्व हल्कों में राजस्व कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प में राजस्व संबंधित दस्तावेज यथा-आधार सीडिंग, राजस्व लगान वसूली, एलपीसी, ऑनलाईन दाखिल खारिज, परिमार्जन, ई0-मापी, अभियान बसेरा अन्तर्गत सर्वेक्षण/लाभुकों के लिए भूमि सर्वेक्षण, भू-अतिक्रमण से संबंधित मामले, भू-विवाद से संबंधित मामले, सरकारी भूमि को चिन्हित करना, पंचायत सरकार भवन/अन्य विभागों द्वारा मांगी जा रही भूमि का प्रस्ताव तैयार कर भेजना आदि कार्यो का स्थल पर ही निष्पादन किया जायेगा। इस कैम्प में निर्धारित तिथि को प्रखंडवार हल्का/पंचायत में चिन्हित स्थलों (पंचायत भवन/हल्का में अवस्थित अन्य सरकारी सार्वजनिक भवन) पर कर्मचारी एवं सहयोग के लिए अन्य कर्मी यथा-पंचायत सचिव/ग्रामीण आवास सहायक/पंचायत रोजगार सेवक और विकास मित्र की प्रतिनियुक्ति की गयी है। कैम्प आयोजन का कार्यक्रम प्रखंडवार एवं पंचायतवार निम्नवत् हैः-

दिनांक 22.07.2024 को नवादा सदर प्रखंड के केना पंचायत में हिसुआ-कैथिर, नारदीगंज-इचुआकरना, वारिसलीगंज-अपसढ़, पकरीबरावां-उकौड़ा, कौआकोल-केवाली, काशीचक-खखरी, अकबरपुर-कुलना एवं बरेव, गोविन्दपुर-गोविन्दपुर, रजौली-अंधरवारी, रोह-ओहारी, मेसकौर-अकरीपाण्डेय विगहा, नरहट-कोनीवर, सिरदला-अकौना।

दिनांक 23.07.2024 को नवादा सदर प्रखंड के आंती पंचायत में, हिसुआ-चितरघटी, नारदीगंज-ओड़ो, वारिसलीगंज-कुटरी, पकरीबरावां-एरूरी, कौआकोल-कौआकोल, काशीचक-चंडीनावां, अकबरपुर-गोविंद विगहा, गोविन्दपुर-बकसौती, रजौली-अमावां पश्चिमी एवं अमावां पूर्वी, रोह-कुंज, मेसकौर-तेतरिया, नरहट-खनवां, सिरदला-अब्दुल।

दिनांक 24.07.2024 को नवादा सदर प्रखंड के ओरैना पंचायत में, हिसुआ-छतिहर, नारदीगंज-कहुआरा, वारिसलीगंज-कोचगॉव, पकरीबरावां-कवला, कौआकोल-खड़सारी, काशीचक-पार्वती, अकबरपुर-तेयार, गोविन्दपुर-बनिया विगहा, रजौली-चितरकोली, रोह-कोशी, मेसकौर-बडोसर, नरहट-जमुआरा, सिरदला-उपरडीह।

दिनांक 25.07.2024 को नवादा सदर प्रखंड के कादिरगंज और समाय पंचायत में, हिसुआ-तुंगी, नारदीगंज-कोशला, वारिसलीगंज-चकवाय़, पकरीबरावां-कोनंदपुर, कौआकोल-छबैल, काशीचक-बेलड़, अकबरपुर-पचगावां, गोविन्दपुर-बुधवारा, रजौली-जोगियामारण, रोह-छनौन, मेसकौर-बारत, नरहट-नरहट, सिरदला-खटंगी।

दिनांक 26.07.2024 को नवादा सदर प्रखंड के खरांट और सोनसिहारी पंचायत में, हिसुआ-दोना, नारदीगंज-डोहड़ा, वारिसलीगंज-ठेरा, पकरीबरावां-गुलनी, कौआकोल-दरावां और शेखोदेवरा, काशीचक-रेवरा जगदीशपुर, अकबरपुर-पचरूखी और मलिकपुर नेमदारगंज, गोविन्दपुर-भवनपुर, रजौली-टकुआटॉड़, रोह-डुमरी, मेसकौर-बिजु विगहा, नरहट-पालीखुर्द, सिरदला-खनपुरा।

दिनांक 27.07.2024 को नवादा सदर प्रखंड के गोनावां और भदौनी पंचायत में, हिसुआ-धनवां, नारदीगंज-ननौरा, वारिसलीगंज-दोसुत और हाजीपुर, पकरीबरावां-जिउरी, कौआकोल-देवनगढ़, काशीचक-विरनामा, अकबरपुर-परतो करहरी, गोविन्दपुर-माधोपुर, रजौली-धमनी, रोह-नजरडीह, मेसकौर-बीसीआईत, नरहट-पुनौल, सिरदला-घघट।

दिनांक 29.07.2024 को नवादा सदर प्रखंड के जमुआवां पटवासराय और लोहरपुरा पंचायत में, हिसुआ-नगर पंचायत हिसुआ, नारदीगंज-नारदीगंज, वारिसलीगंज-नगर पंचायत वारिसलीगंज, पकरीबरावां-डूमरावां, कौआकोल-नावाडीह, काशीचक-सुभानपुर, अकबरपुर-पांती और बुधुआ, गोविन्दपुर-विशुनपुर, रजौली-फरका बुजुर्ग, रोह-भट्टा, मेसकौर-मिर्जापुर, नरहट-पुन्थर, सिरदला-चौकिया।

दिनांक 30.07.2024 को नवादा सदर प्रखंड के खरांट झुनाठी भदोखरा और भदोखरा पंचायत में, हिसुआ-पचाढ़ा, नारदीगंज-परमा, वारिसलीगंज-पैंगरी और सौर, पकरीबरावां-ढ़ोढा और बेलखुंडा, कौआकोल-पहाड़पुर और सरौनी, अकबरपुर-पैजुना और सकरपुरा, गोविन्दपुर-सरकंडा, रजौली-बहादुरपुर, रोह-भीखमपुर, मेसकौर-मेसकौर, नरहट-बभनौर, सिरदला-चौबे।

दिनांक 31.07.2024 को नवादा सदर प्रखंड के देदौर और महुली पंचायत में, हिसुआ-बगोदर, नारदीगंज-पेश, वारिसलीगंज-बरनामा, पकरीबरावां-दत्तरौल और बुधौली, कौआकोल-पाण्डेय गंगोट, अकबरपुर-फतेहपुर और लोदीपुर भनैल, गोविन्दपुर-सुघड़ी, रजौली-मुरहेना और सिरोडाबर, रोह-मड़रा और सम्हरीगढ़, मेसकौर-रसलपुरा, नरहट-शेखपुरा, सिरदला-धिरौंध।

दिनांक 01.08.2024 को नवादा सदर प्रखंड के नगरपालिका में, हिसुआ-सोनसा, नारदीगंज-मसौढ़ा, वारिसलीगंज-बाघी बरडीहा और शाहपुर, पकरीबरावां-धमौल, कौआकोल-पाली और लालपुर, अकबरपुर-फरहा और माखर, रजौली-रजौली पश्चिमी और रजौली पूर्वी, रोह-मरूई सिउर, मेसकौर-सहवाजपुर सराय, नरहट-सैदापुर गोवासा, सिरदला-बड़गॉव और सिरदला।

दिनांक 02.08.2024 को नवादा सदर प्रखंड के ननौरा पंचायत में, हिसुआ-हदसा, नारदीगंज-हंडिया, वारिसलीगंज-मंजौर और मोहीउद्दीनपुर, पकरीबरावां-धेवधा और पोक्सी, कौआकोल-मंझिला, अकबरपुर-बकसंडा और लेदहा, रजौली-लेंगुरा और हरदिया, रोह-मोरमा, सिरदला-बांधी और साढ़ मंझगावा।

दिनांक 03.08.2024 को नवादा सदर प्रखंड के पौरा और भगवानपुर पंचायत में, वारिसलीगंज-मकनपुर और मोसमा, पकरीबरावां-पकरीबरावां उत्तरी और दक्षिणी, कौआकोल-महुडर, अकबरपुर-बड़ैल और बलिया बुजूर्ग, रजौली-सवैया टांड़, रोह-रोह, सिरदला-राजन और लौंद।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि राजस्व शिविर आयोजन का अंचल स्तर पर ग्रामीणों के बीच अपने स्तर से ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से प्रचार-प्रसार निश्चित रूप से करना सुनिश्चित करेंगें ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों द्वारा शिविर में भाग लेकर अपने समस्याओं का समाधान कराया जा सके। शिविर कार्य का दैनिक प्रतिवेदन जिला राजस्व शाखा, नवादा में संध्या 5:00 बजे तक अचूक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। पंचायतवार सार्वजनिक भवनों की उपलब्धता के अनुसार कैम्प का चयनित स्थल चिन्हित कर अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी नवादा से अनुमोदन प्राप्त करेंगें।

उक्त कार्य के सहयोगार्थ संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव/कार्यपालक सहायक/आवास सहायक/पंचायत रोजगार सेवक/विकास मित्र की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित अंचलाधिकारियों को निदेश दिया गया है कि वे उक्त कर्मियों से कार्य लेने हेतु वार्ड का चयन अपने स्तर से करेंगें। उक्त कैम्प में संबंधित प्रखंड के वरीय प्रभारी पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि स्वंय भ्रमणशील रहकर राजस्व कैम्प के आयोजन का नियमित रूप से सतत् निगरानी करेंगे एवं उक्त वांछित दैनिक प्रतिवेदन प्रपत्र में भरकर अंचल अधिकारी द्वारा ससमय उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।

## पैक्स मुख्यालय को दूसरे गांव में स्थानांतरण के विरोध में ग्रामीणों ने जताया विरोध

निज संवाददाता



**नवादा।** जिले के नारदीगंज प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति संदोहरा मुख्यालय को दूसरे गांव में ले जाने का प्रयास बाद आयोजित बैठक में पैक्स सदस्यों व ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा की सूचना पर पहुंची नारदीगंज थाना की पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। बताया गया कि संदोहरा पैक्स मुख्यालय को नियम के लिए विरूद्ध बदलने को लेकर शुक्रवार को आमसभा परमा गांव में बीसीओ दीपक कुमार की देखरेख में आयोजन किया गया था, जिसमें पैक्स को संदोहरा से हटाकर परमा गांव में स्थानंतरण को लेकर प्रस्ताव लाया गया, जिसका विरोध पैक्स सदस्यों के द्वारा किया गया। सदस्य टिंकू कुमार ने बताया कि वर्ष 2008 में पैक्स का मुख्यालय संदोहरा को बनाया गया था, लेकिन इधर अचानक 15 साल के बाद परमा गांव के कुछ लोग पैक्स मुख्यालय को अपने गांव परमा में लाना चाहते हैं। इसी को लेकर दोनों गांव के बीच तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया है। हंगामा को देखते हुए आम सभा को रद्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दो बार आमसभा बुलाया गया, लेकिन दोनों बार आमसभा में जमकर बवाल हुऐ। संदोहरा गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि वर्ष 2008 में जब पैक्स गोदाम का निर्माण हुआ था, तो कोई विरोध नहीं हुआ था, लेकिन अब परमा गांव के कुछ लोगों के द्वारा विरोध किया किया जा रहा है। पैक्स सदस्य टिंकू सहित 500 हस्ताक्षर के साथ जिला पदाधिकारी को आवेदन दिया गया है। जिला पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में परमा गांव के एक व्यक्ति पर कई तरह का गंभीर आरोप लगाया गया है। कहा गया कि संदोहरा गांव के अंदर 6-7 गांव आता है और सभी गांव के लोग चाहते हैं कि संदोहरा में ही पैक्स का मुख्यालय बना रहे, जिससे किसी भी गांव के लोगों को परेशानी नहीं होगी। सिर्फ पंचायत के अंदर एक मात्र गांव परमा के कुछ लोग विरोध कर रहे है।

## 234 लोगों का लिया रक्त का नमूना

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** फाइलेरिया रोग की पहचान के लिए आयोजित तीन दिवसीय रात्रि रक्त पट संग्रह कार्यक्रम किया गया। यह आयोजित कार्यक्रम में अंतिम तीसरे रात शुक्रवार को फाइलेरिया रोग की पहचान हेतु पंडपा गांव में लोगों को रक्त संग्रह हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार के अलावा लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार, डाटा आपरेटर जितेंद्र कुमार, मुखिया अजय पंडित व आशा एक तारा, रुक्मिणी देवी, कुलदीप यादव, टुनटुन कुमार समेत अन्य की मौजदगी में हुआ। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया फाइलेरिया रोग की पहचान हेतू पंडपा गांव के 234 लोगों का रक्त संग्रह किया गया। उन्होंने कहा 16 जुलाई को शादिकपुर गांव में 165 व 19 जुलाई को परमा गांव में 185 लोगों को फाइलेरिया रोग की पहचान के लिए रक्त का नमूना लिया गया था। आयोजित कार्यक्रम के तहत विभिन्न गांवों में रात को कुल 584 लोगों का रक्तसंग्रह किया गया है।


## पूर्व मध्य रेल

### ई—नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के निम्नवत स्टेशनों पर 05 वर्षो के लिए कैटरिंग स्टालो का संचालन हेतु ई. नीलामी आमंत्रित किया जाता है । विस्तृत विवरण निम्न है :.

| 1 | कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि | ई—नीलामी लॉट संख्या | ई—नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| | **ई—नीलामी कैटलॉग संख्या : CATG-DDU-41** | | |
| AA/1 | गुरारू स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 2/3 पर कैटरिंग स्टाल सं 01 के लिए | Catg-DDU-GRRU-GMU5-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 30.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | हैदर नगर स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-HDN-GMU51-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 30.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | काष्ठा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-KSTA-GMU-3-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 30.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी। |
| AA/4 | परैया स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-PRY-GMU-4-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 30.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी। |
| AA/5 | नगरीग्राम हाल्ट के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-NGIM-GMU-57-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 30.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी। |
| AA/6 | कोसियारा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-KVQ-GMU-52-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 30.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.20 बजे बंद होगी। |
| AB/1 | सिगसिगी प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-SQS-SMU-55-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 30.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.30 बजे बंद होगी। |
| AB/2 | बढकी सलैया स्टेशन प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-BSYA-SMU-48-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 30.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.40 बजे बंद होगी। |
| AB/3 | पं. दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन प्लेटफार्म सं. 3/4 पर कैटरिंग स्टाल सं. 08 के लिए | Catg-DDU-DDU-SMU-89-24-1 | ई . नीलामी दिनांक 30.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.50 बजे बंद होगी। |
| AB/4 | गढ नोखा स्टेशन प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-GNK-SMU-64-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 30.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.00 बजे बंद होगी। |
| | **ई—नीलामी कैटलॉग संख्या : CATG-DDU-42** | | |
| AA/1 | कर्मनाशा स्टेशन प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-KMS-GMU-13-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 31.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | चिरैला पीथु हाल्ट के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-CPBH-GMU-77-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 31.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | सैयदराजा स्टेशन प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-SYJ-GMU-12-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 31.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी। |
| AA/4 | गंज्ख्वाजा स्टेशन प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-GAQ-GMU-9-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 31.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी। |
| AA/5 | सतबहनी स्टेशन प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-SZF-GMU-53-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 31.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी। |
| AA/6 | नोनार हाल्ट स्टेशन के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-NON-GMU-58-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 31.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.20 बजे बंद होगी। |
| AB/1 | बराव मोड हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-BMHT-SMU-63-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 31.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.30 बजे बंद होगी। |
| AB/2 | इसमाइल पुर स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-IMGE-SMU-6-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 31.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.40 बजे बंद होगी। |
| AB/3 | करकट स्टेशन प्लेटफार्म सं. 2/3 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-KRTA-SMU-54-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 31.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.50 बजे बंद होगी। |
| AB/4 | घुसिया कला हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-GSK-SMU-59-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 31.07.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.00 बजे बंद होगी। |
| | **ई—नीलामी कैटलॉग संख्या : CATG-DDU-43** | | |
| AA/1 | संझौली हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-SJV-GMU-61-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 01.08.2024 को 10.00 बजे शुरू होगी और 10.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | बघोईकुसा हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-BHKH-GMU-45-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 01.08.2024 को 10.00 बजे शुरू होगी और 10.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | खुर्माबाद रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-KVD-GMU-35-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 01.08.2024 को 10.00 बजे शुरू होगी और 10.50 बजे बंद होगी। |
| AB/1 | हसन बाजार स्टेशन हाल्ट के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-HBSH-SMU-62-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 01.08.2024 को 10.00 बजे शुरू होगी और 11.00 बजे बंद होगी। |
| AB/2 | करवंन्दिया स्टेशन के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-KWD--SMU-40-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 01.08.2024 को 10.00 बजे शुरू होगी और 11.10 बजे बंद होगी। |
| AB/3 | कुम्हाऊ स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-KMGE-SMU-39-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 01.08.2024 को 10.00 बजे शुरू होगी और 11.20 बजे बंद होगी। |
| AB/4 | कजरात नवाडीह स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 2/3 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-KYF-SMU-50-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 01.08.2024 को 10.00 बजे शुरू होगी और 11.30 बजे बंद होगी। |
| AB/5 | मुठानी स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-MTGE-SMU-18-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 01.08.2024 को 10.00 बजे शुरू होगी और 11.40 बजे बंद होगी। |
| AB/6 | मानी हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-MANI-SMU-60-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 01.08.2024 को 10.00 बजे शुरू होगी और 11.50 बजे बंद होगी। |
| AB/7 | दुर्गावती स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-DGO-SMU-74-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 01.08.2024 को 10.00 बजे शुरू होगी और 12.00 बजे बंद होगी। |
| | **ई—नीलामी कैटलॉग संख्या : CATG-DDU-44** | | |
| AA/1 | चरपोखरी हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-CRQ-GMU-56-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 02.08.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | पहलेजा हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-PHE-GMU-41-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 02.08.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | चन्दौली मझवार स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-CDMR-GMU-10-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 02.08.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी। |
| AB/1 | धनैचा हाल्ट के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-DCX-SMU-15-23-3 | ई . नीलामी दिनांक 02.08.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी। |
| AB/2 | देवरिया खुर्मा नरेश हॉल्ट के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-DKMN-SMU-44-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 02.08.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी। |
| AB/3 | बगहा विशुनपुर स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-BCJ-SMU-46-23-2 | ई . नीलामी दिनांक 02.08.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.20 बजे बंद होगी। |
| AB/4 | अंकोरहा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-ANH-SMU-47-23-1 | ई . नीलामी दिनांक 02.08.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.30 बजे बंद होगी। |
| AB/5 | पुसौली स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | Catg-DDU-PSE-SMU-19-23-3 | ई . नीलामी दिनांक 02.08.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.40 बजे बंद होगी। |

2. वेबसाइट का पता जहाँ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in

पीआर/00721/डीडीयू/वा./एन/24—25/248

मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) / पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

# संक्षिप्त समाचार

## पीजी में नामांकन के लिए 26 तक आवेदन

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने पीजी सेमेस्टर वन सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए पोर्टल खोल दिया है। तीन दिनों में नामांकन के लिए तीन हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ केके सिंह ने बताया कि पीजी में नामांकन प्रवेश के आधार पर होगा। इसके लिए 26 जुलाई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। विश्वविद्यालय ने नामांकन के लिए गाइडलाइन भी जारी कर दी है। एकेडमिक काउंसिल की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रवेश परीक्षा होगी। पात्रता परीक्षा 200 अंक की होगी। इसमें 50 सवाल जनरल विषय से होंगे। प्रत्येक सवाल का सही उत्तर देने पर एक अंक मिलेगा। जबकि 75 सवाल विषय से पूछे जाएंगे। प्रत्येक सवाल का सही उत्तर देने पर दो अंक मिलेंगे। पात्रता परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। अनारक्षित श्रेणी के छात्र को पास करने के लिए समूह ए और बी जोड़कर 80 अंक प्राप्त करना होगा। जबकि आरक्षित श्रेणी वाले छात्र को 70 अंक लाना अनिवार्य होगा। आवेदन शुल्क 800 रुपए निर्धारित किए गए है। इन कॉलेजों में होती है पीजी की पढ़ाई वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत पीजी विभाग और कॉलेजों में करीब 5600 सीटों पर पीजी सेमेस्टर वन में नामांकन लिया जाता है। छात्र कल्याण अध्यक्ष ने बताया कि भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के 9 अंगीभूत कॉलेजों में नामांकन होता है। इनमें भोजपुर जिले के एचडी जैन कॉलेज, महाराजा कॉलेज, एसबी कॉलेज, जगजीवन कॉलेज और महिला कॉलेज है। बक्सर जिले में एमवी कॉलेज, बक्सर, रोहतास जिला में एसपी जैन कॉलेज, सासाराम व जेएलएन कॉलेज डेहरी-ऑन-सोन और कैमूर जिला में सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ है जहां पर नामांकन होता है। इसके अलावा विश्वविद्यालय अंतर्गत पीजी विभागों में नामांकन होता है।

## गड़हनी प्रखंड में बिजली संकट, रोटेशन पर हो रही बिजली आपूर्ति

**गड़हनी।** स्थानीय गड़हनी पावर सब स्टेशन क्षेत्र में गुरुवार की रात उपभोक्ताओं को बिजली संकट झेलने पड़ा। इससे उपभोक्ताओं में काफ़ी आक्रोश में है। सहंगी गांव निवासी रामू तिवारी, मिंटू सिंह व अवधेश कुमार गिरी ने बताया कि गुरुवार की रात उमसभरी गर्मी में बिजली रात भर ड्रामा करता रही। बिजली आती थी, लेकिन लगातार एक घंटा भी नहीं आपूर्ति नहीं रहता था। कट जाती। उमस भरी गर्मी में रात भर बिजली कटौती से लोग सही से सो नहीं पाए हैं। गड़हनी निवासी प्रमोद गुप्ता ने कहा कि जब से पूर्व सांसद आरके सिंह की हार हुई, उस समय से ही बिजली विभाग का नाटक शुरू है। कभी 33 हजार केवी में फॉल्ट, कभी 11 हजार में केवी तार में फॉल्ट का बहाना बनाया जा रहा है। रात में भी वही हाल और दिन में भी वही हाल। किसी समय सही बिजली उपभोक्ताओं को नही मिल रही है। बता दे कि गड़हनी में इस बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में काफी रोष व्याप्त है। किसी दिन भी उपभोक्ता पावर सबस्टेशन में ताला लगा सकते हैं। कनीय अभियंता निर्मल कुमार ने बताया कि गड़हनी पावर सबस्टेशन में 17 से 18 मेगावाट बिजली की जरूरत है। जबकि 10 मेगावाट ही मिल रहा है। यदि सभी फीडरों में एक साथ बिजली दे दी जाएगी, तो किसी को सही वोल्टेज नही मिल पाएगा। इसलिये रोटेशन कर बारी- बारी से एक-एक घंटा बिजली काट कर दी जारी है। जब बिजली सही मिलती है, तो सभी फीडर में एक साथ बिजली सप्लाई दी जाती है।

## नगर परिषद पीरो के पार्षद सत्येंद्र सिंह का हुआ निधन

**पीरो।** स्थानीय नगर परिषद पीरो के वार्ड संख्या 20 के वार्ड पार्षद सत्येंद्र सिंह का इलाज के क्रम में गुरुवार की शाम निधन हो गया। युवा पार्षद के निधन की खबर से पीरो नगर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। वार्ड पार्षद को करीब एक सप्ताह पूर्व ब्रेन हेमरेज होने के बाद पार्षद सत्येंद्र सिंह को पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां कुछ दिन इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें वाराणसी में भी भर्ती कराया गया था। गुरुवार उनकी मौत हो गई। सत्येंद्र सिंह की मौत की खबर मिलते ही अलग- अलग राजनीतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## किराना दुकानदार ने किशोरी से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**बक्सर।** ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 जुलाई की शाम किराना दुकानदार ने एक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद गिरफ्तार आरोपी और पीड़िता का मेडिकल जांच कराया गया। मेडिकल जांच के बाद आरोपी को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय किशोरी अपने दरवाजे के पास खेल रही थी। घर के पास ही बबलू अंसारी का किराना का दुकान है। दुकानदार ने शाम में किशोरी का मुंह बांध कर अपने साथ ले गया। फिर आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद किशोरी रोते हुए अपने घर पहुंची। किशोरी ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने इसकी जानकारी ब्रह्मपुर थाने की पुलिस को दी। ब्रह्मपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल जेल दिया गया। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 22 जुलाई से शुरू होगी 12 वीं की मासिक परीक्षा

**बक्सर।** जिले के प्लस टू हाईस्कूलों में 12वीं की मासिक परीक्षा 22 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शेड्यूल जारी किया है। जिसके अनुसार मासिक परीक्षा 22 से 29 जुलाई तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से 11:30 बजे व दूसरी पाली दोपहर 12:45 से 2:15 बजे तक होगी। 12वीं की परीक्षा में 22 जुलाई को पहली पाली में फिजिक्स, साइकोलॉजी, उद्यमिता व दूसरी पाली में केमिस्ट्री, एकाउंटेंसी, पॉलिटिकल साइंस, 23 जुलाई को पहली पाली में गणित व दूसरी पाली में बायोलॉजी, भूगोल, बिजनेस स्टडीज की परीक्षा होगी। 24 जुलाई को पहली पाली में इंग्लिश व दूसरी पाली में हिंदी, 25 जुलाई को पहली पाली में उर्दू, मैथिली, संस्कृत आदि व दूसरी पाली में साइकोलॉजी की परीक्षा होगी।

## आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रचार वाहन रवाना



**आरा।** प्रधानमंत्री आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत का लाभ उपलब्ध कराने के लिए कार्ड बनाया जा रहा है। इस योजना का प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन को सदर अस्पताल से शुक्रवार को रवाना किया गया। प्रचार वाहन को सिविल सर्जन शिवेंद्र कुमार सिन्हा एवं एसीएमओ डॉ केएन सिन्हा ने रवाना किया। सिविल सर्जन ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी अत्यंत गरीब लोगों को एक वर्ष में 5 लाख तक का निशुल्क चिकित्सीय इलाज किया जाएगा।यह आयुष्मान कार्ड सभी राशन कार्ड धारियों का बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड, जन वितरण प्रणाली दुकान पर बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड बनाने का काम 31 जुलाई तक चलेगा। डॉ केएन सिंहा ने कहा कि जिले में जितने भी राशन कार्ड धारी हैं अगर उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है तो वह जल्द से जल्द जन वितरण प्रणाली की दुकान पर जाकर अपना अवश्य आयुष्मान कार्ड बनवा लें, ताकि उन्हें भी 5 लाख तक का निशुल्क के इलाज की सेवा मिल सके। मौके पर डीएएम अश्विनी, आयुष्मान कोऑर्डिनेटर मृत्युंजय कुमार , डीएचएस के कर्मचारी सुधीर सिंह , पंकज कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# ट्रेलर ने महिला को मारी टक्कर, सड़क पार करने के दौरान हुआ हादसा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर में शनिवार की सुबह ट्रक ट्रेलर ने सड़क पार कर रही एक बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए कच्छवां स्थित PHC ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं घटना के बाद चालक ट्रेलर लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे का CCTV फुटेज भी सामने आया है।घटना जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव की है। मृतका इमादपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी भईया राम सिंह की पत्नी लालमोती देवी (65) है। लालमोती देवी की मौत के बाद परिजन और स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर राजपुर गांव के समीप शव को सड़क पर रख जाम कर दिया। करीब ढाई घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों वाहनों की लंबी कतारें लगी रही और आवागमन पूरी तरह ठप रहा।

**इलाज के दौरान गई जानः** उधर सड़क जाम की सूचना पाकर इमादपुर थानाध्यक्ष सुनीत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इधर मृतका के देवर गिरजा प्रसाद ने बताया कि शनिवार की सुबह वह घर में थी। उसी बीच वह कचरा फेंकने के लिए सड़क पार कर दूसरी ओर गई थी। कचरा फेंकने के बाद जब वापस सड़क पार कर रही थी। उसी दौरान पीछे से आ रही ट्रेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद परिजन द्वारा उन्हें रोहतास जिला के कच्छवां स्थित PHC ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के चार बच्चे हैं। दो बेटी सुनीता देवी,अनीता देवी और बेटे संतोष कुमार, प्रमोद कुमार हैं। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मचा हुआ है। इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

❒ CCTV फुटेज आया सामनेःभोजपुर में इलाज के दौरान गई जान,

## स्कूल से चावल की चोरी का वीडियो वायरल, बक्सर में DM ने दिए जांच के आदेश

निज संवाददाता। बक्सर




बक्सर के इटाढी थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय इंदौर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि रात के अंधेरे में स्कूल के मेन गेट से एक ऑटो के स्कूल के अंदर दाखिल होता है और बेखौफ स्कूल के अंदर से चावल की बोरी लाकर उसे ऑटो पर रख देता है। हालांकि, यह वीडियो किस दिन का है। इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। लेकिन, वीडियो वायरल हो रहा है और जब डीएम के पास पहुंच चुका है। इसके बाद उन्होंने संज्ञान लेकर इस पर जांच कर करवाई के आदेश दिए है।

**दोषी के खिलाफ होगी कार्रवाईः** बता दें कि सूबे में शिक्षा को सुदृढ़ बनाने को लेकर सरकार हर संभव प्रयास करती नजर आ रही है। यहां तक कि सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर स्कूलों में मध्याह भोजन की व्यवस्था कर रही है। ताकि, बच्चे प्रतिदिन स्कूल आए और उनकी शिक्षा सही और सुचारु ढंग से हो सके। लेकिन, सरकार के शिक्षा प्रणाली को दुरुस्त करने के प्रयास को कुछ बदमाश खत्म कर रहे है। हालांकि, इस संबंध में बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि मुझे सूचना प्राप्त हुई है। इंदौर मध्य विद्यालय, जो इटाढी प्रखंड में अवस्थित है। इस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को मैने स्वयं निर्देशित किया है कि वह वहां जाकर जांच करेंगे। इसका अपडेट देंगे। इस जांच में जो भी दोषी पाए जायेंगे। उनके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

❒ दोषी के खिलाफ होगी कार्रवाई

## डबल मर्डर का मामला...बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

निज संवाददाता। रोहतास



रोहतास के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में हुए डबल मर्डर हत्याकांड में दूसरे मृतक की भी पुलिस ने पहचान कर ली है। दूसरा मृतक भी बक्सर जिले का रहने वाला था। विदित हो कि बुधवार की देर रात बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र के धारुपुर गांव के करियवा बाल स्थित नहर के समीप दो युवकों को गोलियों से छलनी कर हत्या कर दिया गया था। इसमें एक की पहचान बक्सर जिला के मुरार थाना क्षेत्र के मनपा गांव के विनय कुमार के रूप में की गई थी। जबकि, दूसरे की पहचान नहीं हो सकी थी। लेकिन, अब दूसरे मृतक की भी शिनाख्त हो गई है। वह बक्सर जिला के सेमरी थाना क्षेत्र के खरहा टांड गांव गांव निवासी हिमांशु कुमार (उम्र 19) बताया जाता है। जबकि, एक अन्य मृतक बक्सर जिले का विनय कुमार (35 साल) बताया जाता है, जो मुरादपुर थाना के मनपा गांव का रहने वाला था।

**हत्या के कारणों का सुराग नहींः** लेकिन, वारदात के 36 घंटों बाद भी घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। हत्या के कारणों का पुलिस को अभी किसी तरह का सुराग नहीं मिला है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। पटना से आए फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से नमूने ले गए हैं, जिसकी जांच कर रही है।

# ट्रेन से कटकर रोहतास के युवक की मौत, लौटने के दौरान ट्रेन से गिरकर हुई मौत

निज संवाददाता। आरा



आरा-सासाराम रेलखंड पर पर जिले के हसन बाजार ओपी क्षेत्र के पीरो स्टेशन और नोनार हॉल्ट के बीच शुक्रवार को ट्रेन से कट कर रोहतास निवासी युवक की मौत हो गई। मृतक रोहतास जिला के नासरीगंज थाना क्षेत्र के महादेव गांव निवासी राम कृपाल साह का 26 वर्षीय पुत्र शशि प्रसाद उर्फ मोनू है। वह हिमाचल प्रदेश में स्थित एक दवा फैक्ट्री में पैकिंग का काम करता था। मृतक के फुफेरे भाई श्रवण कुमार ने बताया कि नासरीगंज थाना क्षेत्र के बलिया कोठी गांव निवासी और उसके मामा विनय साह के बेटे विशाल कुमार की शादी थी। जिसको लेकर वह 13 जुलाई को हिमाचल प्रदेश से वापस गांव आया था। वह अपने ममेरे भाई विशाल कुमार की शादी में शामिल होने के बाद 17 जुलाई को सिकरहटा गांव अपने ससुराल पत्नी से मिलने गए थे। वहां से अपनी पत्नी से मिलकर वापस मामा के घर लौट रहा था। इसी बीच यह घटना घटी।

❒ पत्नी से मिलने गया था ससुराल

**पुलिस ने परिजनों को सूचना दीः** हसन बाजार ओपी इंचार्ज सर्वेश कुमार ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। सूचना पाकर मृतक के परिजन हसन बाजार थाना पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई में छोटा था। उसकी शादी 2020 में हुई थी। हालांकि अभी उसे कोई संतान नहीं था। उसके परिवार में मां नीतू देवी, पत्नी रिंकी देवी और बड़ा भाई सोनू कुमार है।

## सफ़ाई कर्मियों ने लगाया डुमरांव कार्यपालक पर दुर्व्यवहार का आरोप, कहा-माफी नहीं मांगने पर कार्य का करेंगे बहिष्कार

● पदाधिकारी बोले- आरोप बेबुनियाद

निज संवाददाता। बक्सर



डुमरांव नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मियों द्वारा डुमरांव नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। आक्रोशित सफाई कर्मियों ने कार्यालय के बाहर इकठ्ठा होकर जमकर नारेबाजी की। साथ ही कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी इस दुर्व्यवहार पर माफी मांगें नहीं तो कल से कार्य का बहिष्कार किया जायेगा। हालांकि कार्यपालक पदाधिकारी इस आरोप को बेबुनियाद बताया है। मजदूर नेता संजय शर्मा ने बताया कि सात सूत्री मांगों के सवाल पर निर्धारित समय पर कार्यपालक पदाधिकारी डुमरांव से एक प्रतिनिधिमंडल मिलने गया। कार्यपालक पदाधिकारी डुमरांव सफाई कर्मियों की सात सूत्री मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के बजाय एक तानाशाह नौकरशाह की तरह व्यवहार करते हुए नजर आए। वार्ता के समय न्यूनतम मजदूरी के सवाल पर बात हो रही थी और यह कहा गया कि पिछले 27 जून को तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी डुमरांव अनिरुद्ध से सम्मानजनक वार्ता हुई थी, इसी बात पर भड़क गए और उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो आप लोग मांग पत्र दिए थे उस समय के कार्यपालक पदाधिकारी डुमरांव अनिरुद्ध थे आप लोग उन्हीं से बात कीजिए। मज़दूर नेता संजय शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सुशासन की सरकार में पदाधिकारी दिनों दिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। आज जिस रूप में डुमरांव कार्यपालक पदाधिकारी का व्यवहार रहा वह काफ़ी निंदनीय है और एकदम से तानाशाही झलक रहा है। उनके इस रवैया को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसका माकूल जवाब दिया जायगा। उन्हें हर हाल में सफाई कर्मियों से माफी मांगनी होगी। सभी सफाई कर्मियों ने एक सुर में कल से कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया।नगर परिषद डुमरांव के कार्यालय के गेट पर सभी सफाई कर्मियों ने आक्रोशपूर्ण नारेबाजी की। डुमरांव नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा बताया गया की दुर्व्यवहार का आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जो नगर परिषद के स्थाई सफाई कर्मी हैं, हम उन्हीं का पेमेंट कर सकते हैं, लेकिन जो सफाई कर्मी एनजीओ के माध्यम से थे उनका पेमेंट हम कैसे कर सकते हैं।

## पत्नी बच्चों संग गई मायके, पति की मौत, वाइफ ने कहा- एक कमरे में कर रहे गुजारा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में शुक्रवार को युवक की अपने ही घर में पंखे के कुंडी से लटकी लाश मिली। मौत के पहले घरेलू विवाद हुआ था। पत्नी ने कहा है कि हम एक ही कमरे में दो बच्चों के साथ रहते हैं। खाना-पीना पलंग के नीचे बनाते हैं। पति से कहा था एक और कमरा मांगो। जब इस बारे में घर वालों से कहा तो मेरे पति के साथ मारपीट की गई। फिर वो घर से बाहर निकल गए, वे कह रहे थे कि अब हम जहर खा लेंगे। जब वो घर आए तो मुझसे कहा तुम्हारे चक्कर में कितना मार खाए। तुम बच्चों के साथ मायके चली जाओ नहीं तो ये लोग मेरे साथ तुम्हें भी मार देंगे। जब मैं घर से निकली थी तो वो अच्छे से थे। मेरे पति को ससुर, देवर सभी ने मिलकर मारा है। मुझे घर से बाल खींच कर निकाला, मारपीट भी की। मामला कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव का है।

**कानपुर में गार्ड का काम करता थाः** मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव वार्ड नंबर 7 निवासी शिव शंकर सिंह का 35 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार सिंह है। वह उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित एक मॉल में प्राइवेट गार्ड का काम करता था। पिता के अनुसार पत्नी से झगड़ा के बाद प्रदीप ने सुसाइड कर लिया। मृतक की पत्नी लीलावती देवी ने बताया कि हमारी शादी को 11 वर्ष बीत चुके हैं। एक बेटा और बेटी है। ससुराल वालों ने एक ही रूम दिया है। जिसमें मैं रहती हूं। खाना भी उसी में बनाना पड़ता है। चार दिन पहले मेरे पति कानपुर से वापस गांव आए थे। गुरुवार की शाम मैंने अपने पति से एक और रूम अपने मां-बाप से मांगने के लिए कहा। जब रूम की मांग की तो मारपीट की गई। वे घर से बाहर चले गए। जेठ और भतीजे ने उन्हें वापस घर लाया।

**खिड़की से झांक कर देखा तो शव लटका मिलाः** मृतक के पिता शिव शंकर सिंह ने बताया कि अलग रहने को लेकर गुरुवार की शाम पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद शुक्रवार की सुबह वो दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई थी। इसके बाद बेटा अपने कमरे में जाकर सो गया।

## 8 साल के मासूम के साथ गंदी हरकत, आरा में 20 रुपए का लालच दिया

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में 8 साल के मासूम के साथ अननेचुरल सेक्स का मामला सामने आया है। यहां 19 वर्षीय आरोपी मोहम्मद सोनू उर्फ मोहम्मद निरहू ने बच्चे को 20 रुपए का लालच देकर उसे सुनसान इलाके में ले गया, जहां उसके साथ गलत काम किया। वारदात के बाद जो 20 रुपए दिए थे वो भी छीन ली। इस घटना के बाद बच्चा काफी डर गया और रोने लगा। बच्चे को रोता देख आरोपी उसे चौकलेट का लालच देकर अपने साथ घर ले जा रहा था, लेकिन वो अपने घर भाग गया और सारी बात अपने परिजनों को बताई। बता दें कि वारदात स्थल से बच्चे के घर की दूरी ज्यादा नहीं है। आरोपी सोनू घर के पड़ोस में ही रहता है। वहीं, इस घटना के बाद बच्चे की हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही थाने में आरोपी मो. निरहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ये पूरी घटना गुरुवार को जगदीशपुर थाना क्षेत्र की है। शुक्रवार को इस मामले में परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

**आरोपी के साथ खेल रहा था बच्चाः** मासूम मुख्य रूप से बक्सर का रहने वाला है। लगभग पांच साल से अपने मामा के यहां रह रहा था। बताया जा रहा मोहम्मद सोनू और बच्चा दोनों खेल रहे थे। इसी बीच सोनू मासूम को गांव के खलिहान में ले गया। पीड़ित बच्चे की मां ने बताया कि पुलिस को सूचना दी है। जिसके बाद मोहम्मद सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## हाई स्कूल में DM ने किया वृक्षारोपण, बक्सर में पौधा लगाने का दिया आदेश, नागरिकों से भी की खास अपील

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में बढ़ते तापमान और प्रदूषण को कम करने के लिए जिला प्रशासन सघन पौधरोपण अभियान चला रही है। इसके साथ ही हरित बक्सर संस्था भी प्रशासन का सहयोग कर रही है और जिले के तमाम प्रबुद्धजनों के सहयोग से विभिन्न इलाकों में पौधरोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला के महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, डुमरांव अनु मंडल के मुंगाव हाई स्कूल और ब्रह्मपुर प्रखंड के पोखराहा पंचायत के बनसवर हाई स्कूल में डीएम ने किया पौधरोपण किया।

**48 से 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था तापमानः** इसके बाद जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार से यहां तापमान 48 से 50 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था। ऐसे यह आवश्यकता प्रतीत हो रही थी कि सघन पौधारोपण किया जाए। इसके लिए प्रशासन व्यापक पैमाने पर अभियान चला रहा है। नागरिकों से भी यह अपील की जा रही है कि वह इस अभियान में हिस्सेदार बने और ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। एक सवाल का जवाब के दौरान डीएम ने यह भी बताया कि पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण के भी उपाय किए जा रहे हैं।

**पेड़ लगाने का दिया आदेशः** साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के दौरान जो पेड़ काटे गए थे। उन्हें भी जल्द से जल्द लगाने का निर्देश एनएचएआई को दिया गया है। कुछ पौधों का रोपण किया भी गया है। लेकिन, नियमित रूप से पौधारोपण की समीक्षा की जाती रहती है। उन्होंने कहा कि मूंगाव हाई स्कूल में कुल आज दो यूनिट यानी चार सौ पौधे लगाए गए है। सभी नौवी दसवीं के छात्रा, उनको प्ले गार्ड लगाते हुए एक एक पौधे की जिम्मेदारी दी गई है। उनसे हमने अनुरोध भी किया है कि जब वह आगे क्लास में जाए, तो अपने से निचले के क्लास वाले बच्चों को यह काम दें। जलवायु परिवर्तन में यह एक अच्छा उदाहरण पेश करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विकास पर चर्चा को पहुंचे पार्षद, बिना बैठक लौटे

**भागलपुर**। नगर निगम में सामान्य बोर्ड की बैठक में विकास के मुद्दे पर चर्चा करने आए पार्षद शुक्रवार को निराश होकर वापस लौट गए। दोपहर तक असमंजस की स्थिति रही कि बैठक होगी या नहीं, क्योंकि पार्षदों को विधिवत इसकी सूचना नहीं मिली थी कि बैठक रद्द हो गई है। दरअसल मेयर डॉ. बसुंधरा लाल के पिता के निधन के चलते उन्होंने आने में असमर्थता जाहिर की थी। इसके बाद तय हुआ था कि डिप्टी मेयर सलाहउद्दीन अहसन बैठक की अध्यक्षता करेंगे, लेकिन कुछ पार्षदों ने तारीख आगे बढ़ाने का सुझाव दिया था। 24 जून को आयोजित बैठक का समय पुराने एजेंडे पर ही खत्म हो गया था। अगले दिन बारिश ने पार्षदों का रास्ता रोका तो बैठक नहीं हो सकी। इसके बाद 16 जुलाई को बैठक होनी थी, जिसे मुहर्रम के चलते आगे बढ़ा कर 19 जुलाई किया था। अब इसकी अगली तारीख मेयर की ओर से तय होगा। इस वजह से कुछ पार्षद बैठक में शामिल होने के लिए नगर निगम पहुंचे थे। वहीं नगर आयुक्त महेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि हमलोगों ने तो अपनी तैयारी की थी, लेकिन किसी कारणवश बैठक नहीं हो सकी।

### पिछले साल आए थे रिकॉर्ड डेंगू मरीज, इस बार 60 बेड हैं रिजर्व

**मुंगेर**। वर्ष 2019 में मुंगेर जिला में डेंगू के 26 मरीज पाए गए थे, जिनमें से 5 की मौत हो गई थी। वहीं अगर बात पिछले वर्ष 2023 की करें तो जिले में डेंगू के करीब 800 से अधिक मरीज मिले थे। जिसके कारण जिले कि स्थित काफी दयनीय हो गयी थी। हालांकि इस दौरान किसी भी मरीज कि मौत कि पुष्टि नहीं की गई थी। वहीं इस बार भी बरसात के आगमन के बाद डेंगू का खतरा फिर से मंडराने लगा है। डेंगू मरीजों को लेकर स्वास्थ विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू को लेकर स्पेशल डेंगू वार्ड सहित अन्य सुविधा एवं दवा आदि को लेकर निर्देश जारी किया गया है। इससे इतर जिले में भी डेंगू को लेकर बतौर तैयारी की जा रही है। डेंगू के खतरे को लेकर सदर अस्पताल स्थित प्री-फैब्रिकेटेड अस्पताल में 60 बेड पूरी तरह रिजर्व रखने कि बात अस्पताल प्रबंधक कर रहे हैं। ऑक्सीजन पाईपलाईन, दवा सहित अन्य सुविधा से लैस इस वार्ड में मरीजों को किसी प्रकार कि परेशानियां नहीं होने की बात कही जा रही है।

### सरकारी बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाए निगम

**मुंगेर**। राजद नेताओं ने पूर्वी किला गेट स्थित सरकारी बस स्टैंड व डीजे कॉलेज रोड स्थित सरकारी बस डीपो में किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराकर कर्मचारियों व यात्रियों की सुविधा के लिए पुनः निर्माण कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को नगर आयुक्त निखिल धनराज को एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल की अगुवाई राजद पूर्व जिलाध्यक्ष-सह-प्रदेश सचिव देवकीनंदन सिंह, वरीय राजद नेता नरेश सिंह यादव व राजद के राज्य परिषद सदस्य-सह-प्रदेश सचिव गजेंद्र कु हिमांशु उर्फ अरविंद ने की। नगर आयुक्त से कहा कि प्रमंडल मुख्यालय व जिला मुख्यालय का मुंगेर केंद्र है। पूर्व में बस स्टैंड व बस डीपो से यात्रियों व कर्मचारियों को विभिन्न जिलों के लिए बस सेवा उपलब्ध होती थी। इतना ही नहीं सरकारी बस डीपो का अपना पैट्रोल पंप, स्टाप क्वार्टर के साथ-साथ यात्री शेड व टिकट काउंटर की भी व्यवस्था होती थी। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय, पेशाब घर और पीने के लिए पेयजल की भी व्यवस्था थी। मगर आज के तारीख में दोनों जगहों पर अतिक्रमण कर लिया गया है।

### हत्या के नामजद को किया गिरफ्तार

**टेटिया बंबर**। टेटिया थाना पुलिस ने हत्या मामले के एक नामजद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश प्रसाद राम ने बताया कि हत्या मामले के एक नामजद टेटिया बंबर निवासी पवन बिंद को गिरफ्तार कर लिया गया एवं उसे जेल भेज दिया गया है। पवन बिन्द लंबे समय से फरार चल रहा था।

### गर्मी से जिले में नहीं मिली राहत

**मुंगेर**। मानसून की सक्रियता सुस्त पड़ते ही उमस बढ़ गयी है। आने वाले कुछ दिनों तक ऐसी ही उमस वाली गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ेगा। एक से दो दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। गुरुवार को दिन का तापमान 36 डिग्री पर पहुंच गया। यह दिन के सामान्य तापमान से करीब 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसकी शुरूआत बीती रात के सामान्य तापमान में करीब 1.3 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ शुरू हुआ था। बीती रात का तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। गुरुवार की सुबह से ही तेज धूप के साथ दिन की शुरुआत हुई। जबकि दिन में कई बार आसमान में हल्के बादलों का आना जाना लगा रहा। कई बार बारिश की संभावना बनी फिर भी बारिश नदारद रही। सुबह में हवा में नमी का स्तर करीब 86 फीसदी थी। लेकिन दोपहर तक घटकर 70 फीसदी पर पहुंच गई। इस दौरान पुरवा हवा करीब 8.7 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना कम है। कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेर के प्रधान मुकेश कुमार ने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि बारिश की संभावना को देखते हुए ऊचास जमीन की तैयारी करके अरहर की बुआई करें। ऊपरी जमीन में बुआई के समय प्रति हेक्टेयर 20 किलोग्राम नेत्रजन, 45 किलोग्राम स्फुर, 20 किलोग्राम पोटाश तथा 20 किलोग्राम सल्फर का व्यवहार करें। बहार, पूसा 9, नरेंद्र अरहर 1, मालवीय 13, राजेन्द्र अरहर 1 आदि किस्में बुआई के लिए अनुशंसित है। बीज दर 18-20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रखें।

# कांवरियों के लिए 600 बेड की टेंट सिटी तैयार, मेला का 22 जुलाई को उद्घाटन



निज संवाददाता। बांका

बांका में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारी करीब-करीब पूरी हो चुकी है। युद्ध स्तर से कांवरिया पथ पर तैयारी चल रही है। 22 जुलाई को श्रावणी मेला का उद्घाटन होगा। जिला प्रशासन की टीम लगातार कांवरिया पथ का जायजा ले रही है। कांवरियों की सुविधा के लिए अबरखा में पर्यटन विभाग की ओर से छह सौ बेड वाले टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है। यहां पर कांवरियों के विश्राम करने के लिए बेड और शौचालय, पेयजल, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, कांवर स्टैंड आदि की व्यवस्था होगी। वहीं जिला प्रशासन द्वारा श्रावणी मेला में बिकनेवाली सामग्रियों की दर निर्धारित कर दिया गया है। कांवरियों से निर्धारित दाम से अधिक पैसा लेने पर कार्रवाई होगी। खाद्य एवं पूजन सामग्री की कीमत दुकानों पर टंगी रहेगी। डीएम अंशुल कुमार और एसपी डॉक्टर सत्य प्रकाश सहित जिला प्रशासन जोर-शोर से लगा हुआ है।

श्रावणी मेला को लेकर पूरे परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए पुलिस सहायता केंद्र के साथ जिला प्रशासन द्वारा सूचना केंद्र भी बनाया गया है। सीसीटीवी से पूरे परिसर पर नजर रखी जाएगी। टेंट सिटी में मनोरंजन के लिए संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन होगा। हर शाम स्थानीय और बाहरी कलाकार भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। श्रद्धालुओं की समस्या का समाधान करने के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन का संचालन किया जाएगा।

**शिकायत मिलने पर तुरंत की जाएगी कार्रवाई:** श्रावणी मेले में कांवरिया पथ पर गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। कोई भी दुकानदार बासी व घटिया भोजन, एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक्स आदि श्रद्धालुओं को मुहैया नहीं बेच सकते हैं। खाद्य सामग्री को हमेशा जालीदार व सुती कपड़ों से ढंककर दुकानदारों को रखना होगा। खाद्य सामग्री की कीमत जिला प्रशासन द्वारा तय की गई निर्धारित दर पर ही लेना होगा। दुकानों के आगे मूल्य तालिका लेमिनेशन कर टांगना होगा। ताकि श्रद्धालुओं को भी खाद्य सामग्री की वास्तविक कीमत का पता चल सके। कोल्ड ड्रिंक्स और ठंडा पानी को एमआरपी दर पर बेचना होगा। वह भी एक्सपायरी डेट की नहीं हो। इसके जांच की जिम्मेदारी संबंधित प्रखंडों के एमओ को दी गई है। जिन्हें प्रतिदिन कांवरिया पथ का भ्रमण करना होगा। शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदारों खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी।

### खाद्य पदार्थ के नाम और रेट चार्ट

- चाय नींबू एक कप -7 रुपए
- चाय दूध 1 कप - 10 रुपए
- चावल, दाल, सब्जी, भुजिया, नींबू, पापड, आचार( चावल 200 ग्राम एवं दाल 100 ग्राम) - 65 रुपए
- रोटी, सब्जी, दाल, भुजिया (पांच रोटी, 100 ग्राम दाल) - 65 रुपए
- चूडा सामान्य 1 kg - 50 रुपए
- दही 1 kg - 110 रूपए
- जलेबी कचोरी सब्जी ( दो जलेबी चार कचौड़ी 200 ग्राम सब्जी) - 50 रूपए
- छेना रसगुल्ला 1 पीस -10 रुपए
- लस्सी छांछ 1 गिलास - 25 रुपए
- चाऊमीन एक प्लेट - 40 रुपए
- मसाला डोसा एक पीस - 60 रुपए
- पानी और कोल्ड ड्रिंक सील बोतल - एमआरपी दाम के अनुसार
- आलू पराठा व सब्जी एक पीस - 30 रुपए
- तंदूरी पराठा व भाजा एक पीस - 30 रुपए
- सत्तू पराठा सब्जी एक पीस - 30 रुपए
- गन्ना का जूस प्रति गिलास 2 सौ एमएल - 30 रुपए
- मौसमी और संतरा जूस 2 सौ एमएल - 40 रुपयेए
- अनार का जूस प्रति ग्लास 2 सौ एमएल- 80 रुपए

## 82% एटीएम में गार्ड नहीं...ठगों के लिए बना सेफ जोन, सीसीटीवी के भरोसे सुरक्षा




निज संवाददाता। मुंगेर

अगर आप एटीएम में पैसे निकालने जाते हैं तो पूरी सावधानी बरतें। बैंक अपनी लागत को कम करने के लिए एटीएम से गार्ड तो हटा लिये हें, लेकिन इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। हालत यह है कि जिले के 82 फीसदी एटीएम में गार्ड नहीं हैं। इसका फायदा बदमाश उठा रहे हैं और लोगों को ठग रहे हैं। वे केमिकल डालकर कार्ड को फंसा रहे हैं। कस्टमर केयर का फर्जी नंबर एटीएम के अंदर साट रहे हैं। जैसे ही लोग उस नंबर पर फोन करते हैं, बदमाश एटीएम ठीक करने के बहाने उन्हें दूसरी जगह बुलाते हैं। तब तक गिरोह का दूसरा सदस्य एटीएम में घुसकर पैसे व कार्ड निकाल लेता है। गुरुवार को एक अधिकारी इसी तरह ठगी के शिकार हो गए। राजीव गांधी चौक पर एसबीआई और एचडीएफसी बैंक के एटीएम में शुक्रवार को भी मशीन के अंदर तरल पदार्थ लगा था। जिले में 103 एटीएम हैं, जिनमें से 85 ऐसे हैं, जिनमें सुरक्षा गार्ड नहीं है। जिस कारण एटीएम को चोर निशाना बनाते हैं। एटीएम में पैसा निकालने आए ग्राहक ठगी के शिकार हो जाते हैं। शुक्रवार को को बड़ी बाजार में आईसीआई बैक के एटीएम में सुरक्षा गार्ड तैनात दिखे। जबकि उसी भवन में एसबीआई के एटीएम का गार्ड एसी में सोया मिला। बेकापुर में यूको बैंक, बड़ी बाजार में केनरा बैंक, पीएनबी चौक पर पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम, कौड़ा मैदान चौक पर एसबीआई के एटीएम में सुरक्षा गार्ड नहीं दिखे। इन मामलों पर अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते रहे। एलडीएम राजीव कुमार ने बताया कि वह पटना में मीटिंग के लिए आए हैं। अभी कुछ नहीं बता सकते हैं।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर एसडीओ ने की बैठक



**रजौली**। अनुमंडल मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के नेतृत्व में शनिवार को अनुमंडल सभागार में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर झंडोत्तोलन को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक में भूमि उपसमाहर्ता प्रमोद कुमार,बीडीओ संजीव झा,बीपीआरओ राजन कुमार एवं सीडीपीओ सीता कुजूर मौजूद रहे।एसडीओ ने बताया कि प्रत्येक साल की भांति इंटर विद्यालय रजौली में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन किया जायेगा।एसडीओ ने बताया कि प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय रजौली की छात्राएं इंटर विद्यालय रजौली में आयोजित मुख्य समारोह स्थल पर अनुमंडल कार्यालय रजौली तथा प्रखंड कार्यालय रजौली में राष्ट्रीय गान प्रस्तुत करेंगी।पुलिस विभाग से डीएपी एवं सैप बल का एक-एक दस्ता के अलावे विद्यालयों के छात्र-छात्राएं संयुक्त रूप से परेड करेंगे एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगे।समीक्षा बैठक में वाच्य आयोजन का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।वहीं बीडीओ अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रेष्ठ कर्मी का प्रस्ताव देंगे जिन्हें सम्मानित किया जा सके। एसडीओ ने बताया कि विभिन्न प्रखंडों में खेलकूद, कला,संगीत,समाज सेवा,कृषि, सहकारिता,उधमिता एवं सरकारी कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों की अनुशंसा हेतु संबंधित क्षेत्र के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है।मौके पर भाजपा के रजौली मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन,इंटर विद्यालय के पूर्व प्राचार्य बालकृष्ण यादव,शिक्षक अनिल कुमार,राजद के प्रदेश सचिव सह अधिवक्ता दीपक कुमार रजक, इंटर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार तरुण,पशुपालन विभाग के डॉक्टर रंजीत कुमार,शिक्षक अनिल कुमार,राजद नेत्री पिंकी भारती,कस्तूरबा बालिका विद्यालय के वार्डन रेखा कुमारी, जदयू नेता संजय वर्मा,वशिष्ठ नारायण सिंह, राम जतन यादव, मनौउर खान सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### एआई और चैट जीपीटी टेक्नोलॉजी की दी गई जानकारी

**नारदीगंज नवादा**: इंटर विद्यालय नारदीगंज में शनिवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं चैट जीपीटी टेक्नोलॉजी से अवगत कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर के अध्यनरत इंजीनियरिंग छात्र अभिषेक कुमार और सुभाष कुमार के द्वारा नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं चैट जीपीटी टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी गई। यूनिवर्सिटी से आए छात्र के द्वारा बताया गया कि कॉलेज से प्रोजेक्ट दिया गया है कि अपने क्षेत्र में नई तकनीकी जानकारी से बच्चों को अपग्रेड करना है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता चैट जीपीटी के द्वारा किसी प्रश्न को कैसे आसानी से उत्तर मिले एवं किसी भी तस्वीर को अपने तरीका से कैसे बदले एवं अन्य तकनीकी जानकारी से बच्चों को अवगत कराया गया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ कारू रजक, सुधा कुमारी, कुमारी नीतू एवं छात्रा में लक्ष्मी कुमारी, रोशनी कुमारी,मुस्कान कुमारी ,वंदना कुमारी समेत अन्य मौजूद रही।

## 31 जुलाई तक विशेष अभियान चलाकर बनाया जायेगा आयुष्मान कार्ड

**नवादा**। जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा विशेष अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार की इस योजना को वृहद स्तर पर संचालित करवा रही है। यह विशेष अभियान 18 से 31 जुलाई 2024 तक सम्पन्न कराया जायेगा। इसमें 05 लाख रूपये तक के मुफ्त ईलाज की सुविधा प्रदान की जायेगी। जिले में प्रतिदिन 20 हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने का लक्ष्य रखा गया है। कॉमन सर्विस सेंटर और पंचायत सरकार भवन दोनों स्थलों पर यह सुविधा प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर श्री दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा, श्रीमती नीता अग्रवाल सिविल सर्जन, श्री अमित कुमार डीपीएम के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### दस महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज**:सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में परिवार कल्याण पखवाड़े के तहत शनिवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने महिलाओं को बंध्याकरण की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के विभिन्न गांवों के दस महिलाओं को बंध्याकरण किया गया।कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने परिवार नियोजन में आये महिला को खून जांच,मूत्र जांच,रक्त चाप व अन्य जांच किया।इस मौके पर एएनएम स्वर्णलता कुमारी, शोभा कुमारी,परिचारी सुनील कुमार,फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**केज मत्स्य मित्र का चिन्हिकरण हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना।**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0—05 रा0(वि0) दिनांक 13.06.2024 तथा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड राँची के पत्रांक 1546 दिनांक 13.08.2018 के आलोक में गढ़वा जिले के चिनियाँ प्रखण्ड अन्तर्गत चिरका जलाशय में अधिष्ठापित केजों में चिरका जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0/समिति के सदस्यों के द्वारा मछली पालन में तकनीकी सहायता का आदान प्रदान करने एवं केज कल्चर स्थल से सूचना की प्राप्ति एवं आँकड़ो के संग्रण हेतु वित्तीय वर्ष 2024—25 के लिए अस्थायी रुप से स्वैच्छिक कार्यकर्ता के लिए 01(एक) केज मत्स्य मित्र का लक्ष्य प्राप्त है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :—

| क्र0सं0 | केज मत्स्य मित्र का भौतिक लक्ष्य(सं0) | कोटि | केज मत्स्य मित्र के कार्य का समयावधि | कार्य का प्रकार | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01 | सामान्य | 2024—25 | अस्थायी रुप से स्वैच्छिक कार्यकर्ता | 8400/— प्रति माह एवं 2500 रु0 परिवहन तथा इंटरनेट के लिए |

**निर्धारित अर्हता:**
1) आवेदक मत्स्य पालक, कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिये।
2) आवेदक को मोटर साईकिल या साईकिल चलाने का ज्ञान हो।
3) आवेदक पूर्व में मत्स्य पालन में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हों।
4) आवेदक के पास अपना Android Mobile Phone हो।
5) आवेदक को गहरे पानी में तैरने की कला आता हो।
6) आवेदक को कम्प्यूटर का ज्ञान हो।
7) वैसे आवेदक आवेदन ना करें जो केज के लाभुक हों।

मछली पालन में तकनीकी सहायता का आदान प्रदान करने एवं केज कल्चर स्थल से सूचना की प्राप्ति एवं आँकड़ो के संग्रण हेतु केज मत्स्य मिच का चयन सुरक्षित जमा निर्धारण समिति द्वारा किया जायेगा। चयनित केज मत्स्य मित्र को राँची में प्रशिक्षण दिया जाएगा, तत्पश्चात् उन्हे उनके कर्तव्य एवं दायित्व हेतु अधिकृत किया जाएगा एवं उनसे अपेक्षा की जाएगी कि विहित समयावधि में प्रतिवेदन समर्पित करें।

उपरोक्त अर्हता प्राप्त इच्छुक ''मछली पालन में तकनीकी सहायता का आदान प्रदान करने एवं केज कल्चर स्थल से सूचना की प्राप्ति एवं आँकड़ो के संग्रण हेतु इच्छुक हैं से 07.08.2024 तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी—सह—
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR.NO.330206 Fish(24-25):D

## कार्यालय :- जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
मेदिनीनगर, पलामू, पिन—822101
Email ID - daopalamu1@gmail.com

**प्रेस - विज्ञप्ति**

**खाद बीज एवं कीटनाशी प्रतिष्ठानो के लिए आवश्यक सूचना**

जिले में मानसून आगमन के साथ खरीफ की विभिन्न फसलों जैसे धान, मक्का, अरहर, मूँग, मडुआ आदि के बुआई का कार्य तीव्र हो गया है। जिस कारण बाजार में खाद, बीज एवं कीटनाशी की माँग में बढोतरी देखी गई है इस स्थिति में कालाबाजारी, मूल्य वृद्धि आदि समस्याओं से इंकार नहीं किया जा सकता है, उक्त परिस्थिति को रोकने के लिए निम्न निदेश दिये जा रहे हैं :—

01. सभी प्रतिष्ठान खाद व कीटनाशी की अनुज्ञप्ति जिला कृषि कार्यालय, पलामू से तथा बीज की अनुज्ञप्ति अनुमण्डल कृषि कार्यालय से अवश्य बनवा लें।
02. खाद, बीज एवं कीटनाशी प्रतिष्ठान बिना खाद, बीज एवं कीटनाशी अनुज्ञप्ति के व्यापार न करें।
03. खाद, बीज एवं कीटनाशी को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री न करें।
04. ऐसे बीज व कीटनाशी का बिक्रय न करे जिसके प्रिंसिपल सर्टीफिकेट जिला कृषि कार्यालय में उक्त प्रतिष्ठान द्वारा जमा नहीं किया गया है।
05. अवसान तिथि के समाप्त होने के पश्चात खाद, बीज एवं कीटनाशकों का बिक्रय न करें।
06. प्रतिबंधित कीटनाशकों का बिक्रय नहीं किया जाय।
07. कृषि उपादान के बिक्रय हेतु प्रतिष्ठान में उचित प्रिसिंपल सर्टीफिकेट संधारित करें खाद, बीज एवं कीटनाशी को उचित मूल्यों पर बिक्रय करें तथा माह के अन्त में स्टॉक पंजी जिला कृषि कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त निदेश का पालन न करने पर **Fertilizer Act 1985, Seed Act 1966 and Insecticide Act 1971** के तहत दण्डनीय अपराध माने जायेंगें तथा आपकी अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए आपके विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.330153 Agriculture(24-25):D

### प्रोन्नति की अधिसूचना को लेकर कुलसचिव से मिली समन्वय समिति

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर समन्वय समिति का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को कुलसचिव कर्नल विजय कुमार ठाकुर से मिला। जिसमें संयोजक डॉ देवराज सुमन, सह संयोजक डॉ हरिश्चंद्र शाही सहित कई कॉलेजों के शिक्षक शामिल थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार समन्वय समिति ने कुलसचिव से निवेदन करते हुए कहा कि शिक्षकों की प्रोन्नति दीर्घकाल से लंबित है। चूंकि प्रोन्नति प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है। सिर्फ अधिसूचना बाकी है। जिसके लिए कुलपति ने स्पष्ट निर्देश कुलसचिव को प्रदान कर दिया है। कुलपति के स्पष्ट आदेश के बावजूद अधिसूचना में विलंब किया जाना विधि सम्मत नहीं है। इसे अविलंब किया जाना चाहिए। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की वार्ता बेनतीजा रही। जिसके शनिवार को भी जारी रहने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि प्रोन्नति की अधिसूचना का मुंगेर विवि के दर्जनों नए और पुराने शिक्षक शिद्दत से इंतजार कर रहे हैं। जो विवि प्रशासन के हर कदम पर नजर बनाए हुए हैं और किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी को स्वीकार करने के मूड में नहीं हैं। बहरहाल सभी की नजरें शनिवार की होने वाली गतिविधियों पर टिकी हैं।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा।
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना — N.I.T. No.-05/2024-25
पत्रांकः—478 दिनांक :—20.07.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि— | 29.07.2024 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 30.07.2024 के अपराहृन 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 30.07.2024 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा । 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0.01, चतरा का कार्यालय । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा । 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0.01,चतरा का कार्यालय । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्यकानाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाणविपत्र कामूल्य | कार्यसमप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | E/R of Barrack, Car Shade, Boundary wall in the Campus of C.J.M. Residence Chatra For The Year 2024-25 | 174500.00 | 3500.00 | 500.00 | 10 Days |
| 2. | E/R to Painting work of D2/02 ,D2/03 & D4/03 Quarters at Magistrate Colony, Chatra For the Year 2024-25 | 249900.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 3. | Installation of three track Aluminium Sliding windows and Flynet Mosquito proof doors at Family Judge quarter For the Year 2024-25 | 249400.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 4. | E/R to Quarter No. 01 in 4 P.O. Quarter Building at Magistrate Colony Chatra For the Year 2024-25. | 249200.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 5. | E/R of Toilets in D2/04 Quarter at Magistrate Colony, Chatra, for the Year-2024-25 | 246600.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 6. | E/R to Principal Judger Kutumb Court Quarter, Chatra For the Year 2024-25. | 248650.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 7. | E/R to Judge Quarter Building of Sri Rajesh kumar Singh at FashiTalabChatra For the Year 2024-25. | 249900.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 8. | E/R to Registrar Quarter Building at Megistrate Colony Chatra For the Year 2024-25. | 248900.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 9. | E/R of Portico Area,Toilets and painting work of Izlash at CollectorateChatra for the Year 2024-25. | 249550.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 10. | E/R to Water Proof Traetment ,painting of Halls ,sanitary and electricity work at District Election Office chatra for the Year 2024-25 | 249700.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 11. | E/R To Shifting of DMFT Office at 2nd Floor CollectorateBuidingChatra for the Year 2024-25 | 249250.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 12. | E/R to Pump and Toilets in Court Hazat at 22 Court chatra for the Year 2024-25 | 249350.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा।

PR 330187 Building(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### कोपा में प्रेम प्रसंग को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प, तीन घायल, दो गिरफ्तार

**छपरा, एजेंसी।** एक प्रतिनिधि। जलालपुर प्रखंड के कोपा थाना क्षेत्र के कोपा दक्षिण टोला में प्रेम प्रसंग को लेकर शुक्रवार को हिंसक झड़प हो गई जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल में भेजा गया है। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रेमी-प्रेमिका एक कंप्यूटर कोचिंग संस्थान के अंदर जैसे ही घुसे कि एक पक्ष के लोगों ने उन्हें घेर लिया। सूचना के बाद पहुंचे प्रेमी के भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष के लोग लाठी डंडे व घातक हथियार के साथ भिड़ गए जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सैकड़ों की तादाद में जुटे आक्रोशित लोगों को नियंत्रित करने के लिए कोपा पुलिस के अलावा जलालपुर, दाउदपुर व अन्य थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया। सूचना के बाद पहुंचे सदर एसडीओ संजय कुमार राय व अन्य वरीय अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया। कोपा थानाध्यक्ष लालबाबू प्रसाद ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है तथा घटना स्थल पर पुलिस कैंप कर रही है। लड़की के बयान पर स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि कोपा दक्षिण टोला निवासी दो युवक एक लड़की के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिले थे। उन्होंने बताया कि एक युवक का उस लड़की का प्रेम पिछले एक साल से चल रहा था। इस मामले में लोगों के हो-हल्ला को देखकर कोपा में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। वहीं किसी भी तरह का अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का भी आदेश दिया गया है। एसपी ने कहा कि सोशल मीडिया या किसी भी प्लेटफार्म पर आकर कोई आपत्तिजनक या भडकाऊ पोस्ट करते हैं या लिखते हैं तो उनके विरुद्ध साइबर थाने के पुलिस एफआईआर दर्ज करेगी। फिलहाल स्थिति सामान्य है। इधर लोगों द्वारा पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ की चर्चा है पर पुलिस इनकार कर रही है।

### डाक चौपाल में दी गयी योजनाओं की जानकारी

**छपरा, एजेंसी।** डाक विभाग सारण प्रमंडल के मढौरा,एकमा तथा केंद्रीय सबडिवीजन के अलावे अन्य स्थानो पर शुक्रवार को डाक चौपाल का आयोजन किया गया।मढौरा अनुमंडल अंतर्गत अमनौर पोखरा के समीप चौपाल मे डाक विभाग के पदाधिकारी के अलावा स्थानीय मुखिया के अलावा दर्जनों जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में सहायक डाक अधीक्षक दीपक साह ने डाक विभाग से जुड़ी विभिन्न जनहितैषी एवं लाभदायक योजनाएं जैसे- बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, सावधि जमा खाता, मासिक आय योजना खाता, वरिष्ठ नागरिक बचत खाता, आई.पी.पी.बी. खाता, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा इत्यादि की जानकारी दी गई। अपहर के डाक सहायक रजनीश कुमार सिंह, भारतेंदु विमल, करण कुमार मनीष कुमार सिंह सुबोध कुमार सिंह आदि ने डाक विभाग से जुड़ी योजनाओं, बीमा योजनाओं एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विभाग की योजनाओं से जुड़ी जानकारी पर विस्तार से चर्चा करते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मढौरा के डाकपाल सच्चिदानंद शर्मा अमनौर के उप डाकपाल संजय सिंह शाखा डाकपाल हरेश्वर सिंह मुरली मनोहर सिंह मिंटू कुमार प्रताप मनी समेत डाककर्मी मौजूद रहे।

### सरकारी दफ्तर में बिचौलिया दिखे तो अविलंब करें कार्रवाई : डीएम

**पूर्णिया, एजेंसी।** जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कहीं पर अगर कोई बिचौलिया पाया जाता है तो उस पर अविलंब कारवाई करें। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाएं आम लोगों के लिए है। उन्हें इसका सही तरीके से शत प्रतिशत लाभ मिले। इसे सुनिश्चित करना सभी का कर्तव्य है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है। जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी के साथ विधि व्यवस्था की समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की अपने अपने क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाएं के सही तरीके से क्रियान्वयन को इसकी सतत निगरानी करना सुनिश्चित करेंगे।

# लापरवाह पुलिसकर्मियों को अल्टीमेटम नाइट पेट्रोलिंग पर जोर

## कानून व्यवस्था की रिव्यू मीटिंग में मुख्यमंत्री नीतीश के सख्त तेवर



**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि अपराध काबू करने में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिहाजा, कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए पुलिस और प्रशासन मुश्तैदी से कार्य करें और अपराध नियंत्रण के लिए पूरी सख्ती से कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक, अणे मार्ग स्थित संकल्प में विधि व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने लापरवाह पुलिसकर्मियों को चेतावनी भी दी और कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। गश्ती में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। रात्रि गश्ती और तेज करें। रात्रि एवं पैदल गश्ती को और प्रभावी बनाने के लिये वरीय पदाधिकारी क्षेत्र में जाकर रात्रि में स्वयं औचक निरीक्षण करें। नीतीश कुमार ने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक हत्याएं भूमि विवाद के कारण होती हैं, जो अब घट रही हैं। जानकारी दी गयी है कि यह घटकर 46.69 प्रतिशत हो गई हैं। यह अच्छी बात है। जमीन सर्वे व सेटलमेंट का काम तेजी से पूर्ण हो ताकि भूमि विवाद को लेकर होने वाली अपराध की घटनाओं में पूरी तरह कमी आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शराबबंदी के क्रियान्वयन पर विशेष नजर रखें, गड़बड़ी करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करें। इसमें जो पदाधिकारी संलिप्त हैं, उनको भी चिह्नित कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसी तरह अवैध खनन को रोकने के लिये सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। बिहार में साम्प्रदायिक सद्भाव का माहौल कायम है। इसके लिये पुलिसकर्मियों ने अच्छा काम किया है। प्रशासन और पुलिस पूरी मुश्तैदी के साथ असामाजिक तत्वों पर नजर बनाये रखें।

### डायल 112 सेवा पूरे राज्य में 20 मिनट के अंदर : डीजीपी

बैठक में मुख्यमंत्री को गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने गृह विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में जबकि डीजीपी आर.एस. भट्टी ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। डीजीपी ने बताया कि पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ लगातार काम कर रही है। अनुसंधान के कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं ताकि दोषियों को शीघ्र सजा मिल सके। समाधान पोर्टल के माध्यम से भूमि जनित मामलों का निरंतर अनुश्रवण कर समाधान किया जा रहा है, जिससे भूमि विवाद में कमी हो रही है। पहले जितनी हत्याएं होती थीं, 60 प्रतिशत हत्याएं भूमि विवाद के कारण होती थीं, अब यह घटकर 46.69 प्रतिशत हो गयी हैं। डायल 112 सेवा पूरे राज्य में 20 मिनट के अंदर लोगों को उपलब्ध होने से नागरिकों को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध हो रही है।

### बैठक में ये थे मौजूद

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ व सचिव अनुपम कुमार, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पुलिस महानिदेशक सह पुलिस भवन निर्माण निगम के अध्यक्ष विनय कुमार, पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) प्रीता वर्मा, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के पुलिस महानिदेशक ए.के. अंबेडकर, एडीजी (मुख्यालय) जे.एस. गंगवार, एडीजी (विशेष शाखा) सुनील कुमार, एडीजी (विधि व्यवस्था) संजय सिंह, एडीजी (मद्य निषेध) सुशील खोपड़े, एडीजी (अभियान) अमृत राज, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार के अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, जिलों के जिलाधिकारी, एसएसपी-एसपी बैठक में मौजूद थे।

### 1.22 लाख पुलिस की नियुक्ति शीघ्र करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 1.22 लाख पुलिसकर्मियों की नियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया। कहा कि बिहार पुलिस की संख्या बढ़ाने के लिये विभिन्न श्रेणियों में 229139 पद स्वीकृत किये जा चुके हैं। 106436 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं। शेष रिक्त पदों पर बहाली शीघ्र करें।

### हर थाने में पदस्थापित करें महिला पदाधिकारी-कर्मी

सीएम ने कहा कि हर थाने में महिला पदाधिकारी एवं महिला पुलिस कर्मियों का पदस्थापन सुनिश्चित किया जाय। थाने में आने वाले आगंतुकों के साथ अच्छा व्यवहार हो, उनकी बातें सुनी जाय, यह सुनिश्चित किया जाय। हमने वर्ष 2013 से ही पुलिस में महिलाओं के लिये 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। अभी बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या लगभग 30 हजार हो गयी है। बिहार पुलिस में महिलाओं की भागीदारी देश में सबसे ज्यादा है। पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ने से थानों में जो महिलायें शिकायत लेकर आतीं हैं, उन्हें समस्याओं के समाधान में सहूलियत हो रही है और उनका आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

# राजधानी और अवध-असम पर पत्थरबाजी करने वाले 4 गिफ्तार, बताया- ट्रेन पर क्यों किया हमला



**पटना, एजेंसी।** बिहार में राजधानी एक्सप्रेस और अवध-असम एक्सप्रेस पर हुई पत्थरबाजी की घटना के बाद आरपीएफ और जीआरपी हरकत में आ गयी है। गुरुवार की शाम से लेकर देर रात के बीच दोनों ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने के आरोपी चार युवकों को मुजफ्फरपुर के तुर्की से गिरफ्तार किया है। सभी ने नशे की हालत में ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने की बात कबूली है। इसके बाद आरपीएफ ने चारों को शुक्रवार को सोनपुर स्थित रेल कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरातस में भेज दिया। इसकी पुष्ट आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार ने की है। बुधवार को राजधानी एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी की घटना हुई। फिर शुक्रवार को उसी रूट पर अवध असम एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी हुई। इस घटना के बाद आरपीएफ और जीआरपी ने तुर्की-कुढ़नी रेलखंड पर अभियान चलाया। इस दौरान अवध असम पर पत्थरबाजी कर भाग रहे तुर्की के वार्ड नंबर दो निवासी सज्जन कुमार को दबोचा। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ लाइन किनारे बैठकर नशापान करता है। गुरुवार को भी नशा किया। इस दौरान एक ट्रेन गुजर रही थी, जिसपर रेलवे लाइन से ही पत्थर उठाकर चला दिया। संयुक्त छापेमारी टीम में आरपीएफ इंस्पेक्टर भरत कुमार, दारोगा गोकुलेश पाठक, प्रधान आरक्षी शंभुनाथ साह, सिपाही रितेश कुमार और एलबी खान के अलावा जीआरपी के पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

### बुधवार को राजधानी पर की थी पत्थरबाजी

इधर, अभियान के दौरान ही मुखबिर खास की सूचना पर तुर्की रेलखंड पर बिजली पोल संख्या 39/04 के समीप टीम पहुंची। उनलोगों को देखकर रेल लाइन पर बैठे युवक भागने लगे। इनमें से तीन को संयुक्त टीम ने दबोच लिया। प्रारंभिक पूछताछ में युवकों की पहचान तुर्की थाना क्षेत्र के तुर्की बड़कुरबा वार्ड एक के संजीव कुमार, अंकित कुमार और अजय पासवान के रूप में की गयी। इन युवकों ने भी टीम को बताया कि रेल लाइन पर नशा का सेवन किये थे। इसके बाद आम खाने की इच्छा हुई तो आम तोड़ने के लिए रेलवे लाइन से पत्थर उठाकर चलाया। इस दौरान गुजर रही ट्रेन पर जाकर लगा। यह घटना बीते बुधवार की बताई।

### गिरफ्तारी की खुन्नस में कर रहे पत्थरबाजी

जानकारी के मुताबिक, बीते सप्ताह रेलवे लाइन पर चलती ट्रेन से मोबाइल छिनतई की घटना के बाद आरपीएफ ने तीन से अधिक शातिरों को पकड़ा। इसी की खुन्नस में उनके साथियों ने ट्रेनों पर पत्थरबाजी की। अब पुनः आरपीएफ व जीआरपी रेल सेक्शन में पेट्रोलिंग शुरू कर दी गई है।




# मुजफ्फरपुर एसएसपी राकेश कुमार से पटना हाईकोर्ट ने मांगा हलफनामा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर के कुढ़नी प्रखंड अंतर्गत रामपुर बलड़ा के हेडमास्टर राकेश कुमार और जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार के बीच के विवाद में मुजफ्फरपुर एसएसपी से पटना हाईकोर्ट में हलफनामा मांगा गया है। एसएसपी के हलफनामे पर शनिवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। इसके लिए पहले से ही तिथि निर्धारित की गई है। हाईकोर्ट में हेडमास्टर ने याचिका दाखिल की थी। दायर याचिका में पीड़ित हेडमास्टल ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने और डीईओ के साथ मिलीभगत कर उन पर कानून व प्रावधान से हटकर दमनात्मक कार्रवाई का आरोप लगाया था। इस पर हाईकोर्ट ने बीते नौ अप्रैल को ही एसएसपी से हलफनामा मांगा है। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा है कि मुजफ्फरपुर के एसएसपी विधिवत शपथ लेकर अपना अलग से जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे। जवाबी हलफनामे में स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाएगा कि कानून के अनुसार गिरफ्तारी के गैर-जमानती वारंट की मांग करने के लिए क्या मानदंड हैं। इसके अलावा, जवाबी हलफनामे में स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाएगा कि जांच अधिकारी ने तत्काल एफआईआर दर्ज होने के एक सप्ताह के भीतर इश्तेहार की प्रक्रिया की मांग करने के लिए क्या कारण बताए थे। एसएसपी जवाबी हलफनामे में यह भी स्पष्ट करेंगे कि क्या आईओ डीईओ के इशारे पर काम कर रहा था या नहीं। यदि नहीं तो आईओ ने एफआईआर दर्ज होने के 10 दिन के भीतर गिरफ्तारी वारंट से लेकर इश्तेहार तक जारी कराने के लिए इतने प्रेरित क्यों थे। बता दें कि चार मार्च को रामपुर बलड़ा हाइस्कूल में हेडमास्टर और डीईओ के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद डीईओ ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने चाकू से हमला कर घायल कर देने का आरोप हेडमास्टर पर लगाया था। बताते चलें कि मुजफ्फरपुर का यह मामला सुर्खियों में था जब शिक्षकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी पर अवैध उगाही के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया वहीं डीईओ ने कहा था कि स्कूल के निरीक्षण के दौरान उनके साथ मारपीट की गयी।

### दर्ज कांड का दस्तावेज साथ ले जाने वाले 50 दारोगा पर प्राथमिकी

**गया, एजेंसी।** थाने में दर्ज कांड का अनुसंधान पूरा नहीं करने और संबंधित कांड का दस्तावेज साथ लेकर चले जाने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसएसपी आशीष भारती के एक्शन के बाद चंदौती, सिविल लाइन और कोतवाली थाने में कार्यरत पूर्व के थानेदारों सहित 50 दरोगा पर इन थानों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई। जानकारी के मुताबिक चंदौती थाने में 55 कांडों का दस्तावेज अपने साथ लेकर चले जाने के मामले में चंदौती थाने में थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी फैज अहमद सबा के बयान पर पूर्व थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह व पूर्व थानाध्यक्ष निशांत कुमार सहित 15 एसआई पर प्राथमिकी दर्ज की गई। सिविल लाइंस थाने में दर्ज 37 कांडों से जुड़े संबंधित दस्तावेजों के मामले में 27 एसआई पर थानाध्यक्ष शमीम अहमद के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। कोतवाली थाने में 80 कांडों से जुड़े दस्तावेजों के मामले में 8 एसआई पर कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# नवगछिया में अनशन पर बैठी छात्रा बेहोश

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** सात सूत्रीय मांग को लेकर अभाविप के कार्यकर्ता शुक्रवार को मदन अहिल्या महिला कॉलेज की गेट अनशन पर बैठ गए। इस दौरान एक छात्रा बेहोश हो गई। नवगछिया के सभी कॉलेज के छात्रावास शुरू करने, नवगछिया में पीजी की पढ़ाई शुरू करने, जीबी कॉलेज की चाहरदिवारी का पुनर्निर्माण, महिला कॉलेज के मैदान खेलने लायक हो आदि मांगों को लेकर अभाविप कार्यकर्ता अनशन पर बैठे। अभाविप की कॉलेज अध्यक्ष कुसुम कुमारी ने बताया कि मांगे पूरी होने तक हम सभी अनशन पर बैठे रहेंगे। अभावीप की कॉलेज मंत्री और सह मंत्री दीपा और दीक्षा भारद्वाज ने बताया कि कुलपति के द्वारा बार-बार आश्वासन दिया जाता है कि छात्रावास चालू कर दिया जाएगा लेकिन यह अबतक शुरू नहीं हो पाया है। अभाविप के अनुज चौरसिया ने बताया कि अभाविप की एक कार्यकर्ता अनशन स्थल पर बेहोश हो गई लेकिन कॉलेज और



महाविद्यालय प्रशासन का एक भी पदाधिकारी छात्रा को देखने तक नहीं आया। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। मौके पर पंकज यादव, विश्वास वैभव, साक्षी, कुसुम, शुभम, निकेता, खुशी, मिष्टी, पल्लवी, चंचल, अलका, पुनम, रेणु, अन्नु, डोली निधि, आंचल आदि मौजूद थे



# श्रावणी मेला: पहलेजा घाट से गंगाजल लेकर पहला जत्था रवाना, 22 जुलाई को बाबा गरीबनाथ का जलाभिषेक करेंगे

**पटना, एजेंसी।** 22 जुलाई से पवित्र श्रावणी मेला शुरू हो रहा है। सावन की पहली सोमवारी पर बाबा गरीबनाथ का जलाभिषेक करने के लिए शुक्रवार की शाम कांवरियों का पहला जत्था पहलेजा घाट से गंगाजल लेकर रवाना हो गया। शनिवार की शाम तक कांवरियों का जत्था वैशाली सीमा के विभिन्न क्षेत्रों में ही रहेगा। इस दिन रात से कांवरिये मुजफ्परपुर की सीमा में प्रवेश करने लगेंगे।

पहलेजा जाने से पूर्व सुबह में कांवरियों का जत्था गेरुआ वस्त्रत्त् धारण कर कंधे पर कांवर और हाथों में कलश लेकर बाबा गरीबनाथ मंदिर पहुंचे। यहां पूजा करने के बाद मंदिर के पुजारी ने कांवरियों को चंदन टीका लगाकर रवाना किया। वहीं दूसरी ओर श्रावणी मेला में इस बार सीसीटीवी के साथ-साथ ड्रोन कैमरे से भी भीड़ की निगरानी होगी। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन का सर्वर एआई तकनीक से जोड़ा जाएगा, ताकि भीड़ नियंत्रण के लिए उपाय तुरंत किये जा सके। पहली बार गंगा स्नान के समय घाट पर लॉकर की भी सुविधा दी जाएगी।

### मेले के दौरान बच्चों को पिलायी जाएगी पोलियो की खुराक

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि 22 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावणी मेला में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट रहेगा। इस दौरान सैकड़ों शिविरों में आपातकाल से लेकर सामान्य अवस्था वाली चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसी क्रम में पांच साल तक के बच्चों को विशेष अभियान के तहत पोलियो खुराक पिलायी जाएगी। बयान में मंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान हजारों श्रद्धालु भारत के विभिन्न राज्यों एवं पड़ोसी देश नेपाल से देवघर जाने के लिए भागलपुर, मुंगेर और बांका जिला से गुजरेंगे। इस मौके पर उनके साथ छोटे बच्चे भी होंगे। ऐसी स्थिति में इन तीन जिलों में 22 जुलाई से 19 अगस्त तक पल्स पोलियो का विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ ही 10 दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया है। जबकि वर्ष 2024 में पड़ोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पांच-पाच पोलियों के मरीज पाए गए हैं। ऐसी स्थिति में राज्य में पोलियो के संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

### डेढ़ दर्जन बीपीएससी अधिकारियों की तैनाती

कांवर यात्रा के दौरान कांवरियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका ध्यान रखते हुए सरकार ने हर स्तर की व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिहार प्रशासनिक सेवा (बिप्रसे) के डेढ़ दर्जन अधिकारियों की तैनाती की गई है। इन सभी अधिकारियों को भागलपुर व बांका समाहरणालय में प्रतिनियुक्ति किया है।



# कैसे बनें कंटेंट राइटर और क्या होगी सैलरी

हर कंपनी के पास एक ऐसी टीम होती है। जो कंपनी का सोशल मीडिया, ब्लॉग्स और वेबसाइट आदि को मैनेज करती है। ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपनी स्किल्स को बढ़ाकर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

आज के दौर में हर कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल जमकर कर रहा है। वहीं आपने भी देखा होगा कि छोटी-बड़ी कंपनियों के भी सोशल मीडिया पर प्रोफाइल बने हैं, जिन पर हर रोज कुछ न कुछ अपडेट आता रहता है। सोशल मीडिया एप पर आप कंपनियों के बारे में विस्तृत जानकारी ले सकते हैं। आज के समय में कंपनी के यू-ट्यूब अकाउंट, ट्विटर, इंट्राग्राम, टेलीग्राम समेत तमाम पेजों को नियमित तौर पर मैनेज किया जाता है। हालांकि जब पहले सोशल मीडिया का जमाना नहीं था, तब कंपनी की पहचान सीमित हुआ करती थी। लेकिन सोशल मीडिया के इस दौर में हर कंपनी की अपनी पहचान लोकल से ग्लोबल तक है। इन सबमें कंटेंट राइटिंग का रोल सबसे ज्यादा अहम होता है। दरअसल, कंपनी को लोकल से ग्लोबल तक पहुंचाने में कंटेंट राइटिंग का रोल महत्वपूर्ण है, जिसके लिए हर कंपनी के पास एक ऐसी टीम होती है। जो कंपनी का सोशल मीडिया, ब्लॉग्स और वेबसाइट आदि को मैनेज करती है। इस हिसाब से देखा जाए, तो टीम में कंटेंट राइटर का पद सबसे ज्यादा अहम होता है।

बता दें कि कंटेंट राइटर कंपनी की पहचान, उसके प्रोडक्ट और कंपनी के बारे में जो लिखता है। उसी के आधार पर कंपनी मार्केट में ब्रांड बनकर उभरती है। यदि आप किसी कंपनी के बारे में अच्छे से जानना चाहते हैं, तो सोशल मीडिया या वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जा रहे कंपनी द्वारा कंटेंट से तय होता है। इसके अलावा कंपनियां कंपनी के बारे में ई बुक, कंपनियों की वार्षिक विवरण पुस्तिका, प्रोडक्ट का यूजर मैनुअल या दीक्षांत समारोह का न्यूज लेटर आदि सब कंटेंट राइटर की तैयार करते हैं।

वर्तमान समय में तमाम वेबसाइट्स कंटेंट राइटर्स को मोटी पगार पर हायर करती हैं। यही कारण है कि 12वीं और ग्रेजुएशन पास अभ्यर्थी कंटेंट राइटिंग कर लाखों रुपए कमा रहे हैं। इसी वजह से लोग इसको एक प्रोफेशन को देख रहे हैं। ऐसे में इस फील्ड में आगे बढ़ने की तमाम संभावनाएं हैं। ऐसे में आप भी कंटेंट राइटिंग का कोर्स कर अपने सपने को साकार कर सकते हैं।

## सैलरी

शुरूआत में एक कंटेंट राइटर के तौर पर कंपनी आपको सालान 2-3 लाख रुपए अदा करती हैं। वहीं समय के साथ अनुभव बढ़ने पर कंटेंट राइटर को सालान 4-5 लाख तक का पैकेज आसानी से मिल जाता है। बता दें कि आमतौर पर एक कंटेंट राइटर को 20 हजार से लेकर 35 हजार रुपए प्रतिमाह सैलरी मिलती है।

## ऐसे बनाएं कॅरिअर

अगर आप भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, तो अभ्यर्थी डिजिटल मार्केटिंग, ग्रॉफिक्स डिजाइनिंग जैसे फील्ड में अपना कॅरियर बना सकते हैं। अभ्यर्थी घर बैठकर कई टेक्निकल कोर्सेस के साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं।



# आर्टिस्टिक होने के साथ लॉजिकल थिंकर होते हैं प्रोडक्ट डिजाइनर्स



**स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, बच्चों के खिलौने से लेकर ड्राइंग रूम के स्टाइलिश व स्मार्ट फर्नीचर्स तक आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फरि चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्टिनकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग जिसमें इन दिनों युवाओं का अच्छा रुझान देखा जा रहा है।**

## वर्क प्रोफाइल

प्रोडक्ट डिजाइनर्स कमर्शियल मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के लिए आर्टिकल्स, प्रोडक्ट्स, मटीरियल्स डिजाइन करते हैं। कोई भी चीज डिजाइन करने से पहले ये उसकी विजुअल अपील और प्रैक्टिकल यूज का पूरा ध्यान रखते हैं। एक प्रोडक्ट डिजाइन को कार, होम अप्लायंस, कम्प्यूटर, मेडिकल इक्विपमेंट, ऑफसि या रिक्रिएशन इक्विपमेंट, खिलौने आदि कुछ भी डिजाइन करने पड़ सकते हैं। उन्हें मार्केट रिसर्चर्स, एडवरटाइजिंग टीम और प्रोडक्शन मैनेजस से इंटरेक्ट करने के अलावा ग्राफकि डिजाइनर्स के साथ काम करना होता है।

## स्किल्स

प्रोडक्ट डिजाइनर को आर्टिस्टिक होने के साथ लॉजिकल थिंकर होना भी जरूरी है। आपके पास आउट ऑफ बॉक्स आइजिडयाज होंगे तो अलग पहचान बना सकेंगे। इसी तरह ऑब्जर्वेशन स्किल और विजुअल इमेजिनेशन बेहतरीन होनी चाहिए। आपको ड्रांइग के माध्यम से अपने आइडियाज को एक्सप्रेस करना, कंज्यूमर गुड्स के प्रोडक्शन और मार्केटिंग की समझ होनी चाहिए।

## शैक्षणिक योग्यता

अगर आपके पास आर्किटेक्चर या इंजीनियरिंग में डिग्री होगी, तो आप आईआईटी से इंडस्ट्रीयल डिजाइनिंग में मास्टर्स कर सकते हैं। इससे करियर ग्रोथ अच्छी रहेगी। वैसे, साइंस स्ट्रीम से बारहवीं करने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन या आईआईटी से इंडस्ट्रियल डिजाइन का कोर्स कर, प्रोडक्ट डिजाइनिंग की फील्ड में आ सकते हैं।

## मार्केट में अवसर

मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के डिजाइन डिपार्टमेंट में प्रोडक्ट डिजाइनर्स की अच्छी मांग होती है। आप इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट डिजाइनर , वॉच डिजाइनर, फुटवियर डिजाइनर, डिजिटल डिजाइनर, आदि के रूप में करियर शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कंसलटिंग फर्म्स में जॉब की जा सकती है।

## प्रमुख संस्थान

- इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी बॉम्बे
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे






# काम आएगी अखबार पढ़ने की आदत

**अखबार पढ़ने की आदत बैंकिंग परीक्षा के करंट अफेयर्स सेक्शन तथा इंग्लिश सेक्शन दोनों ही में आपकी मदद करेगी। बैंकों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा में यह परखा जाता है कि उम्मीदवार सीमित समय में समस्याओं को हल करने में कितना सक्षम है। इसमें न्यूनतम समय में उम्मीदवार की लॉजिकल रीजनिंग क्षमता तथा निर्णय क्षमता का आंकलन किया जाता है। साथ ही अपने आसपास की घटनाओं और अंगरेजी भाषा के ज्ञान की कसौटी पर भी उम्मीदवार को कसा जाता है। इसमें करंट अफेयर्स तो ऐसा विषय है, जिस पर आपकी पकड़ को रिटर्न टेस्ट ही नहीं, पर्सनल इंटरव्यू में भी जांचा जाता है।**

## पढ़ने की आदत पड़ती है

परीक्षा के लिहाज से, पढ़ने की आदत विकसित करना बहुत जरूरी है। इससे इंग्लिश लैंग्वेज पेपर को हल करने में बहुत मदद मिलती है। रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन व पैसेज वाले हिस्से में अच्छे अंक लाने के लिए अच्छी रीडिंग स्किल जरूरी है। इसका अभ्यास करने के लिए अखबार एक अच्छा मंच है। आप अखबार में जो भी पढ़ें, उसका अर्थ अच्छी तरह समझें और उसे एक कागज पर लिख लें। यह भी देखें कि ऐसा आपने कितने समय में किया।

## सेंटेंस फॉर्मेशन की जानकार

अंग्रेजी भाषा में लिखने का कोई तयशुदा फ्रेम नहीं है। इसमें वाक्य बिल्कुल सरल भी हो सकते हैं और बेहत जटिल भी। जो उम्मीदवार खुद को इंग्लिश में कमजोर महसूस करते हैं और इस भाषा को बस अभी-अभी समझने लगे हैं, उनके लिए इंग्लिश अखबार पढ़ना बहुत ही फायदेमंद रहेगा। अखबारों में काफी सरल वाक्य रचना होती है। इन्हें पढ़कर आप एक्टिव/ पैसिव वॉइस, वर्ब्स, ग्रामर, टेन्स आदि को बेहतर समझ सकते हैं।

## राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समाचार एकत्र करना

न्यूज एंड करंट अफेयर्स बैंकिंग एग्जाम्स का एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि जनरल नॉलेज पेपर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय महत्व की ताजा घटनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। आपको चाहिए कि आप रोज अखबारों में महत्वपूर्ण न्यूज आइटम चिह्नित कर लें और फिर आने वाले दिनों में इनका फॉलो-अप लेते रहें। सबसे महत्वपूर्ण समाचारों को खास तौर पर नोट करें और परीक्षा की तैयारी करते हुए इन्हें रिवाइज करते रहें।

## इंटरव्यू राउंड में करंट अफेयर्स का लाभ

समसामयिक घटनाक्रम से अवगत रहना इसलिए भी जरूरी है कि पसर्नल इंटरव्यू राउंड में इंटरव्यू पैनल इसके प्रति आपकी जागरूकता की परीक्षा ले सकता है। यदि आप नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहे हैं, तो इन घटनाओं की जानकारी आपको मुंह-जुबानी याद होगी।

## बढ़ता है आत्मविश्वास

रोज अखबार पढ़ने की आदत आपके आत्मविश्वास से भी भर देती है। आपको राजनीति, अर्थतंत्र, खेल आदि विषयों की जानकारी मिलती है। इससे आप रिटन एग्जाम, पर्सनल इंटरव्यू या ग्रुप डिस्कशन का सामना भी पूरे आत्मविश्वास के साथ कर सकते हैं। जानकारी होने पर आप स्पष्टता के साथ तथ्यों का विश्लेषण भी कर सकते हैं। बैंकिंग एग्जाम क्रैक करना साल-दर-साल मुश्किल होता जा रहा है। कारण यह कि सीमित संख्या के पदों के लिए आवेदन करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसकी तैयारी के लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है और ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करना पड़ता है। अखबार इस ज्ञान का बहुत ही अहम स्रोत साबित होते हैं और कई तरह से आपकी मदद करते हैं।



**राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, बिहार से लेकर दक्षिण के कई राज्यों की ऐतिहासिक इमारतें और धरोहरें हमेशा से घरेलू व विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर खींचती रही हैं।ऐसे में इन धरोहरों को सहेजना, उनका संरक्षण करना जरूरी हो जाता है। यही जिम्मेदारी संभालते हैं कंजर्वेशन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट, जो स्मारकों, किलों, महलों, मंदिरों के अलावा बेशकीमती पांडुलिपियों, मूर्तियों, सिक्कों या वॉल पेंटिंग्स जैसे म्यूजियम ऑब्जेक्ट्स को सहेजकर रखते हैं।**

# हेरिटेज और कल्चरल टूरिज्म की रीढ़ है कंजर्वेशन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट

भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विविधता बेमिसाल मानी जाती है। राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, बिहार से लेकर दक्षिण के कई राज्यों की ऐतिहासिक इमारतें और धरोहरें हमेशा से घरेलू व विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर खींचती रही हैं। अगर आपको भी ऐतिहासिक विरासतों के संरक्षण में दिलचस्पी है, तो म्यूजियोलॉजी या हेरिटेज मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद इस उभरते हुए क्षेत्र में करियर संवार सकते हैं।

## जॉब स्कॉप

यूनेस्को की ओर से देश की 32 धरोहरों को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स का दर्जा मिला हुआ है। ये सभी देश के कल्चरल टूरिज्म के बड़े गंतव्य हैं लेकिन बेतरतीब शहरीकरण व व्यवसायीकरण से इन धरोहरों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। इनके रखरखाव की जरूरत महसूस की जाने लगी है, जो सिर्फ प्रशिक्षित और हुनरमंद हेरिटेज कंजर्वेटर ही कर सकते हैं। यही कारण है कि हाल के वर्षों में हेरिटेज कंजर्वेटर, आर्ट रिस्टोरर और म्यूजियोलॉजिस्ट जैसे पेशे का महत्व काफी बढ़ गया है। संग्रहालयों का भी सामाजिक और शैक्षणिक महत्व दिनो-दिन बढ़ता जा रहा है। देश में आर्ट म्यूजियम, आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम, वैक्स म्यूजियम, विज्ञान/ तकनीक/ मैरिटाइम म्यूजियम तथा मिलेट्री व वॉर म्यूजियम के रूप में कई तरह के म्यूजियम्स संचालित हो रहे हैं, जिनमें हेरिटेज एक्सपर्ट्स की अच्छी डिमांड है।

## करियर के अवसर

भारत में हेरिटेज मैनेजमेंट सेक्टर भले ही अभी नया है लेकिन इसमें जॉब के अवसर कम नहीं हैं। म्यूजियोलॉजी और हेरिटेज मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए टीचिंग और रिसर्च वर्क के अलावा नेशनल/ स्टेट म्यूजियम्स, आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम्स, आर्ट गैलरीज, कंजर्वेशन लैब्स, लाइब्रेरी, आर्काइव्स, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ आर्कियोलॉजी, पर्यटन विभाग तथा एनजीओ में जॉब के ढेर सारे मौके हैं। ऐसे जानकारों की सेवाएं विदेश मंत्रालय की हिस्टोरियन डिविजन, शिक्षा मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च आदि में भी ली जाती हैं। यूनेस्को और यूनिसेफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भी जॉब की अच्छी संभावनाएं हैं। म्यूजियोलॉजी या हेरिटेज मैनेजमेंट के विद्यार्थी वर्तमान में बड़ी संख्या में इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट एंड कल्चर, इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट, कल्चर एंड हेरिटेज तथा म्यूजियम्स में कंजर्वेटर, हेरिटेज मैनेजर, क्यूरेटर, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर, रिसर्च एसोसिएट या आर्ट कंसल्टेंट जैसे पदों पर सेवाएं दे रहे हैं।

## वर्क प्रोफाइल

म्यूजियोलॉजी यानी म्यूजियम से जुड़ा विज्ञान। इस कोर्स के अंतर्गत मुख्य रूप से म्यूजियम के प्रशासन तथा मैनेजमेंट से जुड़े पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। पाठ्यक्रम के रूप में संग्रहालय विस्थापन, वैज्ञानिक/ कलात्मक/ ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वस्तुओं की देखभाल/ संरक्षण, कलाओं का प्रस्तुतिकरण, म्यूजियम कलेक्शन, डिजाइनिंग तथा डॉक्यूमेंटेशन आदि विषयों की जानकारी दी जाती है, जबकि हेरिटेज कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट कोर्स एक इंटर-डिसिप्लिनरी स्पेशलाइज्ड कोर्स है। इसके अध्ययन का दायरा दो हिस्सों में बंटा है- हेरिटेज कंजर्वेशन तथा हेरिटेज मैनेजमेंट। हेरिटेज कंजर्वेशन एक टेक्निकल फील्ड है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों की खुदाई में मिले म्यूजियम ऑब्जेक्ट्स यानी दुर्लभ पांडुलिपियों, मूर्तियों, पुराने सिक्कों या प्राचीन कलाकृतियों को नष्ट होने से बचाने की जानकारी दी जाती है। वहीं, हेरिटेज मैनेजमेंट पूरी तरह से एडमिनिस्ट्रेटिव व आर्किटेक्चरल फील्ड है, जिसमें स्मारकों के प्रबंधन, रखरखाव व साजसज्जा की जानकारी दी जाती है।

## पर्सनल स्किल

हेरिटेज कंजर्वेशन बिल्कुल अलग तरह का कोर्स है। इसलिए इस क्षेत्र में वे ही युवा आएं, जिन्हें इतिहास, कला या सांस्कृतिक चीजों में रुचि हो क्योंकि बगैर रुचि और समर्पण के इस क्षेत्र में तरक्की कर पाना मुश्किल है। यदि प्रबंधन क्षेत्र से जुड़ना चाहते हैं, तो आर्किटेक्चरल स्किल, टेक्निकल स्किल के अलावा आपमें प्रशासनिक क्षमता, अच्छी ऑबजर्वेशन स्किल और विश्लेषण की दक्षता भी होनी चाहिए।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### दहशत के खिलाफ प्रशासनिक तंत्र में बेहतर तालमेल पहली जरूरत

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सोमवार रात आतंकियों से मुठभेड़ में एक कैप्टन समेत चार जवानों की शहादत ने फिर से यह उजागर किया है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जितनी मुश्किल है, उतनी ही आवश्यक भी है। पिछले करीब चालीस दिनों में 12 जवान और 10 आम नागरिक विभिन्न आतंकी वारदातों व मुठभेड़ों की भेंट चढ़ चुके हैं। साफ है, घाटी में सुरक्षा बलों की सक्रियता से बौखलाए आतंकी अपने दुस्साहस से अब राज्य के उस खित्ते में दहशत पैदा करना चाहते हैं, जिसे हालिया वर्षों में अपेक्षाकृत शांत माना जाता रहा है। डोडा भी इसी जम्मू संभाग का एक जिला है। अभी चंद रोज पहले कठुआ में फौजी वाहन पर आतंकी हमले में पांच फौजी शहीद हुए थे। हालांकि, घने जंगलों का फायदा उठाकर आतंकी तब बच निकले थे। इस बार सर्च ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाकर्मियों की परेशानी यह है कि जम्मू खित्ते के रिहाइशी इलाकों में आबादी काफी घनी है और वन क्षेत्र इतने सघन हैं कि उनकी हवाई निगरानी मुमकिन नहीं। ऐसे में, दहशतगर्दों की पहचान करने और उन्हें घेरने में काफी कठिनाई होती है। डोडा वारदात की जिम्मेदारी लेने वाले 'कश्मीर टाइगर्स' जैसे आतंकी संगठनों की ताजा बौखलाहट की एक बड़ी वजह जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक प्रक्रिया की बहाली को लेकर बढ़ी सरगर्मी है। राज्य में लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए अगले चंद महीनों में ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में, आतंकियों की बेचैनी समझी जा सकती है कि जिस तरह लोकसभा चुनाव में घाटी में लोग मतदान केंद्रों पर उमड़ पड़े और दशकों पुराना रिकॉर्ड टूटा, अगर विधानसभा चुनाव में लोगों का उत्साह और बढ़ा, तो जिन 'स्लीपर सेल्स' की बदौलत वे दहशत का अपना पूरा कारोबार चलाते हैं, वे भी मुख्यधारा के प्रति आकर्षित होकर, उनके खिलाफ हो सकते हैं और फिर उनके सफाये में बहुत वक्त नहीं लगेगा। इसलिए उन्होंने घाटी के बजाय जम्मू संभाग में अपनी सक्रियता बढ़ाई है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित किया जा सके और सीमा पार के आकाओं से मदद हासिल करने का सिलसिला जारी रहे। मगर आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की लड़ाई के इस अहम मोड़ पर जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने राज्य पुलिस को जिस तरह से घेरने की कोशिश की है, उसकी सराहना नहीं की जा सकती। महबूबा सूबे के शीर्ष पुलिस अधिकारी पर जैसे आरोप लगा रही हैं, उससे पहले से ही विभाजित समाज में न सिर्फ ध्रुवीकरण और गहराएगा, बल्कि सुरक्षा बलों के मनोबल पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा। पुलिस के आला अधिकारी यदि यह कह रहे हैं कि घाटी के नागरिक समाज में पाकिस्तानी 'घुसपैठ' को बढ़ावा देने में कतिपय राजनीतिक दलों का रुख भी जिम्मेदार रहा है, तो क्या यह आधारहीन है? विडंबना यह है कि किसी भी राज्य को आतंक-मुक्त करने के लिए राजनीतिक वर्गों और प्रशासनिक तंत्र में बेहतर तालमेल पहली जरूरत है। जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दलों को इसको जानने के लिए दूर देखने की भी आवश्यकता नहीं है। पंजाब में आतंकवाद के सफाये में कामयाबी इसलिए मिल सकी, क्योंकि वहां के तमाम राजनीतिक दलों ने एक सुर में आतंकियों का विरोध किया। मगर उस राजनीतिक एकजुटता की कमी जम्मू-कश्मीर में हमेशा दिखी। इसलिए समय की मांग है कि राजनीतिक पार्टियों और पुलिस-प्रशासन से जुड़े लोग पहले एकजुटता दिखाएं, वरना आतंकी उनके सार्वजनिक मतभेदों का लाभ उठाते रहेंगे।

## मनोबल बढ़ाकर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की तैयारी में भाजपा

(मृत्युंजय दीक्षित)

उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने संबोधित किया और विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश जहां से लोकसभा की 80 सीटें आती हैं, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने का लक्ष्य रखा था किंतु अधूरा रह गया और भाजपा को मात्र 37 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। स्थिति इतनी प्रतिकूल हो गई कि अयोध्या विधानसभा सीट वाली फैजाबाद संसदीय सीट पर भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। स्वाभाविक है भाजपा को गहरा धक्का लगा और पारस्परिक आरोप प्रत्यारोप, और मीडिया हलचल के बीच अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। बिल्ली की तरह योगी-मोदी के मध्य संबंधों के ख़राब होने का छींका टूटने की आस में बैठे विरोधी अति उत्साह में घूमने लगे, बड़े-बड़े बयान देने लगे। इस पूरी मीडिया हलचल के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शांत भाव से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने काम में लगे हैं, प्रदेश के विकास को गति देने के लिए, जनता की जनसमस्याओं को हल करने के लिए और साथ ही पार्टी की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर स्वयं ही धरातल पर उतरकर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। लोकसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी मंडल व जिला अध्यक्षों तथा विधायकों से मिलकर पराजय की गहन समीक्षा कर रहे हैं, जिसमें वह पूछ रहे हैं कि 2019 और 2022 में हमारी विजय का आधार क्या था और 2027 में पीछे रहने का क्या कारण है ? कार्यक्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सदा की तरह पूरी कर्मठता से सक्रिय हैं। हाथरस की भीषण दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथरस में थे और बाढ़ क्षेत्रों में नाव से सर्वेक्षण करते हुए पीड़ितों के बीच पहुंच रहे हैं। कई अफवाहों की धुंध के बीच लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया है। कार्यसमिति की इस बैठक से पहले भाजपा के महामंत्री बीएल संतोष ने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के साथ बैठक कर पराजय के कारणों की गहन समीक्षा करने के साथ ही सभी उपचुनाव जीतने का संकल्प लिया था। प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति की बैठक से स्पष्ट सन्देश दिया गया है कि प्रदेश में आगामी सभी चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ही लड़े जाएंगे। स्वाभाविक है कि इससे आप नेता अरविंद केजरीवाल, सपा मुखिया अखिलेश यादव, कांग्रेस और भाजपा के अंदर बैठे कुछ गुटबाज निराश हो गये हैं। पार्टी के बाहर हों या अन्दर योगी विरोधियों को अब इस सपने से बाहर आना होगा कि उत्तर प्रदेश से योगी जी को हटाया जा रहा है। यह बात अलग है कि आने वाले दिनो में यूपी मंत्रिमडल का विस्तार और फेरबदल आदि हो सकता है और वह जो भी होगा वह इंडी गठबंधन की रणनीतियों को ध्यान में रखकर होगा। कुछ सीटों पर पराजय से प्रदेश की भाजपा सरकार व उसका विकास का एजेंडा बैकफुट पर नहीं जाने वाला है। प्रदेश की भाजपा सरकार समग्र विकास के एजेंडे के साथ हिन्दुत्व के मुद्दे पर भी मजबूती से आगे बढ़ेगी। प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने संबोधित किया और विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। भाजपा कार्यसमिति की बैठक में राजनैतिक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें एससी व ओबीसी आरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई । भाजपा की डबल इंजन सरकार ने एससी व ओबीसी के लिए जो कार्य किये हैं उनके विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रस्ताव में संविधान पर भी चर्चा की गई और कहा गया है कि हमारी सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया है। हम संविधान को सिर्फ राजकाज का हिस्सा नहीं मानते संविधान जनचेतना का हिस्सा हो इसी ध्येय के साथ हमारी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना प्रारम्भ किया है। कार्यसमिति में भाजपा को अपेक्षित सफलता न मिल पाने का एक कारण विपक्ष का झूठा प्रचार भी बताया गया है। भाजपा के प्रस्ताव में सपा पर निशाना साधा गया और कहा गया कि विपक्ष में होने पर पिछड़े दलितों वंचितो के हितैषी होने का ढोंग करने वाले सपाई जब सत्ता में होते हैं तब असली रंग दिखाते हैं। सत्ता में रहते हुए प्रमोशन में आरक्षण समाप्त करने का कार्य करते हैं। भाजपा कार्यसमिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान की कड़ी निंदा की गई और कहा गया कि राहुल के बयान से हिंदू समाज आहत है जिसके लिए उन्हें हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। एक अन्य प्रस्ताव में प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की गई। कार्यसमिति की बैठक में भाजपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहले सभी 10 उपचुनाव जीतने का संकल्प लिया साथ ही 2027 में प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए अभी से जुट जाने की अपील की गई। कार्यसमिति की बैठक में भाजपा ने तीन माह के कार्यक्रम भी घोषित कर दिये गये हैं। समिति की बैठक से यह साफ संदेश जा रहा है कि अब भाजपा दलितों को साधने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। कार्यसमिति की बैठक में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान कर उसका विस्तार करने पर बल दिया गया है जिसके लिए अब बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन विस्तार की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।सदस्यता अभियान भी तीव्र गति से चलाया जाएगा। साथ ही कुछ अन्य कार्यक्रमों की भी घोषणा की गई है। कार्यसमिति ने विकसित भारत के मंत्र के साथ, कार्यकर्ता प्रथम के विचार के साथ आगे बढ़ने व सभी उपचुनाव जीतने का संकल्प लिया है। कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया में सक्रिय रहने की अपील की गई है। बैठक में सभी नेता इस बात पर सहमत रहे कि कार्यकर्ताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कर दिया है कि अब उछलकूद करने वालों को अवसर नहीं मिलेगा और सभी 10 उपचुनाव बीजेपी ही जीतेगी। यह भी साफ हो गया है कि भाजपा कार्यकर्ता को अब बैकफुट पर नहीं जाना है बीजेपी का नेतृत्व अब फ्रंटफुट पर विपक्ष का मुकाबला करने के लिए मैदान पर उतरने जा रहा है।

*मुहर्रम की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब मुहर्रम पर सड़कें सूनी हो जाती थीं, ताजिया के नाम पर घर तोड़ जाते थे, पीपल के पेड़ काटे जाते थे, सड़कों के तार हटाये जाते थे। आज हमारा स्पष्ट निर्देश है कि पर्व और त्यौहार मनाना है तो नियमों के अंतर्गत मनाओ वरना घर में बैठ जाओ। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि प्रदेश माफिया मुक्त हो चुका है उन्होंने साफ कहा कि जब तक भारत में भगवान राम, कृष्ण और शिवजी की पूजा होती रहेगी तब तक भारत व सनातन को कोई समाप्त नहीं कर सकता।*

## चढ़ती कीमतों को नीचे लाने के उपाय

(अरुण कुमार, वरिष्ठ अर्थशास्त्री)

पिछले महीने यूरोपीय संघ ने यह कहते हुए ऋण दरों में कटौती की थी कि उसने महंगाई को काफी हद तक काबू में कर लिया है। ऐसा करने वाली वह दूसरी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था थी, क्योंकि इससे पहले कनाडा ने भी दरों में कमी करने का एलान किया था। अब अमेरिका ने भी लगातार तीन महीने तक महंगाई कम होने के कारण यह संकेत दिया है कि जल्द ही फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। जाहिर है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक देश अपने यहां दरों में कमी कर रहे हैं, जिससे लगता है कि महंगाई को नियंत्रित करने में वे सफल साबित हो रहे हैं। इसकी वजह यह हो सकती है कि कोरोना महामारी, यूक्रेन संकट और फिर इजरायल-हमास जंग की वजह से वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर जो नकारात्मक असर पड़ा था, उससे पार पाने में उन्हें सफलता मिलने लगी है। मगर भारत में हालात चुनौतीपूर्ण नजर आते हैं। यहां फल-सब्जियां ही नहीं, खाद्यान्न के दाम भी चढ़ रहे हैं। अक्सर देखा गया है कि गर्मी बढ़ने या बारिश ज्यादा होने से फलों और सब्जियों की कीमतें बढ़ जाती हैं, क्योंकि इनके भंडारण की समुचित व्यवस्था अपने देश में नहीं है। मगर क्या वजह है कि गेहूं, चावल जैसे खाद्यान्न की कीमतें भी चढ़ रही हैं, जबकि इनका संग्रह किया जा सकता है और हमारे पास इनका पर्याप्त भंडार भी है? वह भी तब, जब इनकी रिकॉर्ड पैदावार के दावे किए गए थे और हमने निर्यात पर भी रोक लगा दी थी? साफ है, भारत में विशेषकर खाने-पीने की वस्तुओं का प्रबंधन काफी कमजोर है, और यह भी कि शायद रिकॉर्ड उत्पादन नहीं हुआ है। कुछ विशेषज्ञ कहते भी हैं कि उत्पादन के आकलन का मौजूदा तरीका गलत है, जिसमें सुधार की सख्त जरूरत है। अभी महंगाई दो तरीकों से मापी जाती है- एक, थोक मूल्यों के आधार पर, और दूसरा, उपभोक्ता मूल्यों के आधार पर। थोक मूल्य मूलतः उत्पादकों से जुड़ा है। किसानों, फैक्टरियों या उत्पादन करने वाली इकाइयों आदि के थोक उत्पाद इसमें शामिल होते हैं। महामारी के बाद भारत में थोक मूल्य सूचकांक में काफी बढ़ोतरी देखी गई थी। एक समय तो यह 15 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रहा था। मगर इसकी तुलना में उपभोक्ता मूल्य उतना नहीं बढ़ा और वह सात-आठ प्रतिशत पर बना रहा। इसके बाद थोक मूल्य नीचे लुढ़का, लेकिन उपभोक्ता मूल्य पर आधारित महंगाई में बहुत कमी नहीं आई। रिजर्व बैंक द्वारा तय चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के लक्ष्य के करीब आने में भी इसे खासा वक्त लगा। आज भी यह पांच प्रतिशत से अधिक की रफ्तार से बढ़ रही है। सवाल है, महंगाई आम आदमी को किस तरह परेशान करती है? दरअसल, हर तबके के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का अर्थ अलग-अलग होता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि हर वर्ग के लिए उपभोग की प्राथमिकता अलग-अलग होती है। मसलन, गरीबों के बजट में खाने-पीने की वस्तुओं की हिस्सेदारी 40 फीसदी तक होती है, जबकि अमीर तबके में यह बमुश्किल पांच प्रतिशत। इसी कारण जब खाद्यान्न के दाम बढ़ते हैं, तो गरीबों की थाली कहीं ज्यादा बिगड़ जाती है। इसके बनिस्बत, महंगाई अमीरों की बचत पर चोट करती है, क्योंकि वे अपनी बचत घटाकर ही महंगाई से लड़ते हैं, वहीं एक तबका व्यापारी वर्ग भी है, जिसके लिए महंगाई कारोबारी लाभ लेकर आती है। ऐसे में, जरूरी है कि महंगाई से पार पाने के लिए पर्याप्त उपाय किए जाएं। इस दिशा में फूड मैनेजमेंट, यानी खाद्य प्रबंधन काफी अहम साबित हो सकता है। गेहूं, चावल जैसे उत्पादों के दाम इसलिए फल अथवा सब्जियों की तरह तेजी से ऊपर-नीचे नहीं होते, क्योंकि इनकी सरकारी खरीद होती है और एक नियत मात्रा में इनका भंडारण किया जाता है। हमें बाकी उत्पादों के लिए भी यही रणनीति अपनानी चाहिए। विशेषकर टमाटर, आलू अथवा प्याज को कोल्ड स्टोरेज में रखा जा सकता है। मौजूदा हालात में खाद्य प्रसंस्करण और खाद्य भंडारण को बढ़ावा देना काफी जरूरी है। मगर दिक्कत यह है कि इसमें पर्याप्त मात्रा में निवेश नहीं हो रहा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5437

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5436

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज कारोबार में थोड़ा सा संभलकर काम करने की सलाह है। धन का निवेश न करें वरना आपको नुकसान हो सकता है। भौतिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी। बेहतर होगा कि आप अपनी बात को सभी के सामने दृढ़तापूर्वक रखें तो आपको लाभ होगा। रात का समय सैर सपाटे और आनंद में बीतेगा। मौज मस्ती में दिन अच्छा कटेगा। नज़दीक की यात्रा भी सावधानी से करें।

### वृष
आज आपके जरूरी काम में आ रही बाधाएं दूर होंगी। पूजापाठ में रूचि बढ़ेगी। नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी जो आगे चलकर धन लाभ देंगी। आज आपको भाई बहनों का सुख व सहयोग प्राप्त होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात तक आपका वक्त शुभ कार्य को पूरा करने में बीतेगा।

### कर्क
आज करियर में दिन अनकूलता से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभ में रहेंगे और आपको मेहनत करने पर हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात तक आपका हर कार्य बनेगा और आपको खुशी होगी।

### सिंह
आज लाभ का दिन है और आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आप अपने बात करने के तरीके से लोगों का दिल जीत लेंगे तो आपको कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। लेनदेन में सावधानी बरतें। वरना आपका पैसा फंस सकता है। किसी को उधार देने से बचें। अकस्मात् अतिथि आगमन से खर्च बढ़ना संभव है।

### मिथुन
आज लाभ के योग बन रहे हैं और आपको हर मामले में सफलता प्राप्त होने के योग हैं। भौतिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। सहकर्मियों से प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आपके सुख में वृद्धि होगी और आपके कार्य सफल होंगे। आपके लिए शुभ व्यय भी हो सकता है, जिससे आपकी कीर्ति बढ़ेगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपको लाभ होगा।

### कन्या
आज दिन शुभ है और आपके खर्च कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। धन की अच्छी बचत कर पाएंगे। अच्छे वाहन का सुख प्राप्त होगा। धन की कमी को लेकर आपके घर में आपस में विवाद हो सकता है। बेहतर होगा कि फालतू बातों पर ध्यान न दें और अपने काम पर फोकस करें।

### तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको धन प्राप्ति से कोष वृद्धि होगी। नौकरी वाले जातकों के अधिकारों में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा या राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में आपको विजय प्राप्त होगी। शाम से लेकर रात आप किसी मांगलिक कार्य में भाग लेंगे। आपके धन में वृद्धि होने से प्रसन्नता होगी और दिन शुभ बीतेगा।

### वृश्चिक
आज अचानक से धन की प्राप्ति होने से मन में काफी प्रसन्नता होगी। किसी महान अधिकारी और नेता से भेंटवार्ता होगी और आपके रुके कार्य बन जाएंगे। खान-पान पर विशेष नियंत्रण भी रखें, वरना आपका पेट खराब हो सकता है। निकट या दूर की यात्रा पर जा सकते हैं और आपके कार्य पूर्ण होंगे। नई विधाएं सीखने के अवसर प्राप्त होंगे। व्यर्थ व्यय से बचें।

### मकर
आज दिन मिलाजुला रहेगा। रुके कार्य कुछ झंझट के बाद पूरे हो जाएंगे। सामाजिक शास्त्र पढ़ने में मन लगाएं। आज आप अपनी बात को सत्य सिद्ध कर देंगे। शत्रु पक्ष लज्जित होगा। आपको लाभ के अवसर प्राप्त होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी।

### कुंभ
आज लाभ का दिन है और आपके धन में वृद्धि का दिन है। आपको आज कोई हर्षदायक समाचार मिलेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी। व्यापार की दृष्टि से आज का दिन अनुकूल रहेगा। बेहतर होगा कि आप किसी प्रकार के विवाद से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें।

### धनु
आज कारोबार में सफलता मिलने की संभावना है। जो भी काम करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी। आप कोई पुराना उधार चुका पाने में सफल होंगे। कर्ज लेने से बचें और अपने काम पर फोकस करें। संतान पक्ष की तरफ से काफी खुश रहेंगे और करियर में उनके प्रदर्शन को देखकर खुश रहेंगे। भौतिक साधनों पर व्यय होने का योग हैं और आपकी सुख सुविधाएं बढ़ेंगी।

### मीन
आज दिन लाभ से भरा होगा। महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए दिन शुभफलदायक रहेगा। आपको यात्रा करने पर सफलता प्राप्त होगी और आपके सभी कार्य सरलता से पूरे होंगे। आपकी दोपहर के बाद किसी उच्च अधिकारी से बहस हो सकती है। सावधान रहें और अपने काम पर ध्यान दें। कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। शाम के वक्त कोई रुका कार्य पूर्ण होने से आपको प्रसन्नता होगी।

## वर्ग पहेली 5437

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | 7 | | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | | ■ | 11 | | | |
| ■ | 12 | | 13 | | ■ | | ■ |
| 14 | ■ | ■ | 15 | | 16 | ■ | 17 |
| 18 | 19 | | | ■ | 20 | | |
| 21 | | ■ | 22 | 23 | | ■ | |
| | | | ■ | 25 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1781 को इस देश के निवासियों द्वारा लॉस एंजिल्स की स्थापना की गई (2)
3. काजू का सबसे अधिक उत्पादन और उपभोग इस देश में होता है (3)
6. नफीरी, एक मंगलवाद्य जिसका नाम बिस्मिल्लाखां के साथ जुडा है (4)
8. प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (3)
10. मस्तक, मत्था (3)
11. सुबकी ले लेकर रोना (4)
12. अस्वीकार करना, नकारना, सहमति देना (4)
15. प्रकार, ढंग, विधि (3)
18. घोर ध्वनि करना, गर्जन करना, गाजना (4)
20. नया (2)
21. विस्तार, काला, अनासन्न (2)
22. रहने का ढंग, गिरवी (3)
24. क्रोध या आवेश में आने का भाव, उत्तेजना, झल्लाहट (3)
25. ध्यानी, स्वेच्छाचारी (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**
1. विशिष्ट, अलौकिक, खास (3)
2. स्नान करवाना (4)
3. भ्राता, जो एक ही कुल में उत्पन्न हुआ हो (2)
4. ख्वाहिश, तमन्ना, इच्छा (3)
5. बकवास करना, प्रलाप करना (3)
7. ड्रामा, अभिनेता द्वारा मंच रेडियों, दूरदर्शन आदि पर अभिनय प्रदर्शन (3)
9. पक्षाघात (3)
11. स्वर्ण कर्म, जर निगारी (3)
13. कुल लाल सुर्खी लिए हुए (4)
14. सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की प्रसिद्ध कृति (4)
16. कानून के मुताबिक, विधान के अनुसार (4)
17. श्रवण करना, अभिमुख होना, कान देना (3)
19. मुलायम, कोमल (3)
23. सर्वनाम उत्तम पुरूष का बहुवचन (2)

### वर्ग पहेली 5436 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्या | रे | ला | ल | ■ | क | त | र |
| ज | ल | ज | ■ | ■ | पा | व | न |
| ■ | मा | ■ | त | मा | ल | ■ | क |
| स्व | र्ग | त | रू | ■ | मा | न | ना |
| र | ■ | म | ■ | ज | ली | ल | ■ |
| गं | गा | सा | ग | र | ■ | से | वा |
| गा | ज | ■ | री | ■ | आ | तु | र |
| ■ | र | की | ब | ■ | शा | ■ | ना |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### पुरुलिया से डेंगू का एक मरीज इलाज कराने पहुंचा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** डेंगू से निपटने की चल रहीं तैयारियों के बीच गुरुवार को पुरुलिया से एक मरीज इलाज के लिए जमशेदपुर पहुंच गया। उसे टीएमएच में भर्ती कराया गया है। सर्विलांस पदाधिकारी डॉ. असद अयुब ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम में पिछले दिनों मिले मरीजों के बाद कई दिन से यहां कोई मरीज नहीं मिला है। गुरुवार को यह मरीज आया तो वह भी पुरुलिया से बेहतर इलाज के लिए। हालांकि जमशेदपुर में जगह-जगह पर घरों में जांच जारी है। डेंगू का लार्वा पाए जाने पर लोगों से जुर्माना वसूला जा रहा है। लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है कि वे अपने आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। कूलर में भी पानी को तीन-तीन दिन पर बदलें।

### पटमदा में एकल नारी सम्मेलन, 17 पंचायत लीडर चयनित

**पटमदा, एजेंसी।** एकल नारी सशक्ति संगठन, झारखंड की ओर से पटमदा के महुलबना पंचायत भवन में शुक्रवार को पंचायत स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में चौरा, घाघरा, सुंदरपुर, धादकीडीह व महुलबना गांव की सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान एकल महिलाओं की समस्याओं जैसे पेंशन, राशन, आवास एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए चर्चा गई। इसके अलावा सामाजिक कुरीतियों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान गांव एवं टोला स्तर पर लीडर का चयन किया गया। पूरे पंचायत में 17 लीडरों का चयन हुआ। प्रखंड सहयोगी हिमानी महतो ने सभी सहयोगी को प्रतिमाह की 10 तारीख को पंचायत स्तरीय बैठक में उपस्थित होने की अपील की। जबकि दूसरे पंचायत में भी सम्मेलन के लिए प्रस्ताव रखा गया। कार्यक्रम में संगठिका प्रीति गुड़िया ने उ एकल होने की समस्याओं एवं संगठन की ओर से समाधान करने के संघर्ष को सभी के सामने विस्तार से बताया। शार्क, झारखंड की निदेशिका बिन्नी ने कहा कि 33 हजार से अधिक महिला जुड़ी हुई है। इसमें हर कोई शामिल हो सकता है। कार्यक्रम को युवा नेता विश्वनाथ महतो, कुमार दिलीप व अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

### छेड़खानी का विरोध करने पर मां-बेटे को पीटा

**धनबाद, एजेंसी।** छेड़खानी का विरोध करने पर मनईटांड़ छठ तालाब के रहने वाले मां-बेटे की पिटाई कर दी। घटना शुक्रवार की है। मारपीट में मां-बेटे घायल हो गए। दोनों को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने धनसार थाने में मनईटांड़ के ही रहनेवाले सुधीर साव और उसके भतीजे के खिलाफ शिकायत की है। एसएनएमएमसीएच में इलाजरत महिला ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला सुधीर साव और उसका भतीजा अक्सर उनकी बहू से छेड़खानी करते थे। शुक्रवार को बहू पर अभद्र टिप्पणी की। बहू ने इसकी शिकायत घर में की। बताया कि मैं शिकायत लेकर उसके घर के पास गई और इसका विरोध किया तो सुधीर और उसके रिश्तेदारों ने मुझे बुरी तरह मारा-पीटा। बीच-बचाव करने आए बेटे के साथ भी मारपीट की। आरोप लगाया कि ये लोग मनबढ़ू और अपराधी किस्म के हैं। कुछ दिन पूर्व ही मनईटांड़ गोल बिल्डिंग के पास से इनका भाई हथियार के साथ पकड़ा गया था। पुलिस ने उसे जेल भेजा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस छानबीन कर रही है।

### जेएफसी के हेड कोच खालिद को एआईएफएफ मेन्स कोच ऑफ द ईयर सम्मान

**जमशेदपुर, एजेंसी।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने जमशेदपुर एफसी के हेड कोच खालिद जमील को एआईएफएफ मेन्स कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह सम्मान उनकी असाधारण कोचिंग क्षमता और जमशेदपुर एफसी के साथ हासिल की गई उपलब्धियों का प्रमाण है। एएफसी प्रो लाइसेंस प्राप्त कोच जमील ने 2020-21 सीजन के लिए एफपीएआई कोच ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता था। उन्होंने पिछले सीजन के बीच में जमशेदपुर एफसी के हेड कोच का पद संभाला था, उस समय जब क्लब ने 11 में से केवल 2 गेम जीते थे। उनकी नियुक्ति के बाद क्लब ने 2024 कलिंगा सुपर कप के सेमीफाइनल में पहुंचकर तीनों लीग गेम जीते। जमील के मार्गदर्शन में जमशेदपुर एफसी अपने पहले पांच इंडियन सुपर लीग मैचों में अजेय रही, जिसमें 3 जीत और 2 ड्रॉ सहित 11 अंक हासिल किए।

# मैं भी जवाब दे सकता हूं, सांसद ढुलू महतो की बात सुन भड़क उठे एसपी साहब



**बोकारो, एजेंसी।** शुक्रवार को कैंप टू स्थित न्याय सदन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने की।पूरी बैठक इधर-उधर के मुद्दों पर रही। भारत सरकार के ग्रामीण विकास के दिशा निर्देशों के विरूद्ध पूरी बैठक में उन मुद्दों पर चर्चा हुई जो कि सामान्य तौर पर दिशा की गाइड लाइन के तहत नहीं आते हैं।

बैठक में धनबाद सांसद ढुलू महतो ने शंकर रवानी की हत्या के मुद्दे को उठाया तो पूरा सदन गरम हो गया। पहले उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि शंकर रवानी को जिला बदर उनके न्यायालय ने किया था। इसके बाद सांसद ने जैसे ही मामले को रखा कि किन परिस्थितियों में उसकी हत्या हुई।

इसके बाद एसपी पूज्य प्रकाश भड़क गए। उन्होंने कहा कि श्रीमान आप भी लोकसेवक हैं और मैं भी लोकसेवक हूं। जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग आपने फोन पर किया। उसी प्रकार का जवाब मैं दे सकता हूं। दोनों ओर से हो रही कहा सूनी के बीच डीसी ने मध्यस्थता करते हुए कहा कि यह इन मुद्दों पर चर्चा के लिए मंच नहीं है।

इसके लिए अलग से बात करेंगे। उन्होंने एसपी का पक्ष लेते हुए कहा कि सभी को अपने पद की गरीमा का ख्याल रखना चाहिए। इसके बाद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौधरी ने हस्तक्षेप करते हुए मामले को शांत कराया और बैठक की कार्रवाई आगे प्रारंभ हुई।

विधायक बिरंची नारायण ने सिवेज प्लांट का मुद्दा उठाया इस पर यह निर्णय हुआ कि जहां सिवेज प्लांट बनना है वहां इएसआई अस्पताल बनेगा और सिवजे प्लांट दामोदर नदी के किनारे बनेगा।विद्युत प्रमंडल चास एवं तेनुघाट में उपभोक्ताओं को खपत से अधिक बिजली विपत्र देने, नियमित विपत्र जारी नहीं करने, भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काटने एवं उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की लगातार शिकायत प्राप्त होने की बात कहीं। उन्होंने इस व्यवस्था को अविलंब दुरूस्त करने की बात कहीं। मौके पर कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल द्वय को जनता दरबार का आयोजन नियमित करने एवं ऐसे मामलों की सुनवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही, खराब एवं जर्जर पोल/विद्युत तार को दुरूस्त करने को कहा।उद्घाटन शिलान्याय के मामले में कार्यपालक अभियंतों को निर्देश दिया गया कि ऐसी कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इस बाबत राज्य सरकार से स्पष्ट पत्र जारी किया गया है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के शुभारंभ/शिलान्यास एवं लोकार्प, उद्घाटन, शिलापट्ट पर नाम अंकित करने के प्रोटोकाल का अनुपालन सभी को करना है, तय प्रोटोकाल का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

खराब पड़े चापाकलों को दुरूस्त नहीं करने को लेकर बिरंची नारायण एवं अन्य प्रतिनिधियों ने बात रखी। उपायुक्त ने कहा कि चापाकलों की मरम्मति को लेकर राशि की कोई कमी नहीं है। 15 वें वित्त आयोग के तहत उपलब्ध राशि का इस्तेमाल पंचायत स्तर पर खराब पड़ें चापाकलों को दुरूस्त करने के लिए किया जा सकता है।उन्होंने सभी मुखियाओं से उनके क्षेत्र अंतर्गत खराब पड़े चापाकलों की सूची तैयार कर ग्रामसभा के माध्यम से उसे पारित करते हुए गैंगमैन के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जिला पंचायती राज कार्यालय को समन्वय कर खराब चापाकलों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया।गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने बीज वितरण एवं उसके लाभुकों की सूची उपलब्ध कराने का जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया। डीसीओ ने बताया कि जिले के 1480 क्विंटल बीज का लक्ष्य थी, जिसमें 300 क्विंटल बीज अब तक उपलब्ध नहीं हुआ है, जो बीज उपलब्ध था, उसका वितरण पैक्सों के माध्यम से किसानों को कर दिया गया है।

## पांडरपाला में तीन शिफ्ट में तैनात रहेंगे पुलिस पदाधिकारी व मजिस्ट्रेट

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के भूली ओपी क्षेत्र के पांडरपाला कुम्हारटोली में दो समुदायों के बीच झड़प के बाद पुलिस रेस हो गयी है. बुधवार की रात पुलिस ने माहौल शांत करा दिया था, लेकिन अब भी स्थिति तनावपूर्ण है. ऐसे में कुम्हारटोली, भरत चौक, पांडरपाला में धारा 163 बीएनएस लगा दिया गया है. सभी लोगों को अपने घर में ही रहने का निर्देश दिया गया है. वहीं गुरुवार को पांडरपाला और कुम्हारटोली की तरफ कुछ कुरियर वाले लोग सामान देने पहुंचे थे. पुलिस ने उन्हें रोककर सभी सामान की तलाशी ली. इस रास्ते से आने-जाने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर थी. एसएसपी एचपी जनार्दनन ने यहां शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए तीन शिफ्ट में एक-एक डीएसपी की प्रतिनियुक्ति की है, जो लगातार यहां मौजूद रहेंगे. वहीं अतिरिक्त जवानों के साथ ही स्थानीय थाना और पुलिस लाइन में पदस्थापित जवानों को भी लगाया गया है. एक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है.

सूत्रों ने बताया कि रूट निर्धारित था, उसके बाद भी सुबह जब ताजिया निकला, तो वह बदले हुए मार्ग पर गया, लेकिन इसकी जानकारी वरीय पुलिस अधिकारियों को नहीं दी गयी. वहीं शाम को भी ताजिया उसी मुहल्ले से गुजर रहा था जिसके बाद यह घटना घटी. बताया जाता है कि मामले में कुछ पुलिस पदाधिकारियों पर गाज गिर सकती है. यह भी बताया जा रहा है कि कमेटी का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है. मामले में दोनों पक्ष की तरफ से प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है.

भूली ओपी परिसर में सिटी एसपी अजीत कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई. इस अवसर पर एसडीएम उदय रजक, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार, डीएसपी वन शंकर कामती, एडीएम हेमा प्रसाद, सीओ शशि भूषण सिंह, बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार, केंदुआ थाना प्रभारी वकार हुसैन उपस्थित थे. इस दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर सदस्यों ने अपने विचार रखे और प्रशासन को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया. शांति समिति के सदस्यों ने उपद्रव के पीछे नशा करने वाले युवकों को कारण बताया और कार्रवाई की मांग की. वहीं कुछ सदस्यों ने समाज के प्रबुद्धजनों के साथ मिलकर स्थिति सामान्य करने और मामला दर्ज करने से बचने की सलाह दी.

# कोर्ट को गुमराह न करें, बांग्लादेशी घुसपैठ पर झारखंड हाईकोर्ट ने अधिकारियों को लगाई फटकार



**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य के संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ पर रोक लगाने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई।चीफ जस्टिस डॉ. बीआर सारंगी व जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान संताल परगना के छह जिलों के उपायुक्तों की बजाय कनीय अधिकारियों द्वारा शपथपत्र दाखिल किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए शपथपत्र लेने से इन्कार कर दिया।

अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कोर्ट को गुमराह करने का प्रयास क्यों किया जा रहा है अदालत ने देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा के उपायुक्तों को दोबारा शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले में अगले सप्ताह सुनवाई होगी।

जामताड़ा, दुमका और गोड्डा जिला प्रशासन का दावा है कि उनके जिले में बांग्लादेशी घुसपैठ कोई मामला नहीं है। साहिबगंज में कुछ मामले सामने आए हैं। इन क्षेत्रों में मदरसा पहले का है। अदालत ने इस शपथपत्र को अस्वीकार कर दिया।

अदालत ने पिछली सुनवाई में संताल परगना के छह जिलों के उपायुक्तों को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। अदालत ने सभी उपायुक्तों को यह निर्देश दिया था कि आपसी सामंजस्य से बांग्लादेश की तरफ से आने वाले घुसपैठियों को चिह्नित कर उन्हें वापस भेजने की एक कार्ययोजना तैयार कर काम करें।

संबंधित जिलों के एसपी घुसपैठ का डाटा उपलब्ध कराने में उपायुक्तों को सहयोग करेंगे। मुख्य सचिव इन सभी की निगरानी करेंगे। सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि मामले में जो शपथपत्र दाखिल किए गए हैं, वह डीसी के बजाय कनीय अधिकारियों की ओर से दाखिल हुए।

गोड्डा से डीसीएलआर, दुमका से एडिशनल कलेक्टर, देवघर से जिला शिक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ से एसडीओ, जामताड़ा से डीसीएलआर की ओर से शपथपत्र दाखिल किया गया था। जनहित याचिका में घुसपैठ के मामले को जनसांख्यिकी तथा आदिवासियों के अस्तित्व के लिहाज से खतरनाक बताया गया है।

पिछली सुनवाई में अदालत ने की थी कड़ी टिप्पणी पिछली सुनवाई में अदालत ने मौखिक रूप से राज्य सरकार से कहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठिए आपकी जमीन पर रह रहे हैं। वे तमाम सुविधा उठा रहे हैं। इनको चिह्नित करना होगा और वापस बांग्लादेश भेजना होगा।बता दें कि इस संबंध में दानियल दानिश की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों रोकने की मांग की है। प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के सीमावर्ती इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं।

# पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान की फसल को लेकर किसान चिंतित



**हजारीबाग, एजेंसी।** आद्रा नक्षत्र बीत चुका है और जुलाई माह का तीसरा पखवाड़ा चल रहा है। लेकिन किसानों को बारिश का अब भी इंतजार है।खेतों मे धान का बिचड़ा डाला गया है लेकिन चारों ओर खेत सूखे रहने के कारण बिचड़ा कही नजर तक नही आ रहा है। पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसान फिक्रमंद हैं। किसान अब सुखाड़ की आशंका जताने लगे है। इस बाबत किसान रामकुमार मेहता कहते है कि जून - जुलाई महीना बारिश का होता है। इस समय खेत खलिहान ,तालाब ,नदी पोखर बरसात के पानी से लबालब भर जाते थे। चारो ओर हरियाली होती थी। धान की खेती के लिए किसान खेत मे जुट जाते थे।लेकिन पर्याप्त बारिश नही होने से चारों ओर सूखा पडा है।खेत खलिहान नदी पोखर सब सूखे पड़े हैं।किसान हलधर यादव कहते है कि दगा दे गया आद्रा नक्षत्र। धान के बिचडे पर मौसम की मार पड रही है।किसानों को बारिश का इंतजार है।किसान उच्चे दामो पर हाईब्रिड धान का बीज लेकर तैयार है।लेकिन बारिश नही होने के कारण वह मायूस होकर अपने घरों मे बैठे है।किसान नरसिंह प्रजापति कहते है कि धान की बुआई के लिए उत्तम माना जाने वाला आद्रा नक्षत्र इस बार दगा दे गया। कर्ज महाजन कर किसान धान का बीज बीज की खरीदारी कर आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे है। हालांकि धान का बिचड़ा करने के लिए उपयुक्त समय निकल चुका है लेकिन अभी भी किसान उम्मीद के साथ बारिश होने का इंतजार कर रहे है। किसान हुलास प्रसाद कुशवाहा कहते है कि किसान बहुत ही उम्मीद के साथ धान बीज की खरीदारी की लेकिन बारिश नही होने के कारण उनका जहां जमा पूंजी निकल गया वही खेत जुताई करने मे भी उन्हें शारिरिक और आर्थिक का भी नुकसान हुआ है। हालांकि किसान अभी भी बारिश होने के इंतजार मे है।अजीत मेहता कहते है कि धान खेती के लिए बिचड़ा लगाने का उपयुक्त समय निकल चुका है। हालांकि अभी भी किसान बारिश होने पर धान की खेती करने मे किसान पीछे नही रहेंगे।

# झारखंड की सियासत में उबाल, असम के मुख्यमंत्री हिमंत पर जेएमएम का बड़ा आरोप



**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार को लगातार विभिन्न मुद्दों पर घेरने वाले असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा पर सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गुरुवार को एक बार फिर प्रहार किया। महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हिमंत और भाजपा को आदिवासियों से स्नेह नहीं है। ये हेमंत सोरेन से चिढ़ते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य के मदरसे को लेकर भाजपा के नेता जहर घोल रहे हैं, जबकि सर्वाधिक मदरसे भाजपा शासित राज्यों में संचालित होते हैं। सवाल उठाया कि क्या हिमंत बिस्व सरमा को कोई रिपोर्ट आई है कि झारखंड के मदरसों में राष्ट्रविरोधी गतिविधियां चल चल रही हैं। यहां संस्कृत कॉलेज और स्कूल भी चल रहे हैं, लेकिन इनको दिक्कत सिर्फ मदरसे से है।

झामुमो नेता ने कहा कि भाजपा को अगर आदिवासियों से प्रेम रहता तो प्रधानमंत्री बैठे रहते और एक आदिवासी राष्ट्रपति खड़ी नहीं रहतीं। संसद भवन के शिलान्यास के समय एक दलित राष्ट्रपति और संसद भवन के उद्घाटन में एक आदिवासी राष्ट्रपति को कार्यक्रम से दूर नहीं रखा जाता।

उन्होंने कहा, अगर असम के सीएम को इतना ही आदिवासियों से प्रेम है तो सबसे पहले वे वहां रह रहे झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और बंगाल के आदिवासियों को एसटी का दर्जा दे। उन्हें वहां टी-ट्राइब कहा जाता है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि असम के सीएम के साथ बाबूलाल मरांडी भी घुसपैठ-घुसपैठ चिल्ला रहे हैं। हेमंत सोरेन का नाम सुनते ही बाबूलाल मरांडी पेड़ पर चढ़ जाते हैं। ये याद रख लें कि भाजपा ना तो सीएम के रूप में प्रोजेक्ट करेगी और न ही सीएम बनाएगी। अर्जुन मुंडा तो राजनीतिक रूप से बेरोजगार हो चुके हैं।

## धनबाद में चापाकल गाड़ने का काम रुका

**धनबाद, एजेंसी।** जिले में चापाकल गाड़ने का काम रुक गया है। इससे स्थनीय लोगों को पानी संकट का सामना करना पड़ेगा। प्रत्येक पंचायत में 10-10 गाड़ने की योजना थी। जिले में 256 पंचायतों में कुल 2560 चापाकल गाड़े जाने थे। 60, 90, 120 मीटर, यानी 160-360 फीट तक चापाकल गाड़े जा रहे थे। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने इसके लिए दिसंबर माह में टेंडर निकाला था। कहा था कि टेंडर लेनेवाले संवेदक को छह महीने में काम पूरा करना होगा। काम आवंटित हो गया लेकिन आचार संहिता और दूसरे कारणों से अब तक काम पूरा नहीं हुआ।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अब तक 1206 चापाकल गाड़े गए हैं। काम तेजी से किया जा रहा था, लेकिन अचानक रांची से आदेश आया कि बारिश के मौसम में चापाकल गाड़ने का काम बंद करें। बारिश के वजह से 160 फीट से अधिक बोरिंग अधिकांश जगहों पर नहीं की जा रही है।

## ईडी बताए किस मामले में करनी है पूछताछ, रांची जमीन घोटाले के आरोपी कमलेश का लेटर



**रांची, एजेंसी।** रांची जमीन घोटाले में ईडी की जांच के दायरे में आया जमीन कारोबारी कमलेश कुमार शुक्रवार को ईडी के पांचवें समन पर भी अनुपस्थित रहा। ईडी ने अब छठा समन भेजते हुए उसे 26 जुलाई को उपस्थित होने को कहा है। शुक्रवार को दिन के 11 बजे उपस्थित होने के बजाय उसने वकील के माध्यम से ईडी को पत्र भेजा। ईडी के जांच पदाधिकारी को भेजे गए पत्र में कमलेश ने बीमारी व मानसिक तौर पर परेशान होने का जिक्र किया है। साथ ही उसने एजेंसी से पूछा है कि उसे यह नहीं मालूम की एजेंसी किस मामले में उससे पूछताछ करना चाहती है, उसके खिलाफ कौन-सा मामला दर्ज है। कमलेश ने कहा है कि जिस जमीन के विषय में एजेंसी उससे पूछताछ करना चाहती है, अगर उसका विवरण एजेंसी देगी तो वह पूरे प्रमाण के साथ एजेंसी के समक्ष उपस्थित होगा। कमलेश के द्वारा पत्र भेजे जाने के बाद एजेंसी ने उसे दुबारा एक सप्ताह का वक्त देते हुए समन भेज दिया है।

कमलेश कुमार को रांची जमीन घोटाले में पहली बार एजेंसी ने 21 जुलाई को समन भेजा था। उस दिन समन पर अनुपस्थित होने के बाद एजेंसी ने छापेमारी की थी। तब कमलेश के फ्लैट से 100 जिंदा कारतूस व एक करोड़ नकद बरामद हुए थे। एजेंसी छापेमारी के बाद चार बार समन कर चुकी है, लेकिन हर बार अनुपस्थिति पर पुन समन जारी किया गया है।

## झारखंड विधानसभा चुनाव : पहली लिस्ट में 40 प्रत्याशियों की घोषणा करेगी बीजेपी इन नामों पर लग सकती है मुहर

**रांची, एजेंसी।** झारखड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने प्रत्याशियों के चयन का काम प्रारंभ कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, चुनाव प्रभारी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और उनकी टीम के साथ बैठक कर टिकट के लिए मानदंड तय किए हैं।

लोकसभा चुनाव से पहले ही भाजपा ने विधानसभा स्तर तक पूर्णकालिक विस्तारकों की टीम उतार दी है। अब ये विस्तारक मंडल अध्यक्ष और उनकी टीम से प्रत्याशी के लिए फीडबैक लेंगे और उससे प्रदेश संगठन महामंत्री को अवगत कराएंगे। पार्टी ने इसके अलावा क्षेत्र में टिकट चाहने वाले नेता की उपलब्धता और लोकप्रियता की जानकारी के लिए सर्वे कराया है।लोकसभा चुनाव की तरह पार्टी रायशुमारी जैसे प्रयोग के जरिए भी प्रत्याशियों की जानकारी लेगी। इसके बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से तीन प्रत्याशियों का पैनल तैयार किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सीपी सिंह, गीता कोड़ा जैसे बड़े नामों पर भी पार्टी ने चर्चा की है।

## मैथन संजय चौक से बीएसके कॉलेज तक अंडरपास के लिए खोदा गया गड्ढा बना आफत, रोज गिर कर घायल हो रहे लोग



**मैथन, एजेंसी।** मैथन के संजय चौक से बीएसके कॉलेज तक अंडरपास निर्माण को लेकर एनएचएआइ के संवेदक द्वारा लगभग छह माह पूर्व से सड़क किनारे करीब 50 मीटर तक 10 फीट का गड्ढा खोद कर छोड़े जाने से आये दिन वाहन चालक व राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं. अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं. इससे एनएचएआइ के प्रति लोगों में आक्रोश है. लोगों का कहना है कि जून 2022 से ही बीएसके कॉलेज के मैदान में करीब 100 डंपर मिट्टी डंप कर ढेर बना दिया गया है. इससे कॉलेज आने वाले छात्र-छात्राओं को भी परेशानी हो रही है. इस संबंध में स्थानीय पंकज कुमार ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को टवीट कर कार्रवाई की मांग की है.

10 गांवों के लोग हैं प्रभावित ‒ सड़क किनारे गड्ढा खोद कर छोड़ दिये जाने से मैथन व आसपास के करीब 10 गांवों के लोग प्रभावित हैं. पिछले दिनों विधायक अपर्णा सेनगुप्ता सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंडर पास निर्माण की धीमी गति को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था. लोगों का कहना है कि मैथन संजय चौक के ऊपर नेशनल हाइवे द्वारा फ्लाईओवर बनाया गया है. अब मैथन के लोगों को चिरकुंडा, कुमारधुबी व निरसा क्षेत्र आने-जाने के लिए अंडरपास का निर्माण किया जा रहा है. इसको लेकर छह माह पहले गड्ढा खोद कर छोड़ दिया गया है. इसके कारण वाहन चालक व लोग अस्थायी मार्ग से मैथन में प्रवेश कर रहे हैं. बीएसके कॉलेज मैदान में मिट्टी का पहाड़ बना दिया गया है. इससे आये दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं. अब तक एक दर्जन से अधिक राहगीर घायल हो चुके हैं. ग्रामीणों का कहना है कि जल्द समस्या का निदान नहीं किया गया, तो एनएच जाम किया जायेगा.

डीवीसी मैथन के आवासीय कॉलोनी, आजाद नगर, रांची कॉलोनी, मेढा, कालीमाटी, कालीपहाड़ी, कमलिया, गोगना, आमकुड़ा, वासुदेव नगर, मेन गेट, पीएचइडी कॉलोनी, आनंद नगर में रहने वाले करीब 25 से 30 हजार लोग इससे प्रभावित हैं.

बीएसके कॉलेज के प्राचार्य ने कॉलेज के पास गड्ढा खोद कर छोड़ने जाने तथा कॉलेज मैदान में मिट्टी का पहाड़ बनाये जाने के विरोध में स्काईलार्क इंफ्रा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड बरवाअड्डा व एनएचएआइ को लीगल नोटिस भेजा है. इसमें कहा है कि दो साल से अनधिकृत रूप से कॉलेज मैदान में मिट्टी का पहाड़ बना दिया गया है. गड्ढा खोदे जाने से कॉलेज परिसर में संचालित बैंक व आसपास की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गयी है. कॉलेज मैदान के पास अनधिकृत रूप से एप्रोच रोड बना दिया गया है. इससे आये दिन कॉलेज के कर्मचारी व छात्र-छात्राएं सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं. कॉलेज मैदान में बड़े वाहनों का पार्किंग जोन बना दिया गया है.

इस संबंध में एनएचएआइ के प्रोजेक्ट ऑफिसर लालमुनि प्रसाद सिंह का कहना है कि हम भी चाह रहे हैं कि जल्द से जल्द अंडरपास का निर्माण हो. लेकिन किसी न किसी बात को लेकर आये दिन निर्माण कार्य बंद कराने से काम प्रभावित हो रहा है. कुछ लोग मनमर्जी ढंग से पाइप शिफ्टिंग की मांग कर रहे हैं. इससे दिक्कत हो रही है. कॉलेज मैदान से मिट्टी हटाने का आदेश दिया गया है.

## संक्षिप्त समाचार

### गुरदासपुर- नहाने गए सरपंच को डूबता देख दो दोस्तों ने लगाई छलांग, तीनों डूबे

**गुरदासपुर, एजेंसी।** पंजाब के बटाला स्थित गांव अलीवाल की अप्परबारी दुआब नहर में सरपंच समेत तीन युवक डूब गए। इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि गांव भरथवाल के सरपंच रणबीर सिंह शुक्रवार को नहर में नहाने के लिए गए थे। पानी का बहाव तेज होने के चलते वह डूबने लगे, सरपंच को बचाने के लिए उनके दो साथियों मक्खन उर्फ मखु और करतार सिंह ने नहर में छलांग लगा दी लेकिन पानी के साथ वो भी बह गए। जब आसपास के लोगों ने तीनों को डूबते हुए देखा तो जिला प्रशासन को सूचित किया। प्रशासन ने जल्द से जल्द पानी के बहाव को रोका और गोताखोर की मदद से सरपंच समेत तीनों की तलाश शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह एक व्यक्ति मक्खन सिंह के शव को बरामद कर लिया गया है और बाकियों की तलाश जारी है। वहीं मृतक के परिजनों ने कहा कि यह तीनों घर से नहाने के लिए गए थे, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के चलते तीनों पानी में डूब गए। उन्होंने बताया कि साथियों ने अपनी पगड़ी उतार कर सरपंच को बचाने की कोशिश की, लेकिन जब पगड़ी से बात नहीं बनी तो उन्होंने भी पानी के तेज बहाव में छलांग लगा दी और वह भी डूब गए।

### कोर्ट ने स्वामी प्रसाद मौर्य व उनकी बेटी संघमित्रा को घोषित किया फरार

**लखनऊ, एजेंसी।** एमपी एमएलए कोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और उनकी पूर्व सांसद बेटी संघमित्रा को फरार घोषित कर दिया है। यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने जारी किया। इसके पहले दोनों के खिलाफ इस साल अप्रैल में गैर जमानतीय वारंट जारी किया गया था। मामले में हाईकोर्ट भी बाप-बेटी को राहत देने से इनकार कर चुका है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी कोर्ट में हाजिर होने से बच रहे हैं। इसलिए उनके खिलाफ धारा-82 की कार्यवाही की जाती है। अधिवक्ता ने बताया बिना तलाक लिए धोखाधड़ी कर दूसरी शादी करने की आरोपी संघमित्रा मौर्य और वादी के साथ मारपीट, गाली गलौज और जानमाल की धमकी व साजिश रचने के आरोपी स्वामी प्रसाद मौर्य, नीरज तिवारी, सूर्य प्रकाश शुक्ला व रितिक सिंह के कोर्ट में हाजिर न होने पर कोर्ट ने सभी आरोपियों को फरार घोषित किया है। बता दें कि आरोप है कि परिवादी दीपक कुमार और संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव-इन रिलेशन में रह रहे थे। संघमित्रा और उनके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने परिवादी को बताया कि संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक हो गया है। लिहाजा परिवादी ने तीन जनवरी 2019 को संघमित्रा से शादी कर लिया। संघमित्रा ने 2019 के चुनाव में शपथपत्र देकर खुद को अविवाहित बताया, जबकि बाद में वादी को पता चला कि संघमित्रा का मई 2021 में तलाक हुआ था। आगे कहा गया कि जब वादी ने वर्ष 2021 में रीति-रिवाज के साथ विवाह करने के लिए कहा, तो स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी के ऊपर कई बार जानलेवा हमला कराया।

### 36.50 करोड़ पौधा रोप उत्तर प्रदेश बनाएगा नया रिकॉर्ड

**लखनऊ , एजेंसी।** हरे भरे उत्तर प्रदेश के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल नदी के तट पर पौधा रोपण करेंगे। पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के तहत सीएम पीपल, तिलखान और बरगद प्रजाति के पौधे लगाएंगे। यहां करीब 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। बता दें, प्रदेश में आज 36.50 करोड़ पौधे रोपने का रिकॉर्ड बनेगा। पौधरोपण जन अभियान-2024 के तहत इस बार एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया गया है। प्रदेश सरकार की आधिकारिक साइट पर हर पल रोपे जा रहे पौधों की संख्या को अपडेट भी किया जा रहा है।सीएम योगी ने इसे लेकर एक ट्वीट भी किया। भारतीय मनीषा ने हमें माता भूमि-पुत्रोऽहं पृथिव्या- का संदेश दिया है। हमारी परंपरा पेड़-पौधों को केवल जीव सृष्टि का हिस्सा नहीं मानती, बल्कि उनमें साक्षात ईश्वर का दर्शन करती है। साकार करने जा रहा है। उन्होंने इसे पीएम के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित बताया। आगे लिखा, आदरणीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम से जुड़कर वृक्षारोपण महाभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# राजस्थान में स्वास्थ्य विभाग में 50 हजार पदों पर भर्तियां होंगी

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में स्वास्थ्य विभाग में बंपर भर्तियां होंगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार जनस्वास्थ्य के प्रति गंभीर है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन की कमी पूरी करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 50 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि परिवर्तित बजट में कुल बजट का 8.26 प्रतिशत अर्थात् 27 हजार 660 करोड़ रूपये का प्रावधान केवल स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए किया गया है, जबकि राष्ट्रीय औसत 6.18 प्रतिशत है। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए यह अब तक का सर्वाधिक बजट प्रावधान है। श्री खींवसर ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने अंतिम बजट में महज 23 हजार 972 करोड़ रुपये का प्रावधान स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए किया था।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री शुक्रवार को विधानसभा में मांग संख्या -27 (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग) एवं मांग संख्या -28 (चिकित्सा शिक्षा विभाग) की अनुदान मांगों पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की 1 खरब 18 अरब 18 करोड़ 31 लाख 78 हजार रूपये एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की 54 अरब 55 करोड़ 03 लाख 08 हजार रूपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं।

खींवसर ने कहा कि चिकित्सा विभाग ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, हॉस्पिटल केयरटेकर, नर्सिंग ऑफिसर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, लैब टेक्नीशियन, सहायक



रेडियोग्राफर, नेत्र सहायक, ईसीजी टेक्नीशियन, डेन्टल टेक्नीशियन एवं फार्मासिस्ट के पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। विगत 7 माह में कुल 3182 पैरामेडिकल एवं मंत्रालय कार्मिकों को नियुक्ति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से लम्बित फार्मासिस्ट भर्ती के कार्य को आगे बढ़ाते हुए 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, संविदा नर्स एवं कम्यूनिटी हैल्थ ऑफिसर के रिक्त कुल 10 हजार 657 पदों के परिणाम घोषित किये जा चुके हैं। इन्हें शीघ्र ही नियुक्ति दी जाएगी। राजमेस के अधीन संचालित मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सक शिक्षकों के 1460 पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही, इस वर्ष बजट में 1500 चिकित्साधिकारियों तथा 4 हजार नर्सिंगकर्मियों के नये पद सृजित कर भर्ती की घोषणा की गई है। साथ ही, अन्य पदों पर भर्तियां करते हुए अस्पतालों में मानव संसाधन की कमी दूर की जाएगी।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में एक मॉडल सीएचसी स्थापित की जाएगी। साथ ही, इस वर्ष 20 जिला चिकित्सालय, 13 जिला चिकित्सालय में शैय्या वृद्धि, 7 सेटेलाइट चिकित्सालय, 56 उप जिला चिकित्सालय, 28 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 463 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 2292 उप स्वास्थ्य केन्द्र, 18 जिला औषधि भण्डार, 16 एएनएम ट्रेनिंग सेन्टर, 10 ट्रोमा सेन्टर सहित क्रिटिकल केयर ब्लॉक आईपीएचएल एवं बीपीएचयू आदि के भवन बनाये जाएंगे। साथ ही, चिकित्सा संस्थानों के उचित रख-रखाव पर 150 करोड़ रुपये व्यय किये जाएंगे।

खींवसर ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा 25 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस एवं 39 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस खरीदी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि एसएमएस अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में मरीज भार कम करने की दृष्टि से सांगानेर में 150 बेड का जिला अस्पताल बनाया जा रहा है। साथ ही, झोटवाड़ा एवं विद्याधर नगर में सेटेलाइट हॉस्पिटल बनाये जाएंगे। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने आईपीडी टावर की अधूरी प्लानिंग की और पर्याप्त वित्तीय प्रावधान नहीं किए। इसके चलते 14 मंजिल तक ही इसका काम हो सका। इसमें पार्किंग का समुचित प्रावधान भी नहीं रखा गया। राज्य सरकार 24 मंजिल तक इसके निर्माण को पूरा करेगी और इसमें 1200 वाहनों की पार्किंग एवं स्काई वॉक विकसित किया जाएगा। यह देश के बेहतरीन चिकित्सा संस्थानों में शामिल होगा। इसके लिए 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान कर दिया गया है।

खींवसर ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने आरयूएचएस अस्पताल को क्रियाशील करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए। अब राज्य सरकार ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज से 16 चिकित्सकों को आरयूएचएस चिकित्सालय में लगाया है। आरयूएचएस में सुपर स्पेशलिटी सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए इस वर्ष के बजट में 200 करोड़ रुपये व्यय किये जाने की घोषणा भी की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय अंग प्रत्यारोपण में फर्जीवाड़ा हुआ। राज्य सरकार ने इस मामले में दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। खींवसर ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में राजस्थान ने कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग ने 100 दिवसीय कार्ययोजना में कई कार्य पूर्ण किये हैं। बुजुर्गों को एक ही स्थान पर जांच, दवा, उपचार आदि की सभी सुविधाएं देने के लिए विशेष रामाश्रय वार्डों की शुरूआत की गई है। प्रदेश के 49 जिला अस्पतालों में यह वार्ड बनाकर क्रियाशील कर दिए गये हैं। करीब 11 हजार 500 चिकित्सा संस्थानों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में परिवर्तित किया जा चुका है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ाते हुए मेन्टल हैल्थ, ईएनटी, ऑफ्थेल्मिक, जेरियाट्रिक एवं पेलियेटिव स्वास्थ्य सेवाओं को शुरू किया जा रहा है।

## अडानी ग्रुप को 280 करोड़ का झटका, हाई कोर्ट ने आदेश पलटा, सुक्खू सरकार को बड़ी राहत

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने गुरुवार को अडानी पावर लिमिटेड को 280 करोड़ रुपये की प्रीमियम राशि वापस करने के एकल पीठ के फैसले को पलट दिया। इस फैसले से हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट के जस्टिस विवेक सिंह ठाकुर और जस्टिस बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने 2022 में एकल पीठ के फैसले के खिलाफ हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को राहत देते हुए हिमाचल हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने एकल पीठ के फैसले को पलट दिया। 2022 में एकल पीठ ने किन्नौर जिले में 969 मेगावाट की जंगी थोपन पावर पनबिजली परियोजना से जुड़े अदानी पावर लिमिटेड को 280 करोड़ रुपये की प्रीमियम राशि वापस करने का आदेश दिया था। खंडपीठ ने कहा कि अडानी समूह इसका हकदार नहीं है।

हिमाचल प्रदेश के महाधिवक्ता अनूप कुमार रतन ने कहा कि हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने गुरुवार को एकल पीठ के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें राज्य सरकार को अडानी पावर लिमिटेड को 280 करोड़ रुपये का प्रीमियम भुगतान करने को कहा गया था। हमने एकल पीठ के आदेश को खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी, जिसने राज्य सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया।

महाधिवक्ता ने बताया कि खंडपीठ ने अपने फैसले में यह भी टिप्पणी की कि परियोजना को खरीदने के लिए राज्य सरकार के समक्ष गलत तथ्य पेश किए गए। फैसले में कहा गया है कि अडानी समूह ने पिछले दरवाजे से परियोजना में निवेश किया, जो परियोजना की समझौते की शर्तों के खिलाफ था। इसलिए अडानी ग्रुप को प्रीमियम राशि वापस नहीं की जाएगी। सरकार ने ब्रैकल कंपनी के साथ प्रोजेक्ट एग्रीमेंट (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन कंपनी ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए फर्जी तरीके से प्रोजेक्ट हासिल कर लिया, जो एग्रीमेंट के खिलाफ पाया गया। इसके बाद सरकार की सहमति के बिना ब्रैकल कंपनी ने अडानी ग्रुप को प्रोजेक्ट का सदस्य बना लिया। इस प्रकार ब्रैकेल कंपनी भी प्रीमियम राशि की हकदार नहीं है। अडानी पावर लिमिटेड ने भारतीय अनुबंध अधिनियम की धारा 65 और 70 के तहत राज्य सरकार से मुआवजे की मांग की थी। कोर्ट ने पाया कि अडानी और राज्य के बीच कोई कानूनी संबंध नहीं था, जो धारा 70 के तहत ऐसे दावों के लिए आवश्यक है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अडानी के ब्रैकेल को भुगतान से संबंधित लेन-देन राज्य से मुआवजे के हकदार होने का आधार स्थापित नहीं करता है।

## महाराष्ट्र से जम्मू-कश्मीर तक 4 राज्यों में चुनावी रणनीति को लेकर उलझी भाजपा, आरएसएस से मदद की दरकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव के झटके के बाद भाजपा की आगामी चार विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति को लेकर उलझनें बढ़ गई है। पार्टी आक्रामक और संतुलित चुनाव अभियान को लेकर पसोपेश में है। एक वर्ग का मानना है कि इस समय विपक्षी के दबाव में आने के बजाय पार्टी को पूर्व की तरह अपना आक्रामक अभियान ही जारी रखना चाहिए। हालांकि, इस रणनीति से नुकसान होने की भी आशंका है, क्योंकि विपक्षी इंडिया गठबंधन के दलों में विरोधाभास के बाबजूद भाजपा विरोधी सुर एक जैसे हैं। हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रभारी काफी पहले तैनात कर दिए थे। इन नेताओं ने राज्यों में जाकर शुरुआती दौर की बैठक भी की है। सूत्रों के अनुसार, चुनाव प्रभारियों की शुरुआती रिपोर्ट बहुत अच्छी नहीं है। सभी राज्यों में संगठन को लेकर दिक्कतें बढ़ी हुई है। ऐसे में विपक्षी चुनौती का सामना करना काफी



मुश्किलों भरा होगा। यही वजह है कि पार्टी नेतृत्व इस समय संगठनात्मक समस्याओं को सुलझाने में जुटा हुआ है ताकि चुनाव अभियान को गति दी जा सके। पार्टी के सामने एक बड़ा मुद्दा चुनाव अभियान को लेकर भी है। लोकसभा चुनाव में और उसके पहले के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ बेहद हमलावर तरीके से आक्रामक अभियान चलाया था। इसका उसे फायदा भी हुआ था, लेकिन लोकसभा में कई राज्यों में उसे इसका नुकसान भी उठाना पड़ा है। खासकर जहां संगठन में नाराजगी थी। झारखंड और महाराष्ट्र में भी संगठन में कुछ समस्याएं रही हैं। बावजूद सामाजिक समीकरण सुधार नहीं पा रहे हैं, उल्टे बिगड़ने की आशंका है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली मजबूती से भी भाजपा के सामाजिक समीकरण के प्रभावित होने की आशंका है। खासकर, ब्राह्मण और दलित समुदाय को लेकर पार्टी सशंकित है। ये कांग्रेस का साथ दे सकते हैं। महाराष्ट्र में तो भाजपा का अपना गठबंधन, विपक्षी गठबंधन के सामने लोकसभा चुनाव में भी काफी कमजोर पड़ा था। अब विधानसभा चुनाव में भी यही समस्या सामने आ रही है। ऐसे में पार्टी के लिए अपने गठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे को जनता के सामने पेश करने में भी दिक्कत आ रही है, क्योंकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में जाने पर एनडीए को बहुत बड़ी सफलता मिलने की संभावना नहीं है। भाजपा के भीतर भी उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को आगे रखने की मांग बढ़ रही है। अजित पवार पर तो फिलहाल भरोसा ही नहीं किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर में घाटी में भाजपा की समस्याएं बरकरार हैं। अभी यह तय नहीं है कि पार्टी घाटी की सीटों पर किस तरह चुनाव लड़ेगी। अपने उम्मीदवार उतारेगी या कुछ निर्दलीयों को समर्थन देगी। जम्मू क्षेत्र के लिए पार्टी की तैयारी तेज हो चुकी और वहां पर पार्टी को बड़ी सफलता मिलने की भी उम्मीद है।

## सिख विरोधी दंगा: टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला सुरक्षित, 2 अगस्त को फैसला सुनाएगा कोर्ट

**नईदिल्ली , एजेंसी।**
1984 सिख विरोधी दंगों के एक मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने के बारे में अदालत ने शुक्रवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। घटना में तीन लोग मारे गए थे। सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश राकेश सियाल की अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी व बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। दो अगस्त को फैसला सुनाया जा सकता है।

सीबीआई ने एक गवाह के हवाले से आरोपपत्र में कहा था कि टाइटलर एक नवंबर 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक सफेद एंबेसडर कार से बाहर निकले और भीड़ को सिखों की हत्या करने के लिए उकसाया। पूर्व केंद्र मंत्री टाइटलर पर आरोप है कि उन्होंने भीड़ से कहा था कि सिखों को मार डालो, उन्होंने हमारी मां को मार डाला है। इस घटना के बाद तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी।

31 अक्टूबर, 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या के बाद देश के कई हिस्सों में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे थे। पिछले साल अगस्त में एक सत्र अदालत ने इस मामले में टाइटलर को अग्रिम जमानत दे दी थी। जमानत देते हुए अदालत ने टाइटलर पर कुछ शर्तें लगाई थीं, जिसमें कहा गया था कि वह सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेंगे और बिना अदालत की अनुमति के देश नहीं छोड़ेंगे। केंद्रीय जांच एजेंसी ने टाइटलर के खिलाफ



भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (दंगा), 109 (अपराध के लिए उकसाना) और 302 (हत्या) के तहत आरोप लगाए हैं।

इससे पहले तीन बार जगदीश टाइटलर को सिख विरोधी दंगा मामलों में क्लीनचिट मिल चुकी है। सीबीआई ने पूर्व में तीन बार जांच कर अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। हालांकि, एक बार फिर मुद्दा उठाए जाने पर सीबीआई ने इस बार टाइटलर के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

## धोती पहने किसान को एंट्री न देना पड़ा भारी, अब 7 दिन के लिए मॉल पर लगाया ताला

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
हाल ही में बेंगलुरु के प्रसिद्ध जीटी मॉल से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें धोती पहने एक किसान को मॉल के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। इस घटना के बाद जमकर हंगामा हुआ। किसान संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया और मॉल प्रबंधक के खिलाफ ऐक्शन की मांग की थी। अब कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार ने ऐक्शन लिया है। सरकार ने जीटी मॉल को सात दिन बंद रखने का आदेश दिया।

दरअसल, सोशल मीडिया पर बेंगलुरु से एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक बुजुर्ग किसान को उसके पहनावे के कारण मॉल में घुसने मना कर दिया गया था। किसान अपने बेटे के साथ मॉल में फिल्म देखने पहुंचा था। इस घटना से आहत होकर किसान और उसके बेटे ने एक वीडियो में मॉल के सुरक्षाकर्मियों और प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाए थे। वीडियो में किसान और उसका बेटा बता रहे थे कि कैसे कपड़ों की वजह से उन्हें मॉल में एंट्री नहीं मिली।

इस मुद्दे को कर्नाटक विधानसभा सत्र में उठाया गया और कर्नाटक के शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश ने प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया। विधानसभा में बोलते हुए सुरेश ने कहा, कानून के अनुसार, सरकार मॉल को सात दिनों के लिए बंद कर रही है। मैंने बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के अधिकारियों से बात की है, और घटना के खिलाफ कार्रवाई के तौर पर मॉल को सात दिनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। वायरल हुए वीडियो में, फकीरप्पा नाम के 70 वर्षीय किसान और उसके बेटे नागराज को टिकट होने के बावजूद मॉल में प्रवेश नहीं दिया गया। जब सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ की गई, तो उन्होंने कहा कि धोती पहनने वाले लोग मॉल के नियमों के अनुसार प्रवेश नहीं कर सकते। नागराज ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए सरकार से कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। घटना से गुस्साए स्थानीय किसान यूनियनों ने इस पर विरोध प्रदर्शन किया और मॉल प्रबंधन से किसान से माफी मांगने की मांग की। अभिनेत्री और मॉडल गौहर खान ने इंस्टाग्राम पर इस घटना की निंदा की। उन्होंने लिखा, यह बिल्कुल शर्मनाक है। मॉल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यह भारत है और हमें अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। बता दें कि बेंगलुरु में इसी से मिलती-जुलती घटना पहले भी सामने आई थी, जब मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति को उसके पहनावे के कारण प्रवेश नहीं दिया गया। बाद में बीएमआरसीएल ने इस घटना में शामिल लोगों को निलंबित कर दिया था।

## अरुणाचल के करीब विशाल बांध बना रहा चीन, भाजपा विधायक बोले- कोई भरोसा नहीं

**ईटानगर, एजेंसी।**
अरुणाचल प्रदेश की सीमा के करीब चीन की ओर से एक विशाल बांध बनाया जा रहा है। भाजपा विधायक निनोंग ईरिंग ने इसे लेकर शुक्रवार को चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इससे बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने का खतरा है। उन्होंने केंद्र से इस मुद्दे को चीन के साथ उठाने की अपील की। मालूम हो कि चीन अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक मेडोग में यरलुंग त्सांगपो नदी पर 60 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता का विशाल बांध का निर्माण कर रहा है। त्सांगपो नदी को अरुणाचल प्रदेश में सियांग और असम में ब्रह्मपुत्र के नाम से जाना जाता है। इस नदी की मुख्य धारा बंगाल की खाड़ी में मिलने से पहले बांग्लादेश में प्रवेश करती है तो इसे जमुना के नाम से जाना जाता है।

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर पेश धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ईरिंग ने कहा, हम अपने



पड़ोसी पर भरोसा नहीं कर सकते हैं। हम नहीं जानते कि वह कब क्या करेगा। वे पूरी नदी की धारा मोड़कर सियांग को सूखा सकते हैं या पानी छोड़कर नदी की निचली धारा में अभूतपूर्व बाढ़ का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि बांध के निर्माण से न केवल भारत बल्कि बांग्लादेश भी प्रभावित होगा। अल्पसंख्यक मामलों के पूर्व राज्यमंत्री ने कहा, लोगों की संरक्षा और देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता है। हमारा ध्येय राष्ट्र प्रथम होना चाहिए और हमें भारत की सुरक्षा के बारे में सोचने की जरूरत है। हालांकि, पासीघाट पश्चिम से विधायक ईरिंग ने इलाके में बाढ़ रोकने के लिए कम जल संचय क्षमता वाले बांध के निर्माण का समर्थन किया। साथ ही सूचित किया कि भारत और चीन के बीच अबतक कोई जल समझौता नहीं हुआ है। बांध विरोधियों के प्रदर्शन का हवाला देते हुए विधायक ने सुझाव दिया कि बांध निर्माण से पहले परामर्श किया जाना चाहिए ताकि लोगों के हितों पर गौर किया जा सके। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में जलविद्युत एकमात्र संसाधन है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पिछले साल सितंबर में सूचित किया था कि केंद्र ने सियांग नदी पर बड़ा बैराज बनाने का प्रस्ताव किया है, ताकि यरलुंग त्सांगपो नदी पर बड़े बांध से उत्पन्न संभावित खतरे को देखते हुए इलाके को सुरक्षित किया जा सके। खांडू ने कहा था, 'अगर अत्यधिक पानी छोड़ा जाता है, तो हमें बाढ़ से खुद को बचाने के लिए बड़े ढांचे बनाने होंगे। केंद्र ने भी चीन की परियोजना पूरी होने के बाद सियांग नदी की स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त की है। हमें सियांग को जीवित रखना है।

## जल्द घर लौटेंगे रूसी सेना में भर्ती किए गए भारतीय -विदेश मंत्रालय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रूसी सेना में भर्ती करीब 50 भारतीयों ने वापस लौटने के लिए भारतीय दूतावास से गुहार लगाई है। विदेश मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गई और कहा गया कि अपील पर भारत व रूस सकारात्मक कोशिश कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज नई दिल्ली में रेगुलर ब्रीफिंग की। इस दौरान सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम लगभग 50 भारतीय नागरिकों के बारे में जानते हैं जो वर्तमान में रूसी सशस्त्र बलों में अपना रोजगार समाप्त करना चाहते हैं। ये ऐसे मामले हैं जहां व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्यों ने अपनी शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने में सहायता के लिए हमसे संपर्क किया है। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता ने कहा कि भारत की ओर से शीर्ष नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर इस मुद्दे को उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हालिया रूस यात्रा के दौरान यह मामला उठाया था। रूसी पक्ष ने हमारी अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। दोनों पक्ष भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई के लिए काम कर रहे हैं। बता दें कि रूसी सेना में भर्ती हुए 10 भारतीय पहले ही देश लौट चुके हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि रूसी सेना में सेवारत भारतीयों की संख्या 100 तक हो सकती है। मालूम हो कि कुछ भारतीय तो मदद के लिए वीडियो अपील भी जारी कर चुके हैं, जिसमें कहा गया कि वे यूक्रेन के खिलाफ फ्रंट लाइन में लड़ रहे हैं। इनमें कई दूसरे देशों के लोग भी हैं। भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों के नागरिकों को भी रूसी सेना में भर्ती किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

**आपमें दम है तो...**

## सानिया मिर्जा के साथ शादी की अफवाहों पर मोहम्मद शमी ने किया रिएक्ट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार क्रिकेटर मोहम्मद शमी और टेनिस स्टार सानिया मिर्जा शादी कर रहे हैं। बीते दिनों अफवाहों का बाजार इस खबर से गर्म था। दोनों के नकली फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। बात यहां तक पहुंच गई कि सानिया के पिता को इस खबर का खंडन करना पड़ा। अब इस पर मोहम्मद शमी ने रिएक्ट किया है।

मोहम्मद शमी ने यूट्यूबर शुभांकर मिश्रा के साथ बातचीत में सानिया मिर्जा के साथ शादी की अफवाहों पर कहा कि लोगों को सोच समझकर मीम्स बनाने चाहिए। किसी के लिए वह मजाक होता है और किसी की वह जिंदगी से जुड़ा होता है। तेज गेंदबाज ने ऐसी अफवाह फैलाने वालों को चुनौती दे दी कि हिम्मत है तो वे वैरिफाइड पेज से ऐसा कुछ करके दिखाएं।

### मोहम्मद शमी को कैसे पता चला

सानिया मिर्जा और मोहम्मद शमी शादी करने वाले हैं इस खबर के बारे में भारतीय तेज गेंदबाज को कैसे पता चला? इस सवाल का जवाब देते हुए शमी ने कहा, कुछ नहीं फोन खोलो तो उसमें अपना ही फोटो दिखता है क्या करेंगे उसमें। मैं एक ही चीज बोलना चाहूंगा किसी को नहीं खींचना चाहिए ऐसा। मीम्स मैं मानता हूं आपके मजाक के लिए मीम्स होंगे वो, लेकिन किसी की जिंदगी से जुड़े होते हैं। आपको बड़ी सोच समझकर वो मीम्स बनाने चाहिए।

### दम है तो वैरिफाइड पेज से बोलकर दिखाओ

शमी ने कहा, आज आप वैरिफाइड पेज नहीं हो, आपका पता नहीं, आपकी जानकारी नहीं है तो आप कुछ बोल सकते हो। मैं एक ही चीज बोलना चाहूंगा इस प्लेटफॉर्म पर कि अगर आपमें दम है तो वैरिफाइड पेज से बोलकर दिखाओ। फिर हम बताते हैं कि आप कितने पानी में खड़े हो।

## अध्यक्ष झाझड़िया ने जताई पैरालंपिक में भारतीयों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया ने शुक्रवार को भारतीय खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि इस बार पदक संख्या 25 पार जा सकती है। भारतीय पैरालम्पिक दल ने टोक्यो में इतिहास रचते हुए पांच स्वर्ण पदक समेत 19 पदक जीते थे। झाझड़िया ने कहा, मुझे लगता है कि पेरिस में हमारा प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ होगा। हमारा स्लोगन है अबकी बार 25 पार। मैं खिलाड़ियों के संपर्क में हूं और तैयारियां बहुत अच्छी चल रही है। तीन बार के पैरालंपिक पदक विजेता झाझडिया ने 2004 एथेंस ओलंपिक और 2016 रियो ओलंपिक में एफ 46 भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीता था जबकि टोक्यो में उन्होंने रजत पदक जीता। उन्होंने आगे कहा, खिलाड़ी शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से भी सुपर फिट हैं। उन्हें टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स ) से पूरी सुविधाएं मिल रही है।

# पिछले कुछ सप्ताह किसी सपने से कम नहीं थे : सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि पिछले कुछ सप्ताह 'किसी सपने से कम नहीं रहे। सूर्यकुमार ने उन पर भरोसा बनाए रखने और हाल के दिनों में व्यापक समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। इस 33 वर्षीय बल्लेबाज को रोहित शर्मा की जगह भारत की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। उन्हें हार्दिक पांड्या पर प्राथमिकता दी गई। सूर्यकुमार ने इंस्टाग्राम पर लिखा- आपसे मिले प्यार, समर्थन और शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। पिछले कुछ सप्ताह किसी सपने से कम नहीं रहे और मैं वास्तव में इसके लिए आभारी हूं। उन्होंने कहा कि देश के लिए खेलना सबसे खास अहसास है जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर पाऊंगा। यह नई भूमिका अपने साथ ढेर सारी जिम्मेदारी, उत्साह और जोश लेकर आई है। मुझे उम्मीद है कि आगे भी आपका समर्थन और आशीर्वाद मिलता रहेगा। सारी प्रसिद्धि ईश्वर तक पहुंचती है, ईश्वर महान हैं। सूर्यकुमार टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थे।




## बदले-बदले चेहरे, टी20 वर्ल्ड कप की विनिंग टीम गौतम गंभीर के हाथों में आते ही इतनी बदल गई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप चैम्पियन बनने के बाद भारतीय टीम में में बड़ा बदलाव देखने को मिला है. यह बदलाव टी20 टीम में देखने को मिला है. रोहित, कोहली और जडेजा के संन्यास लेने के बाद और जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 सीरीज खेलने वाली टीम में कई बदलाव आए हैं.

झभारतीय क्रिकेट टीम का श्रीलंका दौरे के लिए ऐलान हो चुका है. टी20 दौरे के लिए कप्तान सूर्यकुमार होंगे, वहीं उनके डिप्टी शुभमन गिल होंगे. दूसरी ओर वनडे टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में होगी और यहां भी उनके डिप्टी शुभमन गिल होंगे. लेकिन यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि टी20 वर्ल्ड कप चैम्पियन बनने वाली टीम इंडिया और श्रीलंका दौरे पर गौतग गंभीर की कोचिंग में जाने वाली टीम में बदल गई है. श्रीलंका दौरे के लिए टी20 वर्ल्ड कप की विनिंग टीम से हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज श्रीलंका के दौरे में शामिल हुए हैं. सूर्यकुमार यादव अब टी20 के कप्तान हैं, जबकि शुभमन गिल टी20 और वनडे में उपकप्तान हैं.

वर्ल्ड कप की विनिंग टीम में शामिल रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा टी20 से रिटायरमेंट ले चुके हैं. वर्ल्ड कप विनिंग टीम के स्क्वॉड में शामिल स्पिनर्स कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को टी20 से बाहर रखा गया है. वहीं, चैम्पियन खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह रेस्ट कर रहे हैं.

टी20 वर्ल्ड कप में टीम के उपकप्तान रहे हार्दिक की जगह अब शुभमन गिल उपकप्तान हैं. जबकि शुभमन वर्ल्ड कप में रिजर्व खिलाड़ी थे. गिल के अलावा खलील अहमद, रिंकू सिंह, आवेश खान रिजर्व खिलाड़ी थे.

## एशिया कप में टीम इंडिया का जीत से आगाज... पाकिस्तान को बुरी तरह रौंदा, स्मृति-शेफाली की धांसू बैटिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विमेंस एशिया कप में जीत के साथ शुरुआत की है। टीम इंडिया ने पहले ही मुकाबले में अपने सबसे बड़े राइवल पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। टीम ने 109 रन का टारगेट 14.1 ओवर में चेज कर लिया। उपकप्तान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 85 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप करके रन चेज आसान बनाया। भारतीय गेंदबाजों ने दीप्ति शर्मा की अगुवाई में पाकिस्तान को 19.2 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट कर दिया। दांबुला में मिली इस जीत के साथ ही भारतीय लड़कियों ने 2022 में मिली पिछली हार का बदला भी ले लिया है। तब टीम इंडिया 13 रन से हरा गई थी।




**टेस्ट डेब्यू पर बोले अर्शदीप सिंह**

## अगर मौका मिला तो अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** मेन इन ब्लू की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शुक्रवार को टेस्ट क्रिकेट में मौका मिलने के बारे में खुलासा करते हुए कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो यह इस प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे। अर्शदीप चंडीगढ़ विश्वविद्यालय पहुंचे थे जहां बारबाडोस में टी20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया था।

अर्शदीप भारत के लिए टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 8 मैचों में 12.64 के औसत और 7.16 की इकॉनमी रेट से 17 विकेट लिए, जिसमें 4/9 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े थे। इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज़ के दौरान टेस्ट में भारत के लिए डेब्यू करने की संभावनाओं पर मीडिया से बात करते हुए अर्शदीप ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में,



आप अपना 100 प्रतिशत देना चाहते हैं, चाहे कोई भी प्रारूप हो। मैं भी सोच रहा हूं कि अगर मौका मिला तो मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। 2022 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से अर्शदीप ने 52 टी20ई और 6 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। टी20 में उन्होंने 19.10 की औसत से 79 विकेट लिए हैं। 50 ओवर के प्रारूप में अर्शदीप ने 18.40 की औसत से 10 विकेट लिए हैं, जिसमें 5/37 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बहरहाल, एक खिलाड़ी के रूप में प्रेरणा लेने पर अर्शदीप ने कहा कि वह हर जगह प्रेरणा तलाशते हैं, खासकर उन लोगों में जो जीवन में अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी के रूप में, मैं हर किसी में प्रेरणा चाहता हूं, चाहे वह दिहाड़ी मजदूर हो, अपनी कक्षाओं में टॉप करने वाला छात्र हो या प्रोफेसर हो। मैं अपने जीवन में अच्छा प्रदर्शन करने वालों से प्रेरणा लेने की कोशिश करता हूं।

अर्शदीप ने देश के युवाओं को संदेश देते हुए उनसे कड़ी मेहनत करने का आग्रह करते हुए कहा कि उन्हें अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। उन्होंने निष्कर्ष निकाला- युवाओं के लिए संदेश यह है कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ देना जारी रखें, जो वे कर सकते हैं उस पर नियंत्रण रखें। कड़ी मेहनत करते रहें। आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा।

## किसी दिन में बल्लेबाजी तो किसी दिन गेंदबाजी ऑलराऊंडर बन जाता हूं : अक्षर पटेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ऑलराऊंडर अक्षर पटेल ने अपने बेहतरीन खेल प्रदर्शन से टीम इंडिया में जगह बना ली है। टी20 विश्व कप में रविंद्र जडेजा के टी20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने के बाद अक्षर अब लंबे समय तक इस फार्मेट में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। अपने करियर के अधिकांश समय में अक्षर को एक स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में देखा गया है जो निचले क्रम में बल्ले से योगदान दे सकता है। हालांकि उनके बारे में पिछले एक साल से यह धारणा बदलनी शुरू हो गई है।

अक्षर ने एक इंटरव्यू पर बात करते हुए कहा कि जिस दिन जो चल गया, वो ऑलराउंडर बन जाता हूं मैं (किसी भी दिन जो भी मेरे लिए काम करता है, मैं उसी तरह का ऑलराउंडर बन जाता हूं)। अगर मेरी गेंदबाजी चल जाती है, तो मैं गेंदबाजी ऑलराउंडर हूं, अगर बल्लेबाजी चलती है, तो बल्लेबाजी ऑलराउंडर हूं। मैंने एक बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की, इसलिए मुझे लगता है कि मुझे अपनी बल्लेबाजी अधिक पसंद है। पिछले दो या तीन वर्षों में, मैं जिस तरह की बल्लेबाजी कर रहा हूं, मुझे लगता है कि मैं अब सक्षम हूं।

पहले के वर्षों में मैं अपनी बल्लेबाजी के साथ न्याय नहीं कर पा रहा था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते समय, अक्षर को फ्लोटर के रूप में इस्तेमाल किया गया था और 30 वर्षीय ने इस अवसर का लाभ उठाया। वह तीसरे या चौथे नंबर पर आए और कुछ शानदार स्ट्रोक खेलकर प्रशंसकों का मनोरंजन किया। टी20 विश्व कप के



दौरान उन्हें ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ फ्लोटर के रूप में इस्तेमाल किया गया था और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में भी जहां उन्होंने महत्वपूर्ण 47 रन बनाए थे। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपनी उल्लेखनीय गेंदबाजी कौशल से प्रभावित किया। लेकिन फाइनल में हेनरिक क्लासेन ने उनके एक ओवर से 24 रन खींच लिए। गेंद के साथ अपनी कमियों के बावजूद अक्षर ने इससे पहले बल्ले से 31 गेंदों में 47 रन बनाकर टीम इंडिया को 176/7 तक पहुंचाया था जहां तक दक्षिण अफ्रीका की टीम पहुंच नहीं पाई थी।

बता दें कि अक्षर पटेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीनों प्रारूपों (टेस्ट, वनडे और टी20ई) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 2014 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में भारत के लिए पदार्पण किया और तब से सीमित ओवरों के क्रिकेट में स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अक्षर पटेल ने भी 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया था। उन्हें विशेष रूप से 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के दौरान प्रसिद्धि मिली, जहां उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घरेलू क्रिकेट में, अक्षर पटेल ने गुजरात का प्रतिनिधित्व किया है और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी दिल्ली कैपिटल्स (पूर्व में दिल्ली डेयरडेविल्स) और किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) जैसी टीमों के लिए खेलते हुए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

## मेसी के बिना भी अर्जेंटीना की नजरें ओलंपिक पुरुष स्वर्ण पर, स्पेन महिलाओं के स्वर्ण का प्रबल दावेदार



**बीजिंग, एजेंसी ।** करिश्माई खिलाड़ी लियोनल मेसी के बिना भी अर्जेंटीना के पास आगामी पेरिस ओलंपिक में रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला तीसरा पुरुष फुटबॉल स्वर्ण पदक जीतने का अच्छा मौका माना जा रहा है

रिपोर्ट के अनुसार, 2004 और 2008 में एक खिलाड़ी के रूप में स्वर्ण पदक जीतने वाले अर्जेंटीना के मुख्य कोच जेवियर माशेरानो का लक्ष्य गौरव हासिल करना है, क्योंकि उन्होंने स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज़ और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी सहित चार विश्व कप विजेताओं को अपनी टीम में शामिल किया है। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल एक अंडर-23 टूर्नामेंट है, लेकिन प्रत्येक टीम को अधिकतम तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खेलाने की अनुमति है। 2008 बीजिंग ओलंपिक में दक्षिण अमेरिकी टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद करने वाले 37 वर्षीय मेसी भारी कार्यभार का हवाला देते हुए पेरिस संस्करण में नहीं खेलेंगे। क्लबों को ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंटों के विपरीत, ओलंपिक खेल आधिकारिक फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के बाहर होते हैं। 2008 में, बार्सिलोना ने मेसी को बीजिंग में खेलने से रोकने के लिए खेल पंचाट न्यायालय में अपील जीत ली।

यह बताया गया कि बार्सिलोना के तत्कालीन मुख्य कोच पेप गार्डियोला के हस्तक्षेप के बाद, ला लीगा क्लब ने अंततः हरी झंडी दे दी और मेसी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में अर्जेंटीना के साथ स्वर्ण पदक जीता। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट स्थापित सितारों के बजाय उभरती प्रतिभाओं के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिसमें पारंपरिक फुटबॉल पावरहाउस जरूरी नहीं कि पसंदीदा में हों। झनाइजीरिया और कैमरून ने क्रमशः 1996 और 2000 में जीत हासिल की। ??2012 में, मेक्सिको ने लंदन में स्वर्ण पदक जीता, जिसमें ज्यादातर घरेलू खिलाड़ी शामिल थे। पिछले 20 वर्षों में इस आयोजन में दक्षिण अमेरिकी टीमों का दबदबा देखा गया है, 2004 के बाद से ब्राजील और अर्जेंटीना ने दो-दो स्वर्ण जीते हैं। ब्राज़ील, 2016 और 2020 में लगातार चैंपियन, पेरिस के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा है, जिसका अर्थ है कि अर्जेंटीना अगर अपना तीसरा ओलंपिक स्वर्ण जीतता है तो वह हंगरी और ब्रिटेन के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकता है। 18 वर्षीय क्लाउडियो एचेवेरी देखने लायक खिलाड़ी हैं जो अगले सीज़न में मैनचेस्टर सिटी में जाएगा, एक आक्रामक मिडफील्डर है और उनके अर्जेंटीना के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। अर्जेंटीना को मोरक्को, इराक और यूक्रेन के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। फ्रांस और स्पेन, अर्जेंटीना के बाद अन्य दो पसंदीदा, क्रमशः ग्रुप ए (संयुक्त राज्य अमेरिका, गिनी और न्यूजीलैंड के साथ) और ग्रुप सी (डोमिनिकन गणराज्य, मिस्र और उज़्बेकिस्तान के साथ) में खेलते हैं। ग्रुप डी में पैराग्वे, इजरायल, जापान और माली शामिल हैं। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से दो दिन पहले 24 जुलाई को टूर्नामेंट शुरू होने पर अर्जेंटीना को सेंट-इटियेन में अपने शुरुआती मैच में मोरक्को से खेलना है। फाइनल 9 अगस्त को पेरिस के पार्क डेस प्रिंसेस में होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# पोखरा में डूबकर किशोर की हुई मौत



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले के फीगंज प्रखंड में पौथु थाना क्षेत्र के लट्ठा गांव में एक किशोर की आहर में डूबने से मौत हो गई। उक्त किशोर आहर के पास शाम करीब 5 बजे खेलने गया था तथा नहाने के लिए आहर में उतरा और डूब गया। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम लट्ठा के रहने वाले मिथलेश यादव उर्फ अकु यादव के 12 वर्षीय किशोर कर्ण कुमार की गांव के पास स्थित एक आहर में डूबने से मौत हो गई है। बताया जाता है कि किशोर खेलने के लिए तालाब के पास गया था और पानी से लबालब भरे आहर में नहाने लगा। तभी अचानक वह पानी में डूब गया। जब किशोर देर शाम घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने किशोर की खोजबीन शुरू की। तभी तालाब के किनारे शाम लगभग 6 बजे किशोर के कपड़े मिले तो आहर में खोजबीन की तथा किशोर का शव आहर में मिला। लोजपा नेता सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक किशोर मिथिलेश यादव के इकलौता पुत्र था। उसके बाद में पौथु पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना के बाद थाना अध्यक्ष आकाश राज ने अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को अपने कब्जा में लेकर सदर अस्पताल औरंगाबाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं थाना अध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा की राशी दिलवाया जाएगा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है।

## बधार में भैंस चरा रहे मजदूर की मौत, घर में मचा कोहराम



निज संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के घेजना गांव में शनिवार की शाम बधार में भैंस चरा रहे एक मजदूर की मौत हाई टेंशन तार की चपेट में आने से हो गई।सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम को लेकर सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है।ग्रामीण चंदन कुमार, साहुल कुमार एवम ओम दिवाकर ने बताया की रोज की तरह शनिवार की शाम घेजना गांव निवासी परिखा पासवान के 40 वर्षीय पुत्र बिनोद पासवान बधार में भैंस चराने गए थे। जैसे ही आहर के समीप पहुंचे की पूर्व से गिरे हुए है बिजली के हाई टेंशन तार की चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही बिनोद की मौत की खबर पत्नी लालो देवी को मिली।चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया।आसपास के लोग लालो को ढाढस बंधाने में जुटे हुए थे। इधर बेटी कंचन कुमारी व खुशबू कुमारी का रोते रोते हाल बेहाल था।

# बच्चों के विवाद में मारपीट, दस जख्मी, दो की हालत गंभीर, गया रेफर

निज संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)।** बच्चों के विवाद में दो अलग अलग गांव में हुई मारपीट की घटना में दस लोग जख्मी हो गया।सभी को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह में भर्ती कराया गया, जहा के चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज के बाद दो की हालत को गंभीर देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पहली घटना बन्देया थानाक्षेत्र के खड़गपुरा गांव में घटी जहां बच्चो के बिबाद में दो पक्षों में मारपीट की घटना घटी जिसमे प्रथम पक्ष से रणधीर पासवान, अरबिंद पासवान एवम अरुण पासवान जख्मी हुए है। वहीं दूसरे पक्ष से मो निसार व मो समसाद घायल हुए है। जिनका इलाज किया जा रहा है। वहीं दूसरी घटना हमीदनगर गांव की है। जहां मामूली बिबाद में पांच लोग जख्मी हुए है। घायलों में बखोरी विश्वकर्मा व उनकी पत्नी सोभा देवी, पुत्री जूही कुमारी, भाई प्रिंस कुमार एवं मां कुनिम देवी सामिल है।दोनो गांव से अरुण पासवान व जूही कुमारी को रेफर कर दिया गया है।

## सड़क हादसे में एक साल का मासूम सहित चार घायल

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में शुक्रवार की रात सड़क हादसे में एक मासूम समेत चार लोग घायल हो गए। दो बाइक की टक्कर हो गई थी। सभी घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कासमा पुलिस ने इलाज के लिए भेजा। घटना कासमा थाना क्षेत्र के अरथुआ गांव के इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप की है। घायल में सलैया थाना क्षेत्र के बेरी बरई बिगहा निवासी नरेश चौरसिया के पुत्र प्रमोद कुमार चौरसिया, उनकी पत्नी सीमा कुमारी और एक वर्षीय बच्चा है। दूसरी बाइक सवार घायल की पहचान गया जिला के गुरुआ थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी बजरंगी यादव के पुत्र संतोष कुमार हैं। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान डॉक्टर ऐ के केसरी ने बताया कि प्रमोद कुमार चौरसिया ,उनकी पत्नी सीमा कुमारी और उनका बच्चा खतरे से बाहर है। लेकिन संतोष कुमार की स्थिति काफी गंभीर है। सिर में काफी चोटे हैं और कान से ब्लीडिंग हो रहा है। संतोष कुमार को बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर किया गया है। घायल प्रमोद कुमार ने बताया कि हम लोग पूरे परिवार से बाइक से लोहरा गांव से अपने गांव लौट रहे थे। तभी विपरीत दिशा की ओर से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी।

## एक नजर

### चोरी करते दो युवक को पकड़ पुलिस ने भेजा जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद) नि.सं.)।** हसपुरा अमझरशरीफ रोड में स्थित शेरा लॉज में हीरो मोटरसाइकिल के शोरूम के बाहर लगे विज्ञापन बोर्ड को उखाड़ कर शुक्रवार की शाम दो युवकों ने चोरी कर भागने का प्रयास किया,जिसे ग्रामीणों एवं शोरूम के वर्करो द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया एवं हसपुरा थाना को सूचित किया गया। मौके पर पहुँच पुलिस प्रशासन ने दोनों युवकों को पकड़ थाने लाया और पूछताछ किया। थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि एक युवक ने अपना नाम प्रिंस कुमार गाँव भावनगर,थाना दाऊदनगर एवं दूसरे युवक ने अपना नाम मो.अनवर गाँव पीरू बताया। कागजी कानूनी प्रकिया पूरी कर शनिवार को दोनों युवकों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। मामले का अनुसंधान जारी है।

### ई.की बेटी बनी दारोगा किया गया सम्मानित

**हसपुरा (औरंगाबाद) नि.सं.)।** पढ़ लिख कर दारोगा बनी इंजीनियर रामदेव चौधरी के पुत्री सीमा कुमारी शनिवार को हसपुरा पहुँची । क्षेत्र के सिहाड़ी गाँव में अखिल भारतीय पासी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष ललन चौधरी के आवास पर सीमा को बुके व अन्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मिठाई खिलाकर उत्साहित किया । इस मौके पर ललन चौधरी के अलावा कई सामाजसेवी शामिल हुए। कहा कि सीमा की सफलता से सभी को प्रेरणा मिलेगी तथा युवतियाँ सकरात्मक गतिविधियो से जुड़ेंगी। सभी ने कहा कि इस सफलता से हमारे समाज तथा क्षेत्र के युवा व युवतियों में काफी खुशी है। उन्होंने कहा कि पीडित को इन्साफ दिलाने में वर्दी की सबसे खास भूमिका होती है।

### सावन महीने के मद्देनजर बैठक

**दाउदनगर (औरंगाबाद) नि.सं.)।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक महोदया औरंगाबाद के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दाउदनगर के द्वारा आगामी सावन महीने के मद्देनजर देवकुंड में तैयारियों की समीक्षा की गई एवं बैठक किया गया। बैठक में देवकुंड महंत, एसएचओ देवकुंड, सीआई दाउदनगर उपस्थित रहे।

### डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**औरंगाबाद ( का.सं.)।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक महोदया औरंगाबाद एवं जिलाधिकारी के द्वारा औरंगाबाद जिले में बीपीएससी द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा ( टीयर 3 ) के सफल एवं कदाचार मुक्त संचालन के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया गया एवं परीक्षा केंद्र पर तैनात किए गए दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/कर्मी को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

### शहर में चला वाहन जांच

**औरंगाबाद नि.सं.)।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक महोदया औरंगाबाद के निर्देशन में अपराध नियंत्रण, अवैध शराब परिवहन की रोक-थाम, यातायात नियमों का अनुपालन कराने इत्यादि के उद्देश्य से औरंगाबाद पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच किया जा रहा हैं।

### 35 लीटर स्प्रिट जब्त

**औरंगाबाद नि.सं.)।** पुलिस अधीक्षक महोदया औरंगाबाद के निर्देशन में शुकवार की रात्रि में मुफ्फसिल थाना अंतर्गत मोबिल फैक्ट्री के पास से 01 गैलन स्प्रिट कुल-35 लीटर स्प्रिट को जब्त किया गया। संदर्भ मे कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु जागरूकता रैली

**औरंगाबाद नि.सं.)।** पटना( नि. सं. )। नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय नेतृत्व पोषण कार्यक्रम में पीयू के चार शिक्षक भाग लेंगे। इनमें बीएन कॉलेज की डॉली भारती, पटना साइंस कॉलेज के प्रह्लाद कुमार आर्य, पटना कॉलेज से सिद्धार्थ भारद्वाज एवं स्नातकोत्तर विभाग से सुप्रिया कृष्णन शामिल हैं। कुलपति प्रो. अजय कुमार सिंह ने बधाई दी। मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र पीयू के निदेशक अतुल आदित्य पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में प्रबंधन,तकनीक एवं पारस्परिक कौशल को विकसित करने पर बल दिया जाएगा।

## जनता दरबार लगाकर दो मामलों का किया गया निष्पादन



निज संवाददाता

हसपुरा( औरंगाबाद )। हसपुरा थाना परिसर में शनिवार को लगने वाला जनता दरबार दौरान पूर्व के चार मामलो में से हसपुरा अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी ने दो मामलों का निष्पादन किया।

अंचलाधिकारी ने बताया कि पहला मामला हसपुरा डीह निवासी रामप्रवेश राम बनाम बिगन राम पर धारा 126 की कार्रवाई की गई, साथ हीं जमीन की नापी करवाने हेतु अनुरोध किया गया एवं मामले को निष्पादित किया गया, दूसरे मामले में नरसन गांव निवासी दीनानाथ यादव बनाम चांदी गांव निवासी जयप्रकाश यादव को भी जमीन नापी करवाने हेतु अनुरोध किया गया तथा मामले को निष्पादित किया गया। साथ हीं दो अन्य मामलों में अगले तिथि का नोटिस निर्गत किया गया। थानाध्यक्ष नरोत्तम, एस.आई महेंद्र उरांव, अंचल प्रधान सहायक श्लोक कुमार, राजस्व कर्मचारी अभिषेक कुमार उपस्थित थें।

## छात्र-छात्राओं को नए आपराधिक कानूनों की दी गयी जानकारी



निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दाउदनगर के द्वारा इंटर स्कूल दाउदनगर में एक कर्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कर्यक्रम मे सभी छात्र/छात्राओं को नए आपराधिक कानूनों के बारे में बताया गया और खासकर महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े अपराधों के संबध में बताया गया तथा कार्यक्रम के दौरान, छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क की सेवाओं, उनके संपर्क नंबर और आपातकालीन स्थिति में उनसे कैसे संपर्क किया जा सकता है, के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला हेल्प डेस्क के संपर्क नंबर उपलब्ध कराए गए है। जिसे कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में महिलाएं और बच्चे निःसंकोच अपनी समस्या महिला पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष रख कर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकते है।

## नगर थाना प्रभारी को शोकोज

**औरंगाबाद (का.सं.)।** शनिवार को किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह ने दर्जन से अधिक मामलों में कांड दैनिकी और अंतिम रिपोर्ट न आने पर शोकोज किया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नगर थाना कांड संख्या -2 54/20,389/20,246/20,171/19, 810/22,182/19,866/19,455/23 ,513/23,289/23,172/21,173/1 9,485/21,313/22,493/21,213/ 22,385/19,354/21और 335/21 में अभी तक कांड दैनिकी और अंतिम रिपोर्ट समर्पित नहीं किया गया है इस मामले में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-वन में 31/12/23 को पत्र निर्गत किया गया था,स्मार पत्र -31/01/24 को निर्गत किया गया था, प्रतिवेदन प्रस्तुत न होने से बहुत से किशोरों का वाद लम्बित है जो लापरवाही और कर्तव्यहीनता है।

## अश्लील हरकत पर हुई पांच साल की जेल




कर्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शनिवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने गोह थाना कांड संख्या-09/14 में सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए एक मात्र अभियुक्त को सज़ा सुनाई है, स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने कहा कि अभियुक्त उमेश यादव भवानीपुर गोह को 17/07/24 को पोक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था, आज सज़ा के बिन्दु पर अभियुक्त को 08 पोक्सो एक्ट में पांच साल की सजा और दस हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है और 12 पोक्सो एक्ट में तीन साल की सजा और पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया है, दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि दस साल पहले प्राथमिकी सूचक पीड़िता ने 13/01/14 को प्राथमिकी में बतायी थी कि अपनी तीन सहेलियों के साथ घास काटने अपने खेत गई थी घास काट कर लौट रही थी तो अभियुक्त ने दोनों सहेलियो से मारपीट कर पीड़िता के साथ छेड़खानी शुरू कर दिया और नजदीक बगान में ज़बरदस्ती ले जाने लगा पीड़िता चिल्लाने के साथ रोने लगी तब अभियुक्त चुप रहने के धमकी देकर भाग गया, पीड़िता ने आपबीती अपने मां को बताई और न्याय के लिए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## शराब समेत मोटरसाइकिल जब्त

**नवीनगर (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** शनिवार को नबीनगर थाना अंतर्गत ग्राम तोल के पास से एक मोटर साईकिल पर लदे 500 एमएल का 36 पीस कुल-18 लीटर कैन बियर अंग्रेजी शराब के साथ मोटरसाईकिल जब्त किया गया है। नबीनगर थाना कांड संख्या-191/24 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई

**देव (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** शनिवार को देव थाना अंतर्गत से तीन मोटर साईकिल से कुल-65 लीटर देशी महुआ शराब के साथ तीन मोटर साईकिल जप्त/ बरामद किया गया है साथ ही अभियुक्त राजा चौधरी उम्र 25 वर्ष पे० मोहन चौधरी सा० कताकी थाना देव जिला औरंगाबाद को गिरफ्तार किया गया है।

# जिला टास्क फोर्स की बैठक की गई आहूत

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2023-24 अन्तर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई।

प्रखंड वार सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा जिला सहकारिता पदाधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा प्रखंड बार एवं सहकारिता प्रसार पदाधिकारी बार सीएमआर आपूर्ति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उपरोक्त के आलोक में जिला पदाधिकारी के द्वारा नियम अनुसार अग्रेतर कार्रवाई करते हुए सीएमआर (चावल) प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे एवं सभी संबंधी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अपने कार्यभारित समितियां से कुल क्रय के समतुल्य शत–प्रतिशत सीएमआर (चावल) यथाशीघ्र राज्य खाद्य निगम को जमा करना सुनिश्चित करने का दिशा निर्देश दिया गया जहां सीएमआर आपूर्ति कम पाया गया शीघ्र निष्पादित करने का दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद संतन कुमार सिंह सदर डीसीएलआर-सह-डीएसओ स्वेतांक लाल एवं जिलान्तर्गत सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, सहायक महाप्रबंधक (सीएमआर) एवं उसना राईस मिलों के व्यवस्थापक उपस्थित रहें।

## ओबरा का युवक टीवी सीरियल और वेब सीरीज के फलक पर बिखरेगा चमक

**ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड के बिशुनपुरा, सद्दीपुर डिहरी गांव का रहने वाला युवक अब टीवी सीरियल के फलक पर अपनी अदाकारी से चमक बिखरेगा। इसके अलावा एक वेब सीरीज में के लिए भी वे चुने गए हैं। लंबे अर्से से टीवी शो के लिए काम करने वाले राव रणविजय अब जी टीवी के नए टीवी सीरियल प्यार से भरा संसार.. में अपनी अदाकारी दिखाएंगे। उनके पिता एक साधारण किसान हैं वहीं राव रणविजय टीवी सीरियल की दुनिया में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। एक छोटे कस्बे से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने वाले राव रणविजय ने फिल्म व टीवी इंडस्ट्री, मुंबई में मेहनत से आज एक अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनायी है। राव रणविजय ने बताया कि वह इस टीवी शो में मुख्य किरदार की भूमिका में हैं। जी परिवार का हिस्सा बनने से वे उत्साहित हैं। उनके अलावा इसमें इलाक्षी गुप्ता मोरे, अभ्युदय पांडेय, मोहक मोटकर, वेदिका मुंडे, वीरेन जैसे कलाकार हैं। इस शो की चर्चा हिन्दुस्तान में ही नहीं बल्कि हिन्दुस्तान के बाहर कई देशों में हो रही है। इससे संबंधित होर्डिंग/ बैनर बड़े शहरों के साथ कई देशो में भी लगे हैं और इस शो के एड 70 से भी ज्यादा चैनलों पर प्रसारित हो रहे हैं।

# परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन




निज संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** आकांक्षी प्रखंड देव के खरकनी पंचायत के पिपरा गांव में परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत शनिवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। पीरामल फाउंडेशन के आशीष सिंह ने परिवार नियोजन के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने इससे होने वाले फायदे से अवगत कराया। परिवार नियोजन की योजना, गर्भावस्था की योजना, बच्चों के बीच अंतराल रखने के तरीके, सुरक्षित मातृत्व के उपाय आदि की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि परिवार नियोजन जैसे कार्यक्रम स्वास्थ्य सुधार, आर्थिक स्थिरता एवं संपन्नता, संतुलित जनसंख्या, बेहतर शिक्षा, खुशहाल जीवन में सहायक हैं। परिवार नियोजन की स्थाई एवं अस्थाई विधियों एव संसाधनों के बारे में भी जानकारी दी गई। कहा गया कि यदि कोई स्थाई साधन नहीं अपनाना चाहता है तो वह अस्थाई साधन भी अपना सकता है। निरोध, माला एन, छाया, इजी पिल, अंतरा, कॉपर टी और पुरुष नसबंदी एव महिला बंध्याकरण के बारे में लोगों को बताया गया। परिवार नियोजन संसाधन अपनाने से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में भी बताया गया। महिला बंध्याकरण पर दो हजार रुपए और पुरूष बंध्याकरण पर तीन हजार रुपए खर्च होते हैं। परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित करने को लेकर जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर जीविका सीएम एवं जीविकासदस्य, आशाफैसिलिटेटर सुमन पाठक, आशा पार्वती देवी, कृष्णामती देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## आपराधिक कानूनों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निज संवाददाता

**अम्बा (औरंगाबाद)।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक महोदया औरंगाबाद के निर्देशन मे अम्बा थाना के महिला पुलिस पदाधिकारी/ कर्मी के द्वारा अपने थाना क्षेत्र स्थित राजकीय कृत (+2) कन्या विद्यालय अम्बा में एक कर्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कर्यक्रम मे सभी छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क और नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूक किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान, छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क की सेवाओं,उनके संपर्क नंबर और आपातकालीन स्थिति में उनसे कैसे संपर्क किया जा सकता है, के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही, नए आपराधिक कानूनों के बारे में भी बताया गया, जिससे वे अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें। महिला हेल्प डेस्क के संपर्क नंबर उपलब्ध कराए गए है। जिसे कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में महिलाएं और बच्चे निःसंकोच अपनी समस्या महिला पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष रख कर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकते है।

## सुरक्षित शनिवार के तहत ठनका से बचाव को लेकर दी गई जानकारी



निज संवाददाता

**गोह( औरंगाबाद)।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्क्रमित उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बंदेया में सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों को तृतीय सप्ताह के विषय बिंदु में वज्रपात से बचाव की जानकारी दी गई। जिसमें चहक शिक्षक सुनील कुमार प्रजापति ने बताया कि आसमानी बिजली (ठनका)वज्रपात गिरने की घटनाएं घट रही है। इससे बचने के लिए थोड़ी सावधानी बरती जाए तो इसके खतरे से बचा जा सकता है। यदि खुले में हों तो तत्काल किसी पकके मकान की शरण में जाना चाहिए। उंचे वृक्ष भी बिजली को आकर्षित करते हैं उनके नीचे खड़े न हों। जरूरत पड़ने पर उकड़ु मुकड़ु बैठ जाएं, दोनों पैर को आराम से सटा लें दोनों हाथों को घुटने पर रखकर सिर को जमीन के तरफ यथासंभव झुका लें, जिससे सिर बच सकता है। इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षक रोहित कुमार, अजीत कुमार ने बताया कि तालाब और जलाशयों से दूर रहें, मोबाइल, टेलीविज़न, टेलीफोन आदि का उपयोग करने से बचना चाहिए।

## एसपी ने लंबित कांडों का शीर्घ निष्पादन का दिया निर्देश

**औरंगाबाद(का.सं.)।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक महोदया औरंगाबाद के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल सदर-एक का गंभीर लंबित कांडो की समीक्षा अनुसंधानकर्ता के समक्ष किया गया। कांडों में सत्य पाए गए, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया तथा लंबित सभी बिन्दुओं पर कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए, शीघ्र कांड का निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया।

# बारुण प्रखण्ड के पिपरा गांव में दिखा सफेद कौआ



निज संवाददाता

**बारूण (औरंगाबाद)।** जिले के बारुण प्रखण्ड का पिपरा गांव में एक सफेद कौआ देखा गया है। इस कौए को जिसने भी देखा सहसा उसे विश्वास नहीं हुआ। लेकिन जब पास से देखा गया तो वह कौआ ही था। सफ़ेद कौवा यों तो दक्षिण बिहार में कहीं पाया नहीं जाता है। यह कौवा कहां से आया है या किस कारण से सफेद हो गया है सभी जानना चाहते हैं। इस सम्बंध में स्थानीय निवासी और शिक्षक राजा दिलीप सिंह बताते हैं कि यह कौआ पिपरा गांव के पंचायत भवन से लेकर आसपास के चार से पांच किलोमीटर के दायरे में देखा जाता है। इसे कभी कभार ही लोग देख पाते हैं। वह बताते हैं कि जब उन्होंने पहली बार इस सफेद कौवे को दिखा जो कि उनके घर के बाहर ही दाना चुग रहा था। पहले तो उन्हें लगा कि यह कोई दूसरा पक्षी जैसे कबूतर या पंडुक है। कौतूहल बस जब वे पास गए तो उन्होंने देखा कि यह कबूतर नहीं बल्कि कौआ ही है जो की सफेद हो गया है। इसके बाद गांव के कई लोगों ने उसे देखा। कई लोगों को विश्वास नहीं हो रहा था।

वहीं इस संबंध में मिश्रा ज्योतिष केंद्र के प्रमुख ज्योतिषाचार्य और पुरोहित पंडित संतोष कुमार मिश्र ने इसे दैविक चमत्कार बताया। उन्होंने बताया कि दरअसल कौवा पहले सफेद ही होते थे। जो कि एक ऋषि के श्राप के कारण काले पड़ गए हैं। उन्होंने एक पौराणिक कथा बताते हुए कहा कि एक बार एक ऋषि को तपस्या के बाद पता चला कि उत्तर दिशा में एक अमृत सरोवर है। जिसे पता करने के लिए उन्होंने आश्रम के एक कौए को चुना। चूंकि कौआ काफी चालाक और समझदार पक्षी होता है। इसलिए ऋषि ने उसे ही उपयुक्त माना। साथ है उन्होंने हिदायत दी कि उसे अमृत सरोवर में ना ही चोंच डूबोना है ना ही उसे ग्रहण करना है। सीधे पता करके उनके पास वापस आना है। लेकिन जैसे ही कौवे को अमृत सरोवर का पता चला, सबसे पहले भरपेट अमृत पिया। उसके बाद वापस ऋषि के पास लौटा। जब ऋषि ने उसे पूछा तो उसने सब कुछ सत्य सत्य बता दिया कि उसने अमृत का पान कर लिया है। इस पर ऋषि क्रोधित होकर अपने लोटे के जल में उसे डुबोकर श्राप दे दिया। श्राप से लोटे का जल काला पड़ गया था इसलिए कौवे का रंग भी काला पड़ गया। हालांकि कौवा द्वारा क्षमा याचना और प्रायश्चित करने के बाद ऋषि ने कहा कि मैं अपना श्राप तो वापस नहीं ले सकता लेकिन तुम्हें पितृ पक्ष के दौरान पूजा जाएगा। और क्योंकि तुम अमृत का पान कर लिए हो इसलिए कभी भी तुम्हें स्वाभाविक मौत नहीं मिलेगी। हालांकि इस संबंध में विज्ञान की राय अलग है पशु वैज्ञानिक डॉक्टर आलोक कुमार भारती ने बताया कि ऐसे कौवे में मेलानिन नहीं बनने की वजह से उसका पूरा शरीर सफेद हो जाता है। यहां तक पंख और शरीर के अन्य भाग भी सफेद हो जाते हैं, जबकि आंख का रंग पिंक या फिर रेड हो जाता है। ऐसा होना जेनेटिक डिसऑर्डर है जो सफेद कौवा में बचपन से ही होता है। 30 हजार कौओं में से एक ही कौआ उजला होता है। यह एक ल्युसिज्म नाम की बीमारी होती है।

## नव विवाहित दंपत्तियों को मिली 'खुशियों की पोटली'



निज संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** स्वास्थ्य विभाग एवं सीथ्री संस्था के सहयोग से जिले के ओबरा प्रखंड के अमीलौना, रतनपुर पंचायत में आरोग्य केन्द्र पर परिवार नियोजन पखवाड़े के अंतर्गत मुखिया तारकेशवर कुमार एवं मुखिया मंजू देवी के नेतृत्व में घर की दहलीज में रहने वाली नई विवाहित महिलाओं को आशा के सहयोग से इकट्ठा कर परिवार नियोजन विषयों पर जागरूक करते हुए परिवार नियोजन कीट - 'खुशियों की पोटली' का वितरण किया गया। इस दौरान सास को भी बहुओं के स्वास्थ्य का ध्यान, शादी के बाद पहला बच्चा दो साल के बाद, एवं पहले और दूसरे बच्चे के बीच का अंतराल कम से कम तीन साल रखने, मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के साथ ही कई महत्वपूर्ण बातें बताई गईं। मुखिया तारकेशवर कुमार एवं मंजू देवी ने बताया की नव विवाहित दंपतियों को 'खुशियों की पोटली' किट के रूप में खुशियों की सौगात दी गईं है। इस कीट में कंघी, आइना, तौलिया, फोटो फ्रेम, माला, छाया, मैरेज रजिस्ट्रेशन फॉर्म, परिवार नियोजन लीफलेट, के साथ साथ गर्भ निरोधक साधन में कंडोम, दैनिक-साप्ताहिक व आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां दी गईं है। उन्होंने बताया की लगातार बढ़ती जनसंख्या पर रोक हेतु परिवार नियोजन साधनों का उपयोग जरूरी है, इसलिए महिलाओं के साथ पुरुषों को भी जागरूक किया जाना जरूरी है। वार्ड सदस्य माला देवी ने सभी को बधाई दी और सही उम्र में शादी और सोच कर बच्चें पर ध्यान रखने को कहा। सीथ्री के जिला समन्वयक कमलेश राज ने कहा की स्वास्थ्य सम्बन्धित किसी प्रकार की सलाह हेतु नजदीकी क्षेत्र की आशा और एएनएम के आलावा,स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 104 पर भी नवदंपति किसी भी प्रकार की जानकारी कॉल करके प्राप्त कर सकते हैं। परिवार नियोजन के सभी साधन सभी स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आंगनबाड़ी केद्रों पर आयोजित होने वाली ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस /आरोग्य दिवस में निः शुल्क उपलब्ध है।